■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित  www.navbihartime.com  ■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

वर्ष : 35, अंक : 304
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, मंगलवार
8 अप्रैल 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

1801 : रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट में हुई हिंसा में 128 यहूदियों की मौत।
1831 : प्रसिद्ध समाज सुधारक राजा राम मोहन राय इग्लैंड पहुंचे।
1857 : प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम विद्रोह के सिपाही मंगल पांडे को फांसी दी गई।
1929 : क्रांतिकारी भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने दिल्ली असेंबली में बम फेंका।

**संघर्ष करने वाले हर व्यक्ति को यह अधिकार है कि वह स्वयं के संघर्ष की गाथाएं गाकर समाज को प्रेरित करे**

# गंगा में नहाते समय पांच युवक डूबे, तीन की मौत

## शादी समारोह में शामिल होने बाहर से आये थे सभी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना जिले के मोकामा प्रखंड के दरियापुर गांव में रविवार को गंगा नदी में स्नान के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। नदी में नहाने गए पांच युवकों में से तीन की डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान मो. मेराज, मो. इब्राहीम और मो. अमीर के रूप में हुई है, तीनों एक ही परिवार से ताल्लुक रखते थे। परिवार में शादी की तैयारी चल रही थी। दूर-दराज में काम करने वाले ये युवक खासतौर पर समारोह में शामिल होने के लिए अपने गांव लौटे थे। लेकिन खुशियों के बीच अचानक यह हादसा हुआ और पूरे गांव में मातम छा गया। घटना के बाद गांव के स्थानीय गोताखोरों की मदद से तीनों युवकों के शव बरामद कर लिए गए। लेकिन ग्रामीणों में गुस्सा इस बात क ो लेकर है कि इतनी बड़ी और संवेदनशील नदी होने के बावजूद मोकामा में एसडीआरएफ की स्थायी तैनाती नहीं की गई है। हर हादसे के बाद बेगूसराय से टीम बुलानी पड़ती है, जो



अक्सर देर से पहुंचती है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह हादसा गंगा नदी में हो रहे अवैध बालू खनन की वजह से हुआ है। उनका कहना है कि लगातार बालू की अवैध खुदाई से नदी में गहरे गड्ढे बन गए हैं, जो आम नजरों से दिखाई नहीं देते। ऐसे में स्नान करने वाले युवक अचानक गहराई में फंस जाते हैं और डूबने की आशंका बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले एक वर्ष में मोकामा क्षेत्र में अवैध बालू खनन की वजह से डूबकर मरने वालों की संख्या 36 से ज्यादा हो चुकी है। इसके बावजूद प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। हर हादसे के बाद केवल कागजी कार्रवाई होती है, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात जस के तस बने हुए हैं। दरियापुर गांव में इस हादसे के बाद कोहराम मचा हुआ है। हर कोई सदमे में है कि जिन युवकों को कुछ ही घंटों बाद शादी की खुशियों में शामिल होना था, अब उनके घरों में चीख-पुकार मची हुई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि एसडीआरएफ की स्थायी तैनाती मोकामा में की जाए और अवैध बालू खनन पर सख्ती से रोक लगाई जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके।

# एफसीआई केन्द्रों पर उचित तौल एवं त्वरित भुगतान से किसान उत्साहित : डॉ. अजीत कुमार सिन्हा

## भारतीय खाद्य निगम ने गेहूं क्रय केन्द्रों पर किसानों की सुविधा के लिए किये सारे इंतजाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/ बक्सर।** भारतीय खाद्य निगम कार्यकारी निदेशक ने कहा कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत एफसीआई केन्द्रों पर उचित तौल और 48 घंटे के भीतर भुगतान की व्यवस्था से किसानों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि किसानों को गेहूं बेचने के समय बोरे की सुविधा भी एफसीआई द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है जिससे उन्हें अतिरिक्त खर्च नहीं करना पड़ेगा। विदित हो कि भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के कार्यकारी निदेशक डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने सोमवार को रोहतास जिले के कोचस स्थित गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण किया और किसानों के साथ संवाद किया। इस अवसर पर बिहार क्षेत्र के उप-महाप्रबंधक (अधिप्राप्ति) सुशील कुमार सिंह, मंडल कार्यालय बक्सर के मंडल प्रबंधक राजेश सिंह पंगती, अजय कुमार , सहायक महाप्रबंधक (गुणवत्ता नियंत्रण) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। डॉ. सिन्हा ने किसानों को जानकारी दी कि भारत सरकार ने इस वर्ष गेहूं के न्यूनतम



समर्थन मूल्य में 150 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की है। अब किसानों को 2,425 प्रति क्विंटल की दर से गेहूं की खरीद की जा रही है। उन्होंने बताया कि बिहार में एफसीआई द्वारा कुल 151 गेहूं क्रय केंद्र खोले गए हैं जिनमें बक्सर में 7, रोहतास में 10 और कैमूर में 13 केंद्र शामिल हैं। बैठक के दौरान फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन के प्रतिनिधियों से भी संवाद हुआ। डॉ. सिन्हा ने उनसे अपील की कि वे अपने सदस्य किसानों को सरकारी क्रय केंद्रों के माध्यम से एमएसपी पर गेहूं बेचने के लिए प्रेरित करें। कृषि विभाग, बिहार सरकार के डीबीटी पोर्टल पर पंजीकृत किसान नजदीकी गेहूं खरीद केंद्र पर जाकर आसानी से अपना गेहूं बेच सकते हैं और सीधे अपने बैंक खाते में भुगतान प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. सिन्हा ने किसानों को आश्वस्त किया कि खरीद प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और किसानोन्मुखी बनाया गया है। बैठक में मौजूद किसान प्रतिनिधियों ने खरीद प्रक्रिया को लेकर कई सकारात्मक सुझाव दिए जिन पर अधिकारियों ने

**■ एफसीआई केन्द्रों पर उचित तौल और 48 घंटे के भीतर भुगतान की व्यवस्था से किसानों में जबरदस्त उत्साह**

गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया। डॉ. सिन्हा ने कहा कि किसानों की भागीदारी से ही व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा सरकार की नीतियों का लाभ जमीनी स्तर तक पहुंचेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### संदिग्ध स्थिति में शिक्षिका की मौत

**समस्तीपुर (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के समस्तीपुर में प्राथमिक विद्यालय में पदस्थापित एक बीपीएससी शिक्षिका की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। मामला जिले के मोहिउद्दीननगर का है। मृत शिक्षिका रोहतास जिले की रहनेवाली थी। वह यहां अकेले किराए के मकान में रह रही थी। दरअसल मोहिउद्दीननगर के प्राथमिक विद्यालय सर्दभैरों में कार्यरत बीपीएससी शिक्षिका की संदिग्ध स्थिति में रविवार रात मौत हो गई। मृत शिक्षिका की पहचान रोहतास जिले के मोहद्दीगंज गांव निवासी जमुना सिंह की बेटी डिंपल कुमारी (28 वर्ष) के रूप में की गई है। मामले को लेकर मृतका के छोटे भाई राजेश कुमार की मानें तो, ''नौकरी होने के बाद वह मोहिउद्दीननगर में ही एक किराये के मकान में रहती थी। रविवार की रात उसकी तबीयत अचानक खराब होने की सूचना मकान मालिक ने फोन से दिया। जिसके बाद हम यहां पहुंचे तो बहन की हालत काफी खराब थी। आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गयी।

### फ्लाइट में महिला की मौत

**मुंबई (नबिटा ब्यूरो)।** मुंबई से वाराणसी जा रही इंडिगो एयरलाइंस की एक फ्लाइट में 89 साल की महिला की मौत हो गई। इसके बाद विमान की महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि महिला उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर की रहने वाली थी। उनका नाम सुशीला देवी था। वे मुंबई से फ्लाइट में सवार हुई थीं। उड़ान के दौरान उनकी तबीयत खराब हुई। एयरपोर्ट पर मेडिकल टीम ने उनकी जांच की, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**बेतिया (नबिटा ब्यूरो)।** बेतिया के नौतन थाना क्षेत्र के नौतन-मंगलपुर सड़क पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। पेट्रोल पंप के बगल में टेंपो और बोलेरो के बीच जोरदार टक्कर हो गयी। घटना सोमवार दोपहर बाद की बताई गई है। इस हादसे में एक अज्ञात व्यक्ति की मौत और आधा दर्जन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए हैं। हालांकि ग्रामीणों की मानें तो दो लोगों की मौत की चर्चा है। जबकि प्रशासनिक स्तर पर एक ही व्यक्ति की मौत होने की बात बताई जा रही है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी नौतन में भर्ती कराया।

# हेमंत सोरेन से मिले केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सोमवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर सीएम की पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं। रांची के नामकुम स्थित आर्मी ग्राउंड में 19 एवं 20 अप्रैल को विश्वस्तरीय एयर शो का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय वायुसेना की ओर से झारखंड में पहली बार रांची में एयर शो का आयोजन हो रहा है। इस लेकर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले और उन्हें आमंत्रित किया। बता दें कि झारखंड में



भारतीय वायुसेना (एयरफोर्स) का पहला एयर शो राजधानी रांची में आयोजित किया जा रहा है। पिछले दिनों रांची के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री से उनके कार्यालय कक्ष में भारतीय वायुसेना की टीम ने मुलाकात की थी। भारतीय वायुसेना की टीम ने उपायुक्त से रांची में सूर्य किरण एक्रोबैटिक टीम द्वारा किए जानेवाले एयर शो को लेकर जानकारी दी थी और आवश्यक सहयोग देने का आग्रह किया था। डीसी ने टीम को आश्वस्त किया था कि उन्हें जिला प्रशासन हर संभव मदद देगा।

# ससुराल आए व्यक्ति की बेरहमी से हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मधेपुरा।** बिहार के मधेपुरा जिले के बिहारीगंज थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध हालात में सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान बेतिया निवासी भीम कुमार के रूप में हुई है, जो अपने ससुराल बेलाही वार्ड संख्या 8 स्थित मुन्ना मंडल के घर आए हुए थे। घटना रविवार देर रात की बताई जा रही है। भीम कुमार पंजाब में पिकअप चालक के रूप में काम करते थे। कुछ दिन पहले ही उन्होंने एक पुरानी पिकअप खरीदी थी, जिसे लेकर वे बिहार लौटे थे। पत्नी मुन्नी देवी ने बताया कि रविवार रात भीम करौती गांव अपने एक दोस्त से मिलने निकले थे, जिसके बाद उनका मोबाइल बंद हो गया और पूरी रात परिवार उनसे संपर्क करने की कोशिश करता रहा।

# घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में 50 रुपए की बढ़ोत्तरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** आम जनता को महंगाई के मोर्चे पर एक और झटका लगा है। एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतें बढ़ गईं हैं। घरेलू गैस सिलेंडर और उज्जवला योजना के तहत मिलने वाले सिलेंडर पर 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी हुई है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को वितरण कंपनियों की ओर से रसोई गैस या एलपीजी की कीमत में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी किए जाने का एलान किया। मंत्री ने कहा कि उज्ज्वला और सामान्य श्रेणी के ग्राहकों दोनों के लिए गैस की कीमत में इजाफा किया गया है। नई कीमतें मंगलवार से लागू हो जाएंगी। मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा, ''एलपीजी के प्रति सिलेंडर की कीमत में 50 रुपये की वृद्धि होगी। 500 से यह 550 (पीएमयूवाई लाभार्थियों के लिए) हो जाएगी और अन्य के लिए यह 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगी। यह एक ऐसा कदम है जिसकी हम आगे समीक्षा करेंगे। हम हर 2-3 सप्ताह में इसकी समीक्षा करते हैं। इसलिए, आपने जो उत्पाद शुल्क में वृद्धि देखी है, उसका बोझ पेट्रोल और डीजल पर उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ेगा। उस उत्पाद शुल्क वृद्धि का उद्देश्य तेल विपणन कंपनियों को 43,000 करोड़ रुपये की भरपाई करना है। जो उन्हें गैस के कारण नुकसान के रूप में हुआ है...''

# कुल्हाड़ी से काटकर पत्नी की निर्मम हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बगहा।** बिहार के बगहा में एक पति ने अपनी पत्नी की निर्मम हत्या कर दी है। ग्रामीणों का कहना है कि पति ने यह खौफनाक कदम इसलिए उठाया क्योंकि उसे अपनी पत्नी पर शक था। पति को शक था कि पत्नी का किसी अन्य पुरुष के साथ अवैध संबंध है। हालांकि पुलिस अभी हत्या के कारणों का खुलासा करने में जुटी हुई है और आगे की जांच कर रही है। महिला की शादी आज से 20 साल पहले हुई थी और उसके तीन बच्चे हैं। मृतका के भाई ने बताया कि उसकी बहन का पति हमेशा शराब पीता था और उसकी बहन के साथ आए दिन झगड़ा करता रहता था। इसी बीच रविवार की रात बहन के पति ने कुल्हाड़ी से गला काटकर उसकी निर्मम हत्या कर दी और घर छोड़कर फरार हो गया। घटना

**■ अवैध संबंध के शक में पति ने वारदात को दिया अंजाम**

के बाद गांव के लोगों ने महिला के परिजनों को उसके हत्या की सूचना दी। धनहा थानाध्यक्ष धर्मवीर भारती ने बताया कि महिला की शादी साल 2005 में देवीपुर के युवक से हुई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की जांच में जुट गई है। आरोपित युवक घर छोड़कर फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपित जब तक गिरफ्तार नहीं होगा तब तक हत्या के सही कारणों का पता नहीं चल पाएगा। वहीं जिस धारदार हथियार से हत्या की गई है, उसे जब्त कर लिया गया है।

# बाइक सवार दंपति को रौंदा, पति की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** मोतीपुर थाना क्षेत्र के काली मंदिर के समीप रविवार को एक बाइक सवार दंपती को ट्रक ने रौंद दिया। इस घटना में पति की मौके पर ही मौत हो गयी वहीं पत्नी मीना देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। पुलिस ने जख्मी महिला को सीएचसी में भर्ती कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया। मृतक की पहचान मोतीपुर थाना क्षेत्र के कुशाही गांव निवासी 45 वर्षीय पुत्र पवन कुमार श्रीवास्तव के रूप में हुई। बताया गया कि दंपती मोतीपुर बाजार स्थित एक दुकान में काम करते थे। काम से घर लौटने के दौरान रास्ते में पुरानी बाजार गांव के समीप एनएच-27 पर पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक ट्रक ने उन्हें कुचल दिया।

# रिश्वत लेते डाटा एंट्री ऑपरेटर रंगे हाथ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** वैशाली में विजिलेंस की टीम ने रिश्वत लेते एक डाटा एंट्री ऑपरेटर को गिरफ्तार किया है। बिदुपुर अंचल कार्यालय में तैनात ऑपरेटर आदित्य कुमार के पास से 12 हजार रुपए बरामद किए गए हैं। मामला मथुरा पंचायत के पूर्व सरपंच शैलेंद्र सिंह से जुड़ा है। सिंह ने दो जगह की जमीन का दाखिल-खारिज कराने के लिए आवेदन किया था। आदित्य कुमार ने इस काम के लिए 20 हजार रुपए की मांग की। बातचीत के बाद 15 हजार रुपए पर सहमति बनी। इसमें से 12 हजार रुपए पहले और 3 हजार रुपए बाद में देने की बात हुई। शैलेंद्र सिंह ने रिश्वत देने से मना कर विजिलेंस में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद विजिलेंस ने कार्रवाई की योजना बनाई। धावा दल में विजिलेंस डीएसपी विंध्याचल प्रसाद राजन



प्रसाद, सत्येंद्र कुमार और इंस्पेक्टर मुरारी प्रसाद शामिल थे। टीम ने आरोपित को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। निगरानी के अधिकारी विंधाचल प्रसाद ने कहा कि शैलेंद्र कुमार सिंह ने एक आवेदन दिया था। उनका दो जगह जमीन था। उसी के म्युटेशन के लिए डेटा एंट्री ऑपरेटर ने 12 हजार रूपए मांगे थे। मां के नाम पर जमीन था। वो पैसा देना नहीं चाहते थे। इसके लिए


**■ दाखिल-खारिज कराने के नाम पर 20 हजार रू. की मांग की थी**

उन्होंने आवेदन दिया था। आवेदन का सत्यापन कराया गया है। मामला सही पाया गया। निगरानी की टीम ने धावा दल का गठन किया। सोमवार को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तारी हुई है।

# झारखंड में बिहार के मजदूर की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के पदमा में रामनवमी की रात चंपाडीह बगीचे के पास एक मजदूर की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। मृतक प्रवीण कुमार कशेरा (31 वर्ष) पिछले सात साल से रोमी में किराए के मकान में रहकर मजदूरी का काम करता था। वह बिहार लखीसराय का रहने वाला था। मृतक की पत्नी ने स्थानीय ठेकेदार पर हत्या करने का आरोप लगाया है। उसने कहा कि उसके पति नवमी मेला देखने गए थे। इसी दौरान उनकी हत्या कर दी गयी है। मृतक प्रवीण कुमार कशेरा का शव



चंपाडीह बगीचा नहर के पास मिला था। अपराधियों ने उसकी पीठ में गोली मारी थी। मृतक की पत्नी ने बताया कि रामनवमी की रात करीब दस बजे मेला देखने की बात कहकर उसके पति घर से निकले थे। वे स्थानीय ठेकेदार रवि मेहता के पास कई वर्षो से काम करते थे। पैसा बकाया रहने पर उसके पति बार-बार ठेकेदार से पैसा मांगने जाते थे। तब ठेकेदार रवि मेहता गाली-गलौज कर भगा देते थे। घर पर भी आकर धमकी देते थे। उन्हें पूरा शक है कि उन्होंने ही उसके पति की हत्या की है। हत्या की खबर मिलते ही पदमा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव की शिनाख्त की। मौके पर पहुंचे बरही एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने कहा कि युवक की गोली मारकर हत्या की गयी है। हत्या करनेवाले को पकड़ने के लिए एसआईटी का गठन कर दिया गया है। जल्द ही घटना में शामिल सभी आरोपित पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# अंतरजिला ट्रक चोर गिरोह का भंडाफोड़

**छपरा (नबिटा ब्यूरो)।** सारण पुलिस ने अंतरजिला ट्रक चोर गिरोह का भंडाफोड़ कर 9 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण एसपी शिखर चौधरी ने इस बारे में जानकारी दी। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जलालपुर थाना क्षेत्र से चोरी हुई ट्रक के आरोपी मुजफ्फरपुर-हाजीपुर मुख्य मार्ग पर रूप बसंत लाइन होटल के पास आने वाले हैं। एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष टीम ने छापेमारी कर सात आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पता चला कि ट्रक 2 अप्रैल 2025 को जलालपुर से चुराई गई थी।

**आवश्यकता**

सुधा आइसक्रीम सेल्स टीम के एरिया मैनेजर के पद पर युवकों की आवश्यकता है

**कौस्तुभ इंटरप्राइजेज**

(जिला डिस्ट्रीब्यूटर- सुधा आइसक्रीम)




सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार)

मो.- 6206165107

नोटः आइसक्रीम कुल्फी के विभिन्न प्रोडक्ट के लिए दुकानदार बंधु भी संपर्क करें।

# कांग्रेस में हमने सब को हक देने का फैसला किया : राहुल गांधी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को केन्द्र की मोदी सरकार और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर जम कर हमला बोला। पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी और नेहरू जी सच्चाई से मोहब्बत करते थे। भगवान बुद्ध सच्चाई से मोहब्बत करते थे। सच्चाई से दूर नहीं जा सकते थे। गुरु नानक कबीर सच्चाई से मोहब्बत करते थे, लेकिन आजकल हिंदुस्तान में सच बोलना मुश्किल है। राहुल गांधी ने कहा कि महात्मा गांधी ने 'माई एक्सपेरिमेंट्स विथ ट्रुथ' लिखा था। मोदी जी शायद 'माई एक्सपेरिमेंट्स विथ लाइज' लिखे। उन्होंने आर एस एस पर निशाना साधते हुए कहा कि देश के संविधान में सावरकर की सोच नहीं है। इसमें अंबेडकर जी, गांधी जी, नेहरू जी और फुले जी की सोच है। एनडीए के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की तीखी आलोचना करते हुए उन्होंने दूसरे समुदायों के साथ दूसरे दर्जे के नागरिक जैसा व्यवहार करने का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों के लोगों के साथ दूसरे दर्जे के नागरिक जैसा व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि कांग्रेस देश में 50 प्रतिशत आरक्षण के 'नकली अवरोध' को ध्वस्त कर देगी। राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर आरक्षण के मुद्दे पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने देश भर में जाति जनगणना की वकालत की, जो कि इंडिया ब्लॉक की लंबे समय से मांग रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासित तेलंगाना में की गई, ऐसी ही जनगणना देश के विकास मॉडल को बदल देगी। कांग्रेस सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के लाभ के लिए जाति जनगणना के माध्यम से भारत का एक्स-रे करेगी। लेकिन संघ प्रमुख मोहन भागवत कहते हैं कि जातीय गणना नहीं होनी चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि पार्टी में हमने सबको हक देने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि बिहार के नेताओं से हमने स्पष्ट कर दिया है कि आप का काम यहां के गरीब लोगों को प्रतिनिधित्व देने का है। उनके बीच रह कर काम करें। राहुल गांधी ने कहा कि हम दलितों को राजनीति में लाकर बिहार का चेहरा बदलना चाहते हैं।

# राहुल बताएं किसने बिहार के गरीबों व युवाओं को लूटा : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सूबे के स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री व भाजपा के वरीय नेता मंगल पांडेय ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की बेगूसराय पदयात्रा पर कई सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि बिहार में कांग्रेस किनके साथ खड़ी है, यह याद रखना चाहिए। वो राजद के साथ गठबंधन में है। वही राजद जिनके शासनकाल में सबसे ज्यादा बिहार में पलायन हुए और युवा बेरोजगार हुए। राहुल गांधी शायद अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। उन्हें याद कर लेना चाहिए कि जिस राजद की सरकार में हत्या, लूट, डकैती, महिला अत्याचार समेत घोटालों की लंबी फेहरिस्त है। उसी के साथ राहुल की पार्टी का गठजोड़ है। श्री पांडेय ने कहा कि राहुल गांधी बेगूसराय में पदयात्रा के दौरान सफेद टी-शर्ट में आंदोलन का नेतृत्व करते नजर आए। मगर उनके सफेद टी - शर्ट पर बिहार की बर्बादी के निशान हैं। श्री पांडेय ने कहा कि जब बिहार में कांग्रेस हुकूमत में थी तो उसने सिर्फ दंगे भड़काए और भ्रष्टाचार किए। कांग्रेस ने ही भागलपुर के दंगे करवाए थे। देशभर में कांग्रेस जहां शासन में होती है वहां केवल धार्मिक उन्माद होता है। यह उनका पुराना इतिहास रहा है। वहीं लालू यादव का जो 15 साल का जंगलराज था, उसमें कांग्रेस शामिल रही है। इस वजह से कांग्रेस बिहार की बर्बादी की जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। कांग्रेस पार्टी को याद होना चाहिए कि उनके ही शासन में लालू यादव रेल मंत्री थे और नौकरी के बदले जमीन का घोटाला सामने आया जिसके चक्कर में आज पूरा लालू परिवार फंसा है। लालू के इन घोटालों के दाग भी कांग्रेस के ऊपर है। बिहार की बर्बादी में कांग्रेस-राजद बराबर की भागीदार है। कांग्रेस अपनी जिम्मेदारी से कैसे भाग सकती है।

## एक नजर

### राहुल गांधी के बिहार दौरे पर नित्यानंद राय ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने सोमवार को पटना पहुंचते ही लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बिहार दौरे पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। पटना एयरपोर्ट पर मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए नित्यानंद राय कहा कि राहुल गांधी जहां भी जाते हैं अपनी पार्टी का खटिया खड़ा करते हैं। अब बिहार आए हैं, तेजस्वी यादव का खटिया खड़ा करने। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और विपक्षी नेता लगातार देश में संविधान खतरे में होने का झूठा प्रचार कर रहे हैं जबकि हकीकत यह है कि भारत में संविधान पूरी तरह सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि जब से केन्द्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी है, देश में हर चीज सुरक्षित है और तेजी से विकास हो रहा है।

### बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी का आयोजन 12 से

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी के 36वें संस्करण का आयोजन होटल मौर्या में 12 एवं 13 अप्रैल को किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में देश के विभिन्न राज्यों के डिजाइनर कपड़े, ज्वेलरी, घरेलू सजावट, एस्सेसरीज, फुटवेयर्स, फर्निशिंग सहित अन्य उत्पाद उपलब्ध होंगे। इस प्रदर्शनी के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रदर्शनी के आयोजक व बुटिक्स ऑफ इंडिया के संस्थापक संजय अग्रवाल ने बताया कि पटना में फैशन और जीवनशैली के बदलते रुझानों का लाभ उठाने के लिए दो दिवसीय प्रदर्शनी में देश के सभी राज्यों के डिजाइनर ज्वेलरी, कपड़े, घरेलू सजावट उत्पाद, परिधान उपलब्ध होंगे। हमने प्रदर्शनी के इस संस्करण को हमारे आगंतुकों और खरीदारों की मांगों को ध्यान में रखते हुए विशेष रूप से वेडिंग कलेक्शंस की मांग पर ध्यान केंद्रित किया है।

### दामाद की गला दबा कर हत्या

**मसौढ़ी (नबिटा सं.)।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के हांसाडीह गांव से दक्षिण चिमनी भट्ठा के पास एक युवक का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। सूचना मिलते ही मौके पर मसौढ़ी थानाध्यक्ष अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पूरे दल-बल के साथ पहुंच पूरे मामले की छानबीन कर रहे हैं। मृतक की पहचान पालीगंज के मटौढ़ा गांव के रहने वाले अमन राव के पुत्र जयप्रकाश कुमार (25 वर्ष) के रुप हुई है। मृतक राजमिस्त्री का काम करता था। मौके पर एफएसलएल की टीम एवं डॉग स्क्वायड की टीम बुलाई गई है। पूरे मामले की छानबीन चल रही है। सूत्रों की माने तो पहले इसे खिला पिला कर उसे तार से गला दबा कर उसकी हत्या कर भदौरा से लाकर हांसाडीह गांव के दक्षिण दिशा में फेंक दिया। बताया जाता है कि मृतक जयप्रकाश अपनी पत्नी मुस्कान कुमारी के मौसा के घर अखिलेश पासवान के यहां रामनवमी के दिन आया था जहां कल रात में ही खिला पिलाकर हत्या का आरोप लगाया जा रहा है। एक साल पहले ही जयप्रकाश और मुस्कान दोनों ने अंतरजातीय प्रेम विवाह किया था। फिलहाल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नभ वैभव ने बताया कि शव को अपने कब्जे में लेते हुए एफएसलएल की टीम से पूरी जांच करवाई जा रही है। मृतक के परिजनों से भी बातचीत की जा रही है। पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच पड़ताल कर रही है। वहीं पुलिस बहुत जल्द इस घटना का खुलासा करने का दावा कर रही है।

### वार्ड पार्षद प्रतिनिधि संजय का निधन, जताया शोक

**मसौढ़ी (नबिटा सं.)।** नगर परिषद मसौढ़ी के वार्ड संख्या 27 के वार्ड पार्षद उषा देवी के पति संजय कुमार यादव का अचानक हृदय गति रुकने से उनका निधन हो गया। दरअसल बताया जाता है कि उषा देवी पहली बार अपने वार्ड से चुनाव लड़कर वार्ड पार्षद बनी थी जिसमें संजय कुमार की बहुत ही अहम भूमिका रही है। संजय कुमार पिछले कई महीनों से बीमार चल रहे थे, सांस लेने में दिक्कतें आ रही थी जिनका इलाज चल रहा था। ऐसे में अचानक हृदय गति रुकने से निधन हो गया। सूचना मिलते ही नगर परिषद के अध्यक्ष पिंकी देवी, उपमुख्य पार्षद चंद्रकांता कुमार, वार्ड पार्षद शंभू सिंह, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि गुलाब कुमार, विकास कुमार यादव समेत सभी वार्ड पार्षदों ने पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके प्रति श्रद्धांजलि दी।

### भागवत कथा संपन्न, भंडारा का आयोजन

**मसौढ़ी (नबिटा सं.)।** मां भगवती प्राचीन देवी मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का वार्षिकोत्सव महोत्सव के उपलक्ष्य में मसौढ़ी के तारेगना गोला रोड कुम्हार टोली स्थित देवी मंदिर का अखंड कीर्तन सह चार दिवसीय भागवत कथा के अंतिम दिन भव्य भंडारा का आयोजन किया गया जहां पर सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण की। कार्यक्रम के संयोजक धर्मेंद्र कुमार, संजय कुमार आदि ने कहा कि श्री श्री 1008 राजू जी महाराज के द्वारा चार दिवसीय अखंड कीर्तन और भागवत कथा का आयोजन किया गया जहां सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने भागवत कथा सुना और अपने जीवन में भगवान श्री कृष्ण के बताए गए सत्कर्मों पर चलने का प्रेरणा लिया। भागवत कथा के अंतिम दिन श्रोताओं ने अपने जीवन में चलने वाले विभिन्न कठिनाइयां और जीवन की राह जीने के सही तरीकों के बारे में बताया गया। श्री श्री 108 राजू महाराज ने बताया कि भागवत कथा जीवन जीने की राह बताती है। कार्यक्रम में अनिल सिंह, चंदन कुमार, संजय कुमार चंद्रवंशी आदि शामिल रहे।

# अपनी नई पार्टी बनाएंगे शिवदीप लांडे

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच जहां तमाम सियासी दलों ने अपनी कमर कस ली है, वहीं बिहार के सुपर कॉप के रूप में मशहूर रहे पूर्व आईपीएस शिवदीप लांडे भी अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर खास घोषणा करने वाले हैं। मंगलवार को वह इसका खुलासा करेंगे। इसके लिए शिवदीप पांडे ने एक प्रेस कांफ्रेंस में मंगलवार की दोपहर 12 बजे बुलाया है जिसमें वह पॉलिटिकल एजेंडे का खुलासा करेंगे। सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि संभवतः वह बिहार में नई राजनीतिक पार्टी की घोषणा करने वाले हैं। हालांकि अभी इसकी पुष्टि नहीं की गई है।

# एके-47, 43 कारतूस एवं 2 हैंड ग्रेनेड के साथ मुखिया पति गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आरा (भोजपुर)।** भोजपुर पुलिस और एसटीएफ की टीम सोमवार को 2 लाख के इनामी अपराधी बूटन चौधरी को गिरफ्तार करने पहुंची। इससे पहले बूटन फरार हो गया, लेकिन उसका भाई उपेंद्र चौधरी गिरफ्तार हो गया। उपेंद्र बेलाउर पंचायत की मुखिया उर्मिला देवी का पति है। एसटीएफ की टीम ने बूटन चौधरी घर की तलाशी ली। इस दौरान पुलिस ने एके-47, 2 मैगजीन, एके-47 के 43 कारतूस, 2 हैंड ग्रेनेड एवं इंसास राइफल के दो मैगजीन बरामद किया है। बताया जा रहा है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि बूटन घर में छिपा है। इस सूचना पर पुलिस की टीम रेड करने पहुंची थी। मामला उदवंत नगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव का है। गिरफ्तार उपेंद्र चौधरी से पुलिस पूछताछ कर रही है। पता लगाया जा रहा है कि एके-47 और हैंड ग्रेनेड कहां से लाया गया है। साथ ही खुफिया एजेंसियों से भी संपर्क किया गया है, ताकि रैकेट को पकड़ा जा सके। पुलिस ने बताया कि 'बूटन चौधरी बीडीसी सदस्य दीपक साह की हत्या और गोलीबारी समेत अन्य कांडों में फरार चल रहा है। उसके आपराधिक इतिहास को देखते हुए पुलिस मुख्यालय ने दो लाख रुपए का इनाम घोषित किया है। 9 साल पहले भी कुख्यात बूटन चौधरी समेत 5 को एके-47 समेत अन्य हथियारों के साथ गिरफ्तार किया गया था। भोजपुर एसपी राज ने बताया कि 'एसटीएफ और उदवंत नगर थाने की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी। इस सूचना के आधार पर अपराधी बूटन चौधरी के घर पर रेड की गई। इसमें उसके घर से एके-47 बरामद किया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। अक्टूबर 2023 में चांदी थाना क्षेत्र के खनगांव के बालू घाट पर दो पक्षों के बीच गोलीबारी हुई थी। इस गोलीबारी में हर्षित सिंह नामक एक युवक की मौत हो गई थी। वहीं, तीन लोग घायल हो गए थे। इस मामले में बूटन चौधरी, रंजीत चौधरी के अलावा दीपक पांडेय सहित दोनों पक्षों के डेढ़ दर्जन लोगों को नामजद आरोपित बनाया गया था। 28 अप्रैल 2023 के पंचायत चुनाव के दौरान आपसी विवाद में बूटन चौधरी के गुट ने पंचायत समिति सदस्य दीपक कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसमें बूटन चौधरी का नाम सामने आया था।

# वित्तीय वर्ष में 200 मिलियन टन माल लदान करने पर विभागाध्यक्षों के साथ महाप्रबंधक ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की गयी। बैठक में महाप्रबंधक द्वारा पूर्व मध्य रेल द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में 202 मीलियन टन माल लदान कर एक नया कीर्तिमान स्थापित करने पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इसके लिए बधाई दी। बैठक में चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 की कार्ययोजनाओं एवं लक्ष्य पर विस्तृत चर्चा की गयी। महाप्रबंधक ने चालू वित्तीय वर्ष में माल लदान के क्षेत्र में नई उपलब्धि हासिल करने हेतु कार्ययोजना बनाकर उस पर तत्काल अमल करने पर बल दिया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल द्वारा पहली बार 200 मीलियन टन माल लदान किये जाने को यादगार बनाने हेतु महाप्रबंधक द्वारा एक स्मृति चिन्ह भी जारी किया गया। विदित हो कि पूर्व मध्य रेल द्वारा माल ढुलाई के क्षेत्र में भी रिकॉर्ड कायम करते हुए 29 मार्च, 2025 को 200 मीलियन टन माल लदान किया गया जबकि समाप्त हुए वित्तीय 2024-25 के 31 मार्च तक 202.63 मीलियन टन माल ढुलाई कर माल ढुलाई के क्षेत्र में भारतीय रेल के 04 प्रथम क्षेत्रीय रेल में शामिल होने का गौरव हासिल किया गया। इसके साथ ही माल ढुलाई से 26,354 करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ जिससे माल ढुलाई से प्राप्त आय के क्षेत्र में भारतीय रेल में पूर्व मध्य रेल को दूसरा सर्वाधिक आय प्राप्त करने वाला क्षेत्रीय रेल बनने का गौरव हासिल हुआ है।

# मिसेज ग्लोबल बिहार सीजन-11 का क्राउन एवं पोस्टर लांच




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** ब्रांड एनसी एवं नारी नीति फाउंडेशन इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को पटना के आशियाना-दीघा रोड स्थित राउंड द क्लॉक रेस्टोरेंट में मिसेज ग्लोबल बिहार सीजन-11 का क्राउन एवं पोस्टर लॉन्च किया गया। क्राउन व पोस्टर की लॉन्चिंग देश के जाने-माने फैशन डिजाइनर व शो डायरेक्टर नीतीश चंद्रा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में ज्योतिष पंडित श्रीपति त्रिपाठी, डॉक्टर विंदा सिंह, सुषमा साहू, शारदा चंद्रा, दिव्या सिंह, रितेश चौधरी, रितेश सिंह, शिल्पा सिंह, शिल्पी सिंह, डॉक्टर मुक्ता, स्मिता गुप्ता की मौजूदगी रही। शो के बारे में फैशन डिजाइनर व शो डायरेक्टर नीतीश चंद्रा ने बताया कि यह मिसेज ग्लोबल बिहार का ग्यारहवां सीजन है। इस सीजन के लिए देश के विभिन्न प्रांतों में रहने वाली 276 से अधिक महिलाओं ने मिसेज केटेगरी के लिए अपना ऑनलाइन ऑडिशन दिया था जिसमें से हमारे द्वारा टॉप 10 प्रतिभागियों का चयन कर लिया गया है।

# वीआईपी ने ठोंका 60 सीटों पर दावा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बिहार दौरे के बीच महागठबंधन में शामिल मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी ने बिहार की 60 विधानसभा सीटों पर दावा ठोक दिया। इसके साथ ही पार्टी ने अतिपिछड़ा समाज से आने वाले मुकेश सहनी को महागठबंधन की सरकार बनने पर उपमुख्यमंत्री बनाने की मांग उठाई। वीआईपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता देव ज्योति ने कहा है कि पिछले दिनों वीआईपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में 60 सीटों पर चुनाव लड़ने के प्रस्ताव पर मुहर लगी थी। उन्होंने कहा कि पिछड़ा समाज के बेटे तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने और अतिपिछड़ा समाज से आने वाले मुकेश सहनी को डिप्टी सीएम बनाने में किसी को कहीं कोई एतराज नहीं होना चाहिए।

# युगल के जन्मशती वर्ष पर नौ को राष्ट्रीय लघुकथा संगोष्ठी में जुटेंगे शीर्ष लघु कथाकार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा मंच एवं श्री अरविंद महिला कॉलेज स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 9 अप्रैल को स्व. युगल के जन्मशती वर्ष पर आयोजित राष्ट्रीय लघुकथा संगोष्ठी में देश के अनेक शीर्ष लघुकथाकार शिरकत करेंगे। इनमें पंजाब के प्रसिद्ध लघुकथाकार डॉ अशोक भाटिया एवं योगराज प्रभाकर, अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा, महाराष्ट्र के पूर्व कार्यकारी कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह, रांची, झारखंड की सारिका भूषण, चुनार (उत्तर प्रदेश) निवासी अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा मंच के अध्यक्ष डॉ राम दुलार सिंह पराया, जेपी छपरा विवि की पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. अनीता राकेश, नई धारा के संपादक प्रो शिवनारायण, ममता मेहरोत्रा, चितरंजन भारती, राम यतन यादव, अश्विनी कुमार आलोक, विभा रानी श्रीवास्तव, सिद्धेश्वर, प्रभात कुमार धवन, अनिल रश्मि, गार्गी राय, डॉ मनीष कुमार, रजनी प्रभा सहित अनेक चर्चित लघुकथाकार शामिल हैं। संगोष्ठी के मुख्य संयोजक डॉ ध्रुव कुमार ने बताया कि तीन सत्रों में सम्पन्न होने वाली इस एक दिवसीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में युगल पर केन्द्रित पुस्तक 'अंधेरे में गुम आदमी' का लोकार्पण होगा। द्वितीय सत्र में 'हिंदी लघुकथा का समकाल और युगल', 'हिन्दी लघुकथा के विकास में युगल का योगदान' एवं 'युगल का लघुकथा कर्म' सहित अन्य शोध आलेखों की प्रस्तुति होगी। तृतीय सत्र में संगोष्ठी में शामिल रचनाकार अपनी-अपनी लघुकथाओं का पाठ करेंगे। मोहिउद्दीन नगर, समस्तीपुर के चर्चित लघुकथाकार स्व. युगल का जन्म 17 अक्टूबर, 1925 को हुआ था और उन्होंने 1975 से 2015 तक लघुकथा लेखन में अपना योगदान दिया। उनका निधन 28 अगस्त 2016 में हुआ। उनके पांच लघुकथा संग्रह के अतिरिक्त दो उपन्यास, तीन कहानी संग्रह, तीन कविता संग्रह भी प्रकाशित हैं।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सेन्ट्रल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना में संगोष्ठी का आयोजन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सेन्ट्रल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पूमरे, पटना में डा. सुबोध कुमार मिश्रा, चिकित्सा निदेशक के नेतृत्व में जन-जागरूकता के तहत ओ.पी.डी. परिसर में मरीजों एवं उनके परिजनों के बीच महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के देखभाल पर केन्द्रित एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में डा. अरविंद कुमार ओझा, अ.मुख्य स्वास्थ्य निदेशक/शिशु रोग द्वारा समग्र रूप से नवजात शिशु की देखभाल एवं उनसे जुड़ी स्वास्थ्य समस्याएं के बारे में जानकारी दी गई। डा. संध्या किरण, अ.मुख्य स्वास्थ्य निदेशक/सामान्य सह स्त्री रोग विशेषज्ञ के द्वारा गर्भावस्था एवं प्रसव के समय उचित देखभाल एवं समस्याओं का निवारण विषय पर व्याख्यान दिया गया।

# राहुल गांधी के सामने सदाकत आश्रम में भिड़े कांग्रेस कार्यकर्ता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में कांग्रेस को मजबूत करने पहुंचे राहुल गांधी की पार्टी के प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में चल रही बैठक के दौरान कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। तू -तू -मैं-मैं के बाद नौबत मारपीट तक की आ गई। बैठक का उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर रणनीति तय करना था, लेकिन बैठक के दौरान ही विवाद शुरू हो गया जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। राहुल गांधी के सामने ही कांग्रेसी नेताओं के बीच मारपीट शुरू हो गई, पार्टी के नेता एक दूसरे पर लात घूंसे बरसा रहे थे। वहीं मारपीट की घटना से नाराज होकर राहुल गांधी बैठक को अधूरा छोड़कर कार्यालय से चले गए।

# सहकारिता मंत्री करेंगे गुजरात की सहकारी समितियों का निरीक्षण

## गुजरात दौरे पर 8 से 13 अप्रैल तक रहेंगे डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार 8 अप्रैल से 13 अप्रैल तक गुजरात दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे गुजरात के प्रसिद्ध सहकारिता मॉडल का गहन अध्ययन करेंगे और वहां की प्रमुख सहकारी समितियों की कार्यप्रणाली का निरीक्षण करेंगे। डॉ. प्रेम कुमार अपने दौरे की शुरुआत आनंद से करेंगे जहां वे विश्वविख्यात आनंद दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति (अमूल) का भ्रमण करेंगे। इसके बाद वे अहमदाबाद, राजकोट सहित अन्य स्थानों पर स्थित सहकारी समितियों द्वारा किए गए नवाचारों और कार्यों का अध्ययन करेंगे। दौरे के दौरान सहकारिता मंत्री गुजरात की सहकारी व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों और विशेषज्ञों से मुलाकात कर बिहार में सहकारिता क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए आवश्यक अनुभव व जानकारी प्राप्त करेंगे। अपने सरकारी कार्यक्रमों के साथ ही डॉ. प्रेम कुमार स्टैचू ऑफ यूनिटी, द्वारका और नागेश्वर धाम जैसे धार्मिक व सांस्कृतिक स्थलों का भी दर्शन करेंगे। सहकारिता मंत्री का यह दौरा बिहार में सहकारी संस्थाओं को अधिक सशक्त और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# दिवंगत विधायक चितरंजन शर्मा के शोकाकुल परिवार से मिले स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** भाजपा के पूर्व विधायक रहे दिवंगत चितरंजन शर्मा के धनरूआ के नीमा आवास पर मिलने शोकाकुल परिवार से स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे पहुंचे जहां दिवंगत विधायक की पत्नी प्रियंका कुमारी उनके बच्चों से मुलाकात कर यथासंभव मदद करने का भरोसा जताया। चितरंजन शर्मा ब्लड कैंसर से पीड़ित थे। बीते 26 मार्च को हैदराबाद में एक क्लीनिक में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया था जिसको लेकर भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं ने उनके घर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। ऐसे में मंगल पांडे भी उनके परिवार वालों से मुलाकात की है। स्थानीय लोगों ने प्रियंका कुमारी के परिवार वालों को सुरक्षा को लेकर हाउस गार्ड देने की मांग की है।

# मां वैष्णो देवी सेवा समिति ने किया भजन संध्या का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** मां वैष्णो देवी सेवा समिति की ओर से मां ब्लड सेंटर के तीसरे तल्ले पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसमें श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और भक्तिभाव से भाग लिया। कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित संस्थाओं और कलाकारों की उपस्थिति रही। श्रीश्री श्याम मंडल, श्री श्याम सेवा ट्रस्ट, श्री श्री बालाजी सुंदरकांड समिति, श्री खाटू श्याम सेना समिति और एकादशी निशान पूजन समिति सहित अन्य धार्मिक संगठनों ने इस आयोजन को भव्य बनाने में भूमिका निभाई। वहीं भजन संध्या में रौशन झुमरी, संध्या टेकरीवाल, करिश्मा शर्मा, सुनीता जोशी, कोमल देवड़ा, रेखा मोहिनी बंसल, पूनम मोर, संजू अग्रवाल, रीमा सिंह, अर्चना टिबरेवाल और साकेत अग्रवाल जैसे नामचीन कलाकारों ने अपने सुरीले स्वर में माता रानी के भजनों की प्रस्तुति दी। श्रद्धालुओं ने मंत्रमुग्ध होकर इन मधुर भजनों का आनंद लिया और भक्ति रस में सराबोर हो गए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कन्हैया अग्रवाल कन्नू, मुकेश हिसारिया, जय प्रकाश अमिताभ, संजय तोतला, नंद किशोर अग्रवाल, जितेंद्र कुमार जीतू समेत कई सदस्यों ने योगदान दिया।

# इएसआइसी औषधालय द्वारा जागरूकता सत्र का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के कार्यालयों द्वारा इन दिनों आमजन तक योजना की जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से लगातार जागरूकता सत्र का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में इएसआइसी औषधालय सह शाखा कार्यालय दरभंगा एवं मुजफ्फरपुर द्वारा कल्याण ज्वेलर्स और रिलायंस स्टोर में बीमित कर्मचारियों को जानकारी दिया गया। जागरूकता सत्र में वहां कार्यरत कर्मचारियों को इएसआइसी द्वारा प्रदान की जा रही सामाजिक सुरक्षा योजना से अवगत कराते हुए चिकित्सा और नकद हितलाभ को लेकर जागरूक किया गया। बीमारी की स्थिति में कैशलेस इलाज प्राप्त कर पाने के मध्यम में व किसी दुर्घटना के कारण, बीमारी या मातृत्व अवकाश पर रहने की स्थिति में वेतन नुकसान के कारण इएसआइसी द्वारा दी जाने वाली नकद हितलाभ के बारे में अवगत कराया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक और अन्य कर्मी शामिल रहे। कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के प्रावधान वैसे संस्थान जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हों उन पर लागू होता है और इसके अंतर्गत उन कर्मचारियों के परिवार के आश्रित सदस्यों के साथ पूर्ण चिकित्सा सुविधा तथा नकद हितलाभ प्रदान करते हुए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है।

# रामनवमी पर नगर में निकला भव्य जुलूस, जय श्री राम के नारे लगे







**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव रामनवमी को लेकर रविवार की शाम शहर में रामजी की निकली सवारी रामजी की लीला है न्यारी से गुंजायमान हुए। शहर के विभिन्न अखाड़ा के द्वारा गाजे-बाजे व जय श्रीराम बजरंग बली के जयकारे के साथ राम भक्तों ने अस्त्र-शस्त्र और ढोल ताशा का पूजन करते हुए हनुमान जी धुन पर वादन बजाया। राम भक्तों द्वारा नवमी का जुलूस निकाला गया जहां जुलूस में हो रहे जयकारे से पूरा वातावरण राम मय हो गया। शहर तथा कई गांवों में निकले अखाड़ा जुलूस में हजारों श्रद्धालु उमड़ पड़े। अखाड़ा जुलूस में ओम शिव शक्ति मंदिर बारह पत्थर सह अखाड़ा समिति, बजरंग दल, जय भवानी दुर्गा कमेटी चौधरी मुहल्ला, शिवगंज पूजा समिति, छात्र नवयुवक संघ अंबेडकर नगर, एनीकट दुर्गा मंदिर, तारबंगला दुर्गा द्वारा शहर में भव्य शोभायात्रा के साथ अखाड़ा व जुलूस निकाला गया। देर रात तक मुख्य बाजार स्थित हनुमान मानस मंदिर स्थित पहुंचा जहां सभी जगहों से आए हुए अखाड़ा झंडा जुलूस मिलान कराया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता मुन्नालाल कसेरा के नेतृत्व में हनुमान मंदिर के पास शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को शरबत पानी की व्यवस्था की गई। नगर भाजपा उत्तरी के अध्यक्ष सुनीता कुमारी ने कन्या पूजन किया। स्टेशन रोड से अमित पटेल ने शोभा यात्रा निकाली। सभी श्रद्धालुओं को सामाजिक कार्यकर्ता अख्तर अंसारी पानी वाले ने पानी का बोतल वितरण किया। शोभा यात्रा में गुड्डू चन्द्रवंशी, राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह, जोखन चन्द्रवंशी, पूर्व विधायक प्रदीप जोशी, ज्योति रश्मि, वार्ड पार्षद, समाजसेवी, सामाजिक कार्यकर्ता, विभिन्न दलों के नेता शामिल रहे। शोभा यात्रा में झांकियां निकाली गई। शोभा यात्रा में डीसीएलआर अभिषेक कुमार, पुलिस निरीक्षक सह डिहरी थानाध्यक्ष शिवेन्द्र कुमार, बीडीओ अजीत कुमार, सीओ संजय कुमार गश्त लगाते रहे। मेडिकल टीम भी तैनात रही।

एसपी रौशन कुमार ने जिले में रामनवमी पर्व को लेकर सभी को ढेर सारी शुभकामनाएं दी। कहा कि आप सभी सम्मानित जिले वासियों के द्वारा प्रशासन के गाइडलाइन के नियमों का पालन करते हुए पारंपरिक तरीके से पूरे रीति-रिवाज के साथ रामनवमी पर्व का आयोजन किए जाने को लेकर जिला पुलिस प्रशासन आपको धन्यवाद देता है।

## आरपीएफ ने चलाया यात्रियों के बीच जागरूकता अभियान




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** यात्रियों की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए रेलवे स्टेशन डिहरी ऑन सोन पर एवं ट्रेनों में निरीक्षक प्रभारी रामविलास राम के नेतृत्व में आरपीएफ डिहरी ऑन सोन के सहायक उप निरीक्षक मनोज कुमार चौधरी, सहायक उप निरीक्षक सरोज कुमार, प्रधान आरक्षी रामचंद्र यादव, आरक्षी रामाशीष कुमार के द्वारा यात्रियों के बीच जाकर जागरूकता अभियान चलाकर यात्रियों को निम्नलिखित बातों से अवगत कराते हुए जागरूक किया गया। यदि रेल में यात्रा करने के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या होने पर रेलवे हेल्पलाइन नंबर-139 पर संपर्क करने, बिना किसी उचित कारण के ए.सी.पी. न करने, चलती ट्रेन पर पत्थरबाजी न करने, ट्रैक पर खड़े होकर सेल्फी न लेने, रेल लाइन पार न करने एवं रेल पटरी के किनारे से आवागमन न करने, यात्रा के दौरान अनजान व्यक्तियों से ज्यादा मेलजोल न बढ़ाने, एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए पैदल ऊपर गामी पुल का इस्तेमाल करने को लेकर जागरूक किया गया।

## अद्वैतानंद जी महाराज की जयंती धूमधाम से मनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** रामनवमी के शुभ अवसर पर रोहतास गढ़ पहाड़ी जंगल में स्थित ऐतिहासिक गुफा जो जोगिया मान गुफा के नाम से प्रसिद्ध है। पवित्र तपस्थली पर भक्तों ने परमहंस दयाल स्वामी अद्वैतानंद जी महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई और आरती पूजन अर्चन किया। यों तो परमहंस दयाल जी की जयंती रामनवमी को देश-विदेश में मनाई ही जाती है किंतु इस पवित्र गुफा पर यह प्रथम उत्सव है जो सौभाग्यपूर्ण, आनंददायी और ऐतिहासिक है। यह अत्यंत ही दुर्गम मार्ग, सघन और भीषण पहाड़ी वाला स्थान है। यह कार्यक्रम ब्रह्म विद्यालय एवं आश्रम छोटका राजपुर के स्वामी जी महाराज की आज्ञा व कृपा से ही संभव हुआ है। इस प्रोग्राम में अवधविहारी मितवा, सुनील कु. सिंह, मनोज वर्मा, गप्पू स्वर्णकार, मोहन प्रसाद, शुभम सिंह निवासी बलिया, उ.प्र. तथा ओमप्रकाश, मनोज कुमार निवासी लिलारी, रोहतास एवं अवधेश यादव, श्रवण कुमार, पृथ्वी उरांव आदि स्थानीय भक्तगण शामिल हुए।

## भूमि विवाद में ग्रामीणों ने की हस्तक्षेप की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नौहट्टा प्रखंड के परक्षा गांव के रहने वाले ग्रामीणों ने डीएम को एक आवेदन देकर भूमि विवाद के मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। ग्रामीण रामजीत महतो, सुनील प्रजापति, विजय प्रजापति और द्वारिका यादव ने कहा है कि सासाराम के एडीजी कोर्ट में 30 वर्षों से 5 एकड़ से ज्यादा भूमि का मुकदमा चल रहा है। आवेदकों का कहना है कि रैयतों के पास कब्जा के साथ-साथ केवाला और अन्य कागजात मौजूद है। आरोप है कि 70 साल से खेती कर रहे भोला प्रजापति की भूमि में लगी फसल को दबंगों ने नष्ट कर दिया। आवेदकों ने वन विभाग के वरीय पदाधिकारियों और स्थानीय दबंगों पर न्यायालय के आदेश की अवहेलना का आरोप लगाया है।

## संपत्ति विवाद में मारपीट

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** स्थानीय पानी टंकी सुनील कुमार ने संपत्ति बंटवारा को लेकर भाई चिंटू पाल व अन्य ने पिटाई कर दिया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अखण्ड हरि कीर्तन के साथ श्री राम जन्मोत्सव संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** अनुमंडल क्षेत्र के प्रखंड तिलौथू ग्राम सरैया में श्री राम नवमी महोत्सव के पावन अवसर पर विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर रविवार को संध्या 6 बजे से 12 घंटे का अखण्ड हरि कीर्तन का शानदार कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ों महिला-पुरुष, बच्चे-बच्चियों ने संगीतमय राम नाम का हरि कीर्तन किया। कार्यक्रम की शुरुआत महिलाओं और बच्चियों के द्वारा की गई जिन्होंने राम नाम की मधुर धुनों पर झूमते हुए संकीर्तन किया। रात्रि 11 बजे के बाद युवाओं ने हरि कीर्तन की कमान संभाली और पूरे वातावरण को राम नाम की गूंज से महकाया। युवाओं ने संगीतमय धुन पर भक्ति भाव से संकीर्तन किया, जिससे स्थल पर उमड़ती भीड़ मंत्रमुग्ध हो गई और भक्तिभाव से झूमने लगी। पूरे कार्यक्रम के दौरान दर्शन और पूजा का भव्य आयोजन किया गया। रातभर संकीर्तन के साथ-साथ राम नाम की गूंज से वातावरण पवित्र और आनंदमय रहा। इस अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भोजन का आनंद लिया और राम धुन पर झूमते हुए नृत्य किया। अखण्ड हरि कीर्तन का समापन प्रातः 6 बजकर 30 मिनट पर हवन और पूर्णाहुति के साथ बड़े ही श्रद्धाभाव और कुशलता पूर्वक संपन्न हुआ।

**इस अवसर पर आयोजन समिति के प्रमुख सदस्य ने जताया आभार**

समिति के संयोजक हंसराज कुमार ने सभी सनातनी समाज को साधुवाद देते हुए इस पावन आयोजन में सहयोग के लिए बधाई दी। वहीं समिति के सचिव और मुखिया संजय चौधरी ने प्रखंडवासियों को आयोजन में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और आगामी वर्षों में भी इसी प्रकार के सहयोग की अपेक्षा जताई। समिति के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के अनुमोदन धारी उपमुखिया अमित कुमार गुप्ता ने इस विराट आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सनातन समाज, समर्पित कार्यकर्ताओं, पुलिस प्रशासन और पत्रकार बंधुओं का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस भव्य आयोजन में विजय कुमार, भोला, रितेश, जेपी, अभय, उमेश, राहुल, रोहित, अजीत, पवन, नीतीश, सुमित, अंकित, रवि, संजीव, सोनू, अमन, अभिषेक, धनंजय इलू सहित दर्जनों श्रद्धालु और समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित रहे। यह पावन आयोजन न केवल धार्मिक श्रद्धा का प्रतीक रहा, बल्कि समाजिक एकता और भक्ति के भाव को भी प्रगाढ़ किया।

## दरिहट में रामनवमी पर्व पर भव्य शोभायात्रा एवं झांकी निकाली गई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अकोढ़ी गोला।** डिहरी प्रखंड अंतर्गत आदर्श ग्राम दरिहट में रामनवमी पर्व को लेकर रविवार की संध्या में मां विंध्यवासिनी मंदिर, शिव मंदिर पश्चिम टोला से धूमधाम के साथ श्री राम शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान घोड़े के साथ बैंड बाजा व लाउडस्पीकर के साथ हाथ में भगवा ध्वज लिए एवं लहराते हुए जय श्री राम के नारे लगाते हुए भव्य शोभायात्रा व झांकी निकाली गई। शोभायात्रा यात्रा मां विंध्यवासिनी से निकलकर मां काली मंदिर गया वहां से मुख्य सड़क होते हुए धरहरा गया पुनः मुख्य मुख्य सड़क होते हुए आयरकोठा गया जहां देर रात को समापन किया गया। शोभा यात्रा का आयोजन बजरंग दल दरिहट, रामनवमी पूजा समिति, पश्चिम टोला के सदस्यों ने किया। रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष अमित कुमार साह ने बताया कि बीते कई वर्षों से श्री राम जी की झांकी यात्रा निकाली जा रही है, इसमें पूरे गांव के लोगों का सहयोग रहता है। शोभायात्रा में रथ पर विराजमान श्री राम लक्ष्मण सीता सहित वीर हनुमान, यज्ञशाला में ऋषि मुनी यज्ञ करते हुए राधे कृष्णा का सुंदर नृत्य, शिव तांडव, अशोक वाटिका में मां सीता, लव कुश सहित अन्य प्रकार की मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र बना रहा। शोभायात्रा में जमकर आतिशबाजी किया गया। विधि व्यवस्था को लेकर मजिस्ट्रेट के रूप में बीपीआरओ अकोढ़ी गोला, आयरकोठा थानाध्यक्ष कुसुम कुमार केसरी, दरिहट थानाध्यक्ष कुमारी नेहा सिन्हा, अपर थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद सिंह, एस आई राबिया हुस्ना, कुन्दन कुमार, प्रदीप कुमार सिंह, हरेंद्र ठाकुर, एएसआई जन्मेजय गुप्ता, नीरज कुमार, संजीव कुमार सहित भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहे। शोभायात्रा के दौरान कमेटी के सदस्य मनीष कुमार, प्रभात कुमार, लाला जी अभिनंदन कुमार, मुन्ना वार्ड सदस्य सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इसी संदर्भ में सोमवार की देर शाम अकोढी गोला में भी श्री राम शोभायात्रा शांति पूर्ण संपन्न हुआ। श्री राम जी की झांकी यात्रा राजपुर रोड, आयर कोठा रोड, चांदी रोड, डिहरी रोड में ले जाया गया। इस दौरान भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। वहीं जगह-जगह पर पुलिस बल मौजूद रही। बजरंग दल के कार्यकर्ता विकास कुमार गुप्ता ने प्रशासन को धन्यवाद देते हुए आम लोगों एवं ग्रामीणों को भी धन्यवाद दिया कि आप लोगों के सहयोग से ही यह श्री राम यात्रा शांति पूर्ण संपन्न हुआ।

## यूपी के नौबतपुर में सड़क हादसा, कैमूर के दो युवकों की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुर्गावती।** उत्तर प्रदेश के चंदौली जनपद के सैयदराजा थाना क्षेत्र के जीटी रोड नौबतपुर में रविवार की रात हुए सड़क हादसे में कैमूर जिले दुर्गावती प्रखण्ड के मंसूरपुर व चैनपुर थाना क्षेत्र के मझोई गांव के बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। युवक मजदूरी कर बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए राजकीय जिला अस्पताल चंदौली ले गई। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मंसूरपुर गांव निवासी रमेश राम का पुत्र सुजीत कुमार उम्र 22 वर्ष व चैनपुर थाना क्षेत्र के रामजी राम का पुत्र राजेन्द्र राम उम्र 25 वर्ष मजदूरी कर बाइक से अपने घर के लिए लौट रहे थे जैसे ही बाइक सवार दोनों युवक नौबतपुर के पास पहुंचे अज्ञात वाहन रौंदते हुए भाग निकला। इस हादसे में दोनों युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची सैयदराजा थाने की पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए राजकीय जिला अस्पताल चंदौली ले गई। पुलिस ने जब घटना की जानकारी परिजनों की दी तब परिजन भी वहां पहुंचे। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। गांव में मातमी सन्नाटा छा गया। इस हादसे में मृत सुजीत कुमार का तिलकोत्सव 12 अप्रैल 2025 को था। खुशी का माहौल पल भर में ही गम में बदल गया। घर में तिलकोत्सव की तैयारी चल रही थी।

## बदमाशों ने जीपीएस मशीन तोड़ पिकअप वैन चुरायी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरुआ थाना के बिरंचीपर स्थित राधे श्याम नगर मोहल्ला से रविवार की रात अज्ञात बदमाशों ने एक पिकअप वैन की चोरी कर ली। चोरी की पूरी वारदात आसपास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। इस बाबत पिकअप वैन के मालिक जहानाबाद जिले के घोसी थाना के उबेर निवासी संजय कुमार के पुत्र राजू कुमार ने बताया कि वह स्थानीय कृष्णापुरी मोहल्ला निवासी मनोज कुमार के मकान में किराए पर रहता है। रविवार की रात रोज की तरह वह अपना पिकअप वैन राधे श्याम नगर मोहल्ला में लगाया था। उसका आरोप है कि बदमाशों ने रविवार की रात 12 : 44 बजे पिकअप में लगे जीपीएस मशीन को तोड़ दिया और पिकअप वैन लेकर वहां से फरार हो गए। इस संबंध में गाड़ी मालिक राजू कुमार ने धनरुआ थाना में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। इधर पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## रंगदारी की प्राथमिकी

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना के बारह पत्थर निवासी अशोक कुमार ने औद्योगिक क्षेत्र स्थित कारखाने में पहुंच कर एक लाख रुपए रंगदारी मांगने की प्राथमिकी कराया है। इस संबंध में संतोष पांडेय समेत तीन लोगों पर नामजद प्राथमिकी किया गया है।

## अधिवक्ता ने निधन पर जिला जज के कक्ष में शोक सभा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनुराग कैमूर भभुआ के प्रकोष्ठ में जिला जज की अध्यक्षता में अधिवक्ता स्वर्गीय मोहम्मद मुस्लिम अंसारी के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें न्यायिक पदाधिकारी एवं अधिवक्तागण ने मृत अधिवक्ता की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। अधिवक्ता मोहम्मद मुस्लिम अंसारी का निधन 30 मार्च 2025 को रात्रि 10:00 बजे उनके निवास स्थान भभुआ वार्ड नंबर 22 थाना भभुआ जिला कैमूर में तबीयत स्वस्थ रहने के कारण हो गया था। उनके निधन पर 2 अप्रैल 2025 को जिलाअधिवक्ता संघ भभुआ कैमूर के सभागार में शोक सभा का आयोजन किया गया था। उस दिन अधिवक्ता न्यायिक कार्य नहीं किए थे। शोक सभा में एडीजे बजिंदरपाल, अजीत कुमार मिश्रा, आशुतोष कुमार सिंह, विनय प्रकाश तिवारी, योगेश शरण त्रिपाठी, संघ के अध्यक्ष रविंद्र नाथ चौबे, महासचिव मंटू पाण्डेय, रवि कुमार सिन्हा, अनिल कुमार, लल्लन जी पाण्डेय, रमन जी पाण्डेय, निसार अंसारी, सच्चिदानंद राय, महेंद्र तिवारी, अतुल तिवारी, आदित्य नारायण प्रसाद, अजीत कुमार श्रीवास्तव दाऊजी सिंह, आदित्य सिंह, दीनानाथ सिंह, ऋषभ कुमार मौर्य, राकेश तिवारी, राम अवतार तिवारी, अशोक राय, विनय सिंह, सुदामा प्रसाद, शशि कुमार, धर्मेंद्र त्रिपाठी, श्यामानंद उपाध्याय, मनीष कुमार ओझा, पंकज कुमार पाण्डेय सहित काफी संख्या में अधिवक्ता गण उपस्थित थे।

## काम में कोताही बर्दाश्त नहीं, फोकस जनता पर हो : डीएम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर के जिलाधिकारी सावन कुमार ने सभी महकमों के अफसरों से कहा है कि काम में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनहित के कामों को समय सीमा में प्राथमिकता के आधार पर करें। डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभागार में सोमवार को सभी विभागों की जिला स्तरीय समन्वय एवं समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति, विभागीय कार्यों की स्थिति और जनहित से जुड़ी समस्याओं की समीक्षा की गई। डीएम ने विकास योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन, विभागीय समन्वय को और मजबूत करना, जनसेवा में पारदर्शिता और प्रभावशीलता बढ़ाना और शिकायत निवारण तंत्र को सक्रिय करना आदि बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी और जनता से जुड़ी हर योजना को प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित किया जाए।

## पियक्कड़ों के खिलाफ चला अभियान, तीन धराए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** स्थानीय पुलिस ने क्षेत्र के पियक्कड़ों के खिलाफ गिरफ्तारी अभियान चलाया जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के तीन शराबी धराये। धराए शराबियों का कुदरा सरकारी अस्पताल में मेडिकल जांच के बाद सोमवार को भभुआ न्यायालय भेज दिया गया। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि धराए पियक्कड़ों में जहानाबाद के मनीष कुमार सिंह सत्येंद्र सिंह, रोहतास जिला के करगहर थाना के बड़की खड़ाडी निवासी तेजू चौधरी पिता विनय चौधरी व बक्सर जिला के बघेल थाना के पखहरा निवासी विनोद यादव पिता रामेश्वर यादव शामिल हैं।

**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।**

**अल्पकालीन निविदा संख्या– 01/भ0प्र0 औरंगाबाद/2025–26**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :–दिनांक 03.04.2025
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :–दिनांक 21.04.2025 को अपराहन 1:00 बजे तक.
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :–दिनांक 22.04.2025 को अपराहन 3:00 बजे तक.
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक 22.04.2025 को अपराहन 3:30 बजे
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन प्रमंडल, औरंगाबाद
   (ख) सहायक अभियंता का कार्यालय भवन अवर प्र0सं0–1 औरंगाबाद।
   (ग) सहायक अभियंता का कार्यालय भवन अवर प्र0सं0–2 औरंगाबाद।
   (घ) अधीक्षण अभियतां का कार्यालय भवन अंचल गया।
7. निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान क्रमांक 6 के अनुसार
8. कार्य विवरणी:–

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | औरंगाबाद एवं दाउदनगर अवस्थित विभिन्न कार्यालयों एवं प्रषासनिक पदाधिकारियों के आवासीय परिसर में कराये जाने वाले दैनिक जलापूर्ती एवं स्वच्छता अधिष्ठापन का कार्य | 4.95 | 10000.00 | 750.00 | 15 मार्च 2026 तक |
| 3 | व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद एवं दाउदनगर में गैर आवासीय एवं न्यायिक आवासीय भवनों में प्रतिदिन कराए जाने वाले दैनिक जलापूर्ती एवं स्वच्छता अधिष्ठापन का कार्य | 3.75 | 7500.00 | 750.00 | 15 मार्च 2026 तक |
| | कुल | 8.70 लाख | | | |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
PR- 00389 ( B C D ) 2025-26

कार्यपालक, अभियंता
भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

## कैमूर में रामनवमी पर्व शांतिपूर्वक संपन्न, प्रशासन ने दिया धन्यवाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भभुआ।** रामनवमी पर कैमूर जिले में शांति, सद्भाव और आपसी भाईचारे का अद्भुत उदाहरण देखने को मिला। इस अवसर को सफलतापूर्वक और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कैमूर जिला प्रशासन ने समस्त जिलेवासियों को दिल से साधुवाद एवं धन्यवाद दिया। प्रेस को जारी बयान में कहा गया है कि विशेष रूप से उन सभी दंडाधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों का हार्दिक आभार, जिन्होंने कड़ी मेहनत, सजगता और प्रतिबद्धता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। साथ ही हम प्रेस एवं मीडिया के सभी साथियों का भी धन्यवाद करते हैं जिन्होंने तत्परता से विधि-व्यवस्था को प्राथमिकता दी और जनता को सटीक जानकारी पहुंचाई। उधर,भगवान श्रीराम के अनेक रूपों की पूजा में लीन भक्तों की आस्था देखते ही बन रही थी। इस पावन पर्व पर किसी भी श्रद्धालु को कोई असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क था। ड्रोन और सीसीटीवी के माध्यम से शहर की निगरानी की जा रही थी, साथ ही सादे लिवास में पुलिसकर्मी भी भीड़ में मौजूद थे। ताकि शांति और व्यवस्था बनी रहे।

## आदमापुर गांव में नल जल उपचार प्लांट हेतु भूमि की मापी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत अमाव पंचायत के अदमापुर गांव में नल जल उपचार प्लांट के लिए सोमवार को डीआरडीए डायरेक्टर प्रीतम आनन्द, डीसी नरेंद्र कुमार एवं बीडियो रविन्दर कुमार के उपस्थिति में अंचल अमीन श्वेता सिंह के द्वारा चिन्हित किया गया। बीडीओ श्री कुमार ने बताया कि चिन्हित भूमि को देखने के लिए राज्य स्तरीय टीम पटना से आ रही है। राज्य स्तरीय टीम के अग्रेतर कार्यवाई के बाद नल जल उपचार प्लांट का निर्माण कराया जाएगा। गौरतलब है कि राज्य में मात्र नव जिले में नल जल उपचार प्लांट का निर्माण के लिए चयन किया गया है। दो करोड़ के लागत से निर्माण कराया जायेगा जो कैमूर जिला में प्रखंड क्षेत्र के आमाव पंचायत के अदमापुर गांव में भूमि चिन्हित किया गया है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि संजय राम ग्रामीण जनता सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को मंत्री ने सौंपी चाबी और स्वीकृति पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के बेन प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत चयनित लाभुकों को पूर्ण आवास की चाबी और नए लाभुकों को आवास स्वीकृति पत्र अपने करकमलों से प्रदान किए। इस अवसर पर मंत्री श्री कुमार ने लाभुक पुष्पा कुमारी (बेन), पुष्पलता कुमारी (रन्नूविगहा), उमा देवी (माड़ी आँट), छोटू राम (हरिओमपुर, नोहसा) और उर्मिला देवी (नोहसा) को नवनिर्मित आवासों की चाबी सौंपी। इसके साथ ही बेन प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के कई लाभुकों को आवास स्वीकृति आदेश की प्रति दी गई। सभा को संबोधित करते हुए मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत लाभुकों को 1.20 लाख की सहायता राशि तीन किश्तों में दी जाती है, जिसमें 60 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार और 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार वहन करती है। उन्होंने जानकारी दी कि इससे पूर्व 24 मार्च 2025 को ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में 5,295 लाभार्थियों को प्रथम किश्त के रूप में 40,000 प्रति व्यक्ति की दर से 301.18 करोड़ की राशि का भुगतान किया गया था। मंत्री ने यह भी बताया कि बिहार सरकार ने पात्र लेकिन अब तक वंचित लाभुकों के लिए प्रतीक्षा सूची में नाम जोड़ने हेतु सर्वेक्षण अवधि को 30 अप्रैल



2025 तक बढ़ा दिया है, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति पक्के मकान से वंचित न रहे। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं केंद्र सरकार के मार्गदर्शन का हवाला देते हुए कहा कि इस योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर जदयू के बेन प्रखंड अध्यक्ष अरविंद पटेल, लक्ष्मण प्रसाद, अविनाश सिंह, विजया सिंह, जीतू मांझी, रामाधीन मांझी, मुन्ना मांझी, जितेंद्र सिंह, टुनटुन सिंह, सुधीर प्रसाद, कलीम अख्तर, लुन्नू कुमार, शैलेन्द्र पाल, धुरी मांझी, राजकिशोर प्रसाद, शोनम सोनाली सहित बड़ी संख्या में आम जनता एवं मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

## श्रमजीवी ट्रेन से गिरकर अधेड़ व्यक्ति की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** वेना थाना क्षेत्र के धमौली रेल फाटक के पास सोमवार को ट्रेन से गिरकर एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के संबंध में वेना थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि बख्तियारपुर राजगीर रेल खंड पर धमौली रेल फाटक के पास नई दिल्ली से राजगीर जाने वाली श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर एक अधिक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक व्यक्ति की उम्र लगभग 50 से 55 वर्ष बताया जा रहा है। श्रमजीवी एक्सप्रेस नई दिल्ली से राजगीर जा रहा था। घटना की जानकारी रेल थाना पुलिस को दी गई। रेल थाना पुलिस ने रेलवे ट्रैक से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल बिहार शरीफ भेज दिए। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

# उपमुख्यमंत्री ने श्रीबाबू की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया नमन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नरहट (नवादा)।** सिरदला प्रखण्ड के लौन्द गांव में प्रस्तावित यात्रा के दौरान बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी खनवां गांव पहुचे। खनवां में बिहार केसरी डॉ श्रीकृष्ण सिंह के जन्मस्थली में बने उनके प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान साथ चल रहे पूर्व विधायक अनिल सिंह एवं एनडीए के कई नेताओं ने श्रीबाबू के प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री को फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों ने कहा कि यह अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय है कि आज आप अपनी प्रस्तावित लौन्द यात्रा के क्रम में आधुनिक बिहार के शिल्पी, भारत रत्न डॉ. श्रीकृष्ण सिंह जी की जन्मभूमि खनवां में अवस्थित उनके गर्भगृह पर माल्यार्पण करने पधार रहे हैं। यह आपकी श्रीबाबू के प्रति आस्था एवं सम्मान का सशक्त प्रतीक है।



आपकी इस ऐतिहासिक उपस्थिति के अवसर पर खनवां एवं आसपास के क्षेत्र की जनता कुछ महत्वपूर्ण स्थानीय विकास संबंधी मांगों को आपके संज्ञान में लाना चाहती है। ग्रामीणों ने बताया कि राजकीय पॉलिटेक्निक नवादा वर्तमान में खनवां में अवस्थित है, परंतु नाम 'नवादा' होने के कारण छात्र पहले नवादा नगर पहुँचते हैं, जिससे उन्हें भ्रम और असुविधा होती है। साथ ही, श्रीबाबू की जन्मभूमि में स्थित होकर भी संस्थान का उनसे नाम न जुड़ना अत्यंत खेदजनक है। अनुरोध है कि इसका नाम डॉ. श्रीकृष्ण सिंह राजकीय पॉलिटेक्निक खनवां, नवादा किया जाए। दूसरी मांग खनवां स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का नाम डॉ. श्री कृष्ण सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खनवां रखा जाए, ताकि उनके योगदान को यथोचित सम्मान मिल सके। ग्रामीणों ने तीसरा मांग में बताया कि खनवां एक बड़ा पंचायत है तथा आसपास के कई गांवों के लिए शैक्षणिक केंद्र भी। परंतु डिग्री कॉलेज न होने से युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए दूरस्थ क्षेत्रों में जाना पड़ता है। हमारी वर्षों पुरानी मांग है कि खनवां में एक डिग्री कॉलेज की स्थापना की जाय। चौथी मांग यह क्षेत्र मुख्यतः कृषि आधारित है एवं गन्ना सहित अन्य विविध फसलों का उत्पादन होता है। परंतु अब तक आधुनिक/नवाचार खेती की कोई वैज्ञानिक प्रणाली यहाँ नहीं विकसित हो सकी है। ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि खनवां अथवा समीपवर्ती क्षेत्र में एक कृषि नवाचार केंद्र की स्थापना हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाय।

# जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा रजौली

## हजारों रामभक्तों की उमड़ी भीड़, युवाओं और मातृशक्ति की रही अद्भुत भागीदारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर रजौली मुख्यालय स्थित राज शिवालय मंदिर से भव्य शोभायात्रा धूमधाम और शांतिपूर्ण ढंग से निकाली गई। शोभायात्रा की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के उपाध्यक्ष मनीष सिंह एवं बजरंग दल के प्रखंड संयोजक पिंटू वर्मा ने संयुक्त रूप से की। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में नवयुवक-युवतियां और रामभक्तों ने भाग लिया। जय श्रीराम के जयघोष से पूरा वातावरण गूंज उठा। भक्तगण भक्ति गीतों और भांगड़ा की ताल पर थिरकते नज़र आए। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान और भारत माता की आकर्षक झांकियां निकाली



गईं, जिन्हें बाल कलाकारों ने जीवंत किया। मातृशक्ति की विशेष भागीदारी रही। इस वर्ष की शोभायात्रा में खुशबू वर्मा, तान्या गुप्ता, पवानी कुमारी, अनीता देवी एवं आरती देवी समेत सैकड़ों महिलाएं भगवा ध्वज और तिरंगा लेकर शोभायात्रा में शामिल हुईं। देवी शक्ति के रूप में महिला सहभागिता ने आयोजन को भव्यता प्रदान की। शोभायात्रा राज शिवालय मंदिर से प्रारंभ होकर संगत मोड़, थाना, ड्योढ़ी, बजरंगबली चौक, बाईपास, पुरानी बस स्टैंड, जगजीवन नगर होते हुए वापस मंदिर परिसर में संपन्न हुई। कार्यक्रम के दौरान एडीएम नवादा चंद्रशेखर आज़ाद, बीडीओ संजीव झा, सीओ मो. गुफरान मजहरी, थानाध्यक्ष राजेश कुमार, महिला डेस्क प्रभारी एसआई पिंकी कुमारी सहित स्वाट बल और बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

मुख्य अतिथियों में नवादा से पूर्व बजरंग दल संयोजक जितेंद्र प्रताप जीतू, नालंदा से बिनय ठाकरे, राजकुमार गुप्ता एवं सुबोध लाल शामिल हुए, जिनका पारंपरिक अंगवस्त्र और पगड़ी से स्वागत किया गया।

नगर पंचायत प्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिनमें प्रमोद सिंह, संतोष वर्मा, गौरव शांडिल्य, संजय सिंह अधिवक्ता, दीपक रजक, संदीप कुमार, अनुज एयरटेल, आशीष भदानी सहित हजारों रामभक्त मौजूद थे।

## 9 अप्रैल को 90 मिनट तक गूंजेगा नवकार महामंत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** सकल दिगंबर जैन समाज नवादा के द्वारा आगामी 9 अप्रैल दिन बुधवार को जैन धर्मशाला नवादा में नवकार महामंत्र दिवस मनाया जाएगा। इस दिन सुबह 8:01 से 9:36 तक णमोकार मंत्र का जाप किया जाएगा। भारत सहित दुनिया के 108 देश में लाखों जैनी एक साथ जाप तथा अनुष्ठान करेंगे। नवकार महामंत्र दिवस मनाने का उद्देश्य विश्व कल्याण की कामना करना है। नवकार जैन धर्म का महामंत्र है। ऐसा माना जाता है कि इस मंत्र के लगातार जाप करने से हर मनोकामना पूर्ण होती है। यह एक अनादि निधन मंत्र है। यह सूचना जैन समाज नवादा के अध्यक्ष राजेश कुमार जैन एवं सचिव मनोज कुमार जैन के द्वारा प्राप्त हुई है।

# फसल अवशेष प्रबंधन के लिए किसानों और आम लोगों को करें जागरूक : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में फसल अवशेष प्रबंधन हेतु अंतर्विभागीय कार्य समूह की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि फसलों के अवशेष को खेतों में न जलाने तथा इससे होने वाले नुकसान के प्रति किसानों एवं आमजन को जागरूक करने हेतु कार्य समूह का गठन किया गया है। इस कार्य समूह में जिलाधिकारी अध्यक्ष तथा संबंधित पदाधिकारी सदस्य के रूप में शामिल हैं। साथ ही, उन्होंने विषय-वस्तु की विस्तृत जानकारी भी दी। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने फसल अवशेषों के प्रभावी प्रबंधन के लिए विचार-विमर्श किया तथा संबंधित योजनाओं पर चर्चा की। बैठक के दौरान, जिलाधिकारी ने फसल अवशेष जलाने से उत्पन्न प्रदूषण और पर्यावरणीय दुष्प्रभावों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने किसानों को जागरूक करने तथा फसल अवशेषों के निस्तारण हेतु प्रभावी उपाय लागू करने की आवश्यकता पर बल दिया। जिलाधिकारी ने जिला जन सम्पर्क कार्यालय को निर्देशित किया कि फसल अवशेष प्रबंधन के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु होर्डिंग/फ्लैक्स के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराया जाए। साथ ही, उन्होंने कहा कि इस विषय पर पर्याप्त संख्या में पंपलेट छपवाकर शिक्षा विभाग को उपलब्ध कराए जाएं, जिन्हें सभी विद्यालयों में चेतना सत्र के दौरान पढ़ाया जाए और विद्यार्थियों के बीच जानकारी दी जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि फसल अवशेष न जलाने के विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता, चित्रकला आदि कार्यक्रमों का आयोजन स्कूलों में किया जाए। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि वर्ष 2024-25 में अब तक कुल 60 फायर प्वाइंट प्राप्त हुए हैं, जिनकी जांच कृषि समन्वयकों द्वारा की गई है। साथ ही, डीबीटी पोर्टल पर 3 वर्षों के लिए 46 किसानों का पंजीकरण रद्द किया गया है। बैठक में कृषि, पर्यावरण, जिला परिषद, तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने अपनी-अपनी योजनाओं व कार्यों की जानकारी दी और फसल अवशेषों को जलाने के स्थान पर उनके उपयोग हेतु जैविक खाद निर्माण, पुआल समतलीकरण तथा अन्य पर्यावरणीय तकनीकों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे आपसी समन्वय से एक प्रभावी कार्य योजना तैयार करें।

# मतदान एवं मतगणना प्रक्रिया हेतु निषेधाज्ञा लागू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश के आलोक में अनुमंडल दंडाधिकारी, नवादा सदर अखिलेश कुमार द्वारा नवादा सदर अनुमंडल के जमुआवां पटवासराय पैक्स निर्वाचन 2025 हेतु 9 अप्रैल 2025 को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के अंतर्गत मतदान एवं मतगणना कार्य को शांतिपूर्ण वातावरण में एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखते हुए संपन्न कराने हेतु निषेधाज्ञा आदेश जारी किया गया है। ज्ञात हो कि नवादा जिला अंतर्गत जमुआवाँ पटवासराय पैक्स, प्रखंड नवादा सदर के मतदान का समय प्रातः 07:00 बजे से अपराह्न 04:30 बजे तक निर्धारित है। मतदान समाप्ति के तुरंत पश्चात नवादा प्रखंड कार्यालय में मतगणना




का कार्य किया जाएगा। अनुमंडल दंडाधिकारी, नवादा सदर ने बताया कि मतदान केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार की जुलूस, नारेबाजी या सार्वजनिक सभा की अनुमति नहीं होगी। वाहनों एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही, इस क्षेत्र में आग्नेयास्त्र, तीर-धनुष, लाठी-भाला, ईंट-पत्थर एवं अन्य किसी भी प्रकार के घातक हथियारों के साथ प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि मतदान प्रक्रिया में किसी प्रकार की अशांति या विघ्न डालने वाली गतिविधियों को रोकने के लिए कठोर कदम उठाए जाएंगे। सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित गश्त कर यह सुनिश्चित करें कि मतदान के दिन किसी प्रकार की विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो। यह आदेश उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध बीएनएसएस की धारा 163 एवं अन्य संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों पर लागू नहीं होगा, जो कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। नवादा जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से सहयोग की अपील की है ताकि मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

# नवादा में रामनवमी शोभायात्रा आज, प्रशासन चौकस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** नगर क्षेत्र में मंगलवार को रामनवमी पर्व के अवसर पर शोभा यात्रा एवं जुलूस निकाला जाएगा। इस अवसर पर अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा गाजे-बाजे के साथ जुलूस एवं झांकियां निकाली जाएंगी। मुख्य रूप से यह जुलूस सद्भावना चौक से प्रारंभ होकर रजौली बस स्टैंड, बुन्देलखंड ओपी होते हुए मस्तानगंज मंदिर तक जाएगी और पुनः उसी मार्ग से लौटेगी। शोभा यात्रा, जुलूस एवं झांकियों को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों पर वरीय पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिला पदाधिकारी, रवि प्रकाश द्वारा सभी सेक्टर एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में चिन्हित संवेदनशील स्थलों एवं छतों पर प्रतिनियुक्त कर्मियों की नियमित रूप से जांच करते रहें। शोभा यात्रा के दौरान ड्रोन कैमरे के माध्यम से मार्ग एवं घरों की छतों पर भी निगरानी रखी जाएगी। असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाएगी। जिला पदाधिकारी ने निर्देशित किया है कि जुलूस समाप्ति के पश्चात भी सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी तब तक अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर बने रहेंगे, जब तक स्थिति पूर्णतः सामान्य नहीं हो जाती।

# उपमुख्यमंत्री ने दर्जनों नेताओं को दिलाई भाजपा की सदस्यता

डॉ पंकज कुमार सिन्हा/नबिटा ब्यूरो

**नवादा।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सोमवार को हिसुआ के पूर्व भाजपा विधायक अनिल सिंह के आवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने औपचारिक मुलाकात के बाद विभिन्न दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं को भाजपा की सदस्यता दिलायी। इस मौके पर उन्होंने नए कार्यकर्ताओं को भगवा गमछा देकर पार्टी में स्वागत किया। इसके पूर्व विधायक आवास पहुंचते हीं कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक अनिल सिंह के नेतृत्व में बुके एवं माल्यार्पण कर अभिनंदन किया साथ हीं जिंदाबाद के नारे लगाएं। उन्होंने स्थानीय पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा आगामी 2025 हम एनडीए गठबंधन सीएम नीतिश कुमार के नेतृत्व में लड़ेगी और बिहार में एनडीए की सरकार होगी। वर्ष 2005 के पहले का बिहार और



आज 2025 का बिहार का अंतर साफ नजर आ रहा है, पहले का बिहार अराजकता बढ़ा बिहार, लूटता हुआ बिहार और पिछड़ा बिहार था आज बिहार में विकास की गति मिला है। नवादा जैसे शहर में मेडिकल कॉलेज देने का काम किया है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा अब एक दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा, एक आंदोलन और राष्ट्र निर्माण की प्रतिबद्धता का नाम बन चुकी है। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हमेशा हर परिस्थिति में देश और समाज की सेवा की है, चाहे वह चुनावी मैदान हो, आपदा की घड़ी हो या फिर जनसेवा के अभियान। उन्होंने कहा कि आज भाजपा की पहचान केवल राजनीति से नहीं, बल्कि जन-आंदोलन और जनसरोकार से जुड़ी हुई भावना से होती है। यही कारण है कि भाजपा देश ही नहीं, दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी बन चुकी है। जनसेवा और राष्ट्रनिर्माण है।

मौके पर पूर्व विधायक अनिल सिंह, वारिसलीगंज विधायक अरुणा देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता, जदयू जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार विद्यार्थी, पूर्व विधायक कन्हैया रजवार, जिला पार्षद बसंती देवी, हिसुआ व्यापार मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत ऊर्फ बिगन सिंह,पवन कुमार गुप्ता सहित हजारों कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# 251 महिला श्रद्धालुओं ने निकाली कलश शोभायात्रा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** रहुई प्रखंड क्षेत्र के पतासंग पंचायत के धमासंग गांव में तीन दिवसीय भक्ति अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम को लेकर पहले दिन सोमवार की सुबह में गाजे बाजे के साथ कलश शोभायात्रा निकाला गया। आयोजन करता मुखिया प्रतिनिधि ललिंदर पासवान समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने बताया कि गांव की सुख समृद्धि एवं शांति को लेकर गांव में स्थित देवी स्थान मंदिर में तीन दिवसीय भक्ति अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें पहले दिन 251 महिला श्रद्धालुओं के द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकाला गया। कलश शोभा यात्रा कादी बीघा स्थित काली मंदिर के परागण में तालाब से कलश में जल भरने के बाद माथे पर कलश लेकर पूरा क्षेत्र भ्रमण करते हुए



पुनः मंदिर परिसर पहुंचा जहां कलश को स्थापित की गई। वहीं पंडितों द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद मंगलवार की सुबह से 24 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू होगा। अखंड कीर्तन समाप्त होने के बाद बुधवार को भंडारा का आयोजन किया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने बताया कि समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से पिछले 7 वर्षों से लगातार यह भक्ति अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मुखिया प्रतिनिधि ललिंदर पासवान के द्वारा कलश कलश यात्रा में शामिल होने वाले सभी महिला श्रद्धालुओं को मिठाई का वितरण भी किया गया। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर को रंग बिरंगी लाइट एवं फूल मालाओं से सजा दी गई है। इस कार्यक्रम में मुखिया रंजन कुमार, बिट्टू कुमार, वीरेंद्र कुमार, रविंद्र यादव, जमींदार यादव, अर्जुन राम, शैलेश, मुकेश, चंदन, सुजीत, लाली, अरुण समेत समस्त ग्राम वासियों का भरपूर सहयोग है।

# 29 फरार अपराधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक, अभिनव धीमान ने बताया कि 5 अप्रैल 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, हत्या के प्रयास में 4, मद्य निषेध में 7 एवं अन्य गिरफ्तारी 18 कुल 29 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 802 लीटर महुआ शराब एवं 0.37 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। वाहन जांच के क्रम में कुल 300 वाहनों की जांच की गयी है एवं जुर्माने की कुल राशि 1 लाख 32 हजार 500 रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत मोटरसाईकिल 05 एवं कार 01



बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक, ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है।

# एसडीएम की उपस्थिति में हुआ फसल जांच कटनी प्रयोग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** राजकीय बीज गुणन प्रक्षेत्र गिरियक में फसल जांच कटनी प्रयोग गेहूं एसडीएम राजगीर ओमकेश्वर कुमार की नेतृत्व में संपादित किया गया। आज इस कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी राजगीर के नेतृत्व में 5 मीटर चैड़ाई एवं 10 मीटर लंबाई 50 स्क्वायर मीटर में जांच प्रयोग संपादित किया गया। जिसमें कृषि निदेशालय के मुख्यालय से नामित पदाधिकारी सरफराज असगर उपनिदेशक बीज विश्लेषण एवं रोहित रंजन सहायक निदेशक सूचना के साथ-साथ जिले के सभी वरीय कृषि पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रक्षेत्र में कुल 4.5 हेक्टेयर में गेहूं आधार बीज उत्पादन कार्यक्रम का संचालन किया जाता




है जिसे बिहार राज्य बीज निगम के प्रोसेसिंग प्लांट में प्रोसेसिंग व पैकेजिंग के उपरांत अगले फसल सीजन में राज्य के किसानों को अनुदानित दर पर उपलब्ध कराया जाता है। प्रक्षेत्र में कुल तीन कटनी प्रयोग का औसत उपज 9 किलो 760 ग्राम प्राप्त हुआ। जिसका अनुमानित उत्पादन 19.52 क्विंटल प्रति हेक्टेयर रहा। कार्यक्रम में अनुमंडल कृषि पदाधिकारी राजगीर राजेश कुमार, सहायक निदेशक शस्य प्रक्षेत्र विजेश कुमार, सहायक निदेशक पौधा संरक्षण संतोष कुमार, सहायक निदेशक शस्य भूमि संरक्षण अजीत प्रकाश, सहायक निदेशक उद्यान राकेश कुमार, सहायक निदेशक रसायन दुर्गा रंजन, जिला कृषि विपणन पदाधिकारी सह उपपरियोजना निदेशक आत्मा नालंदा अविनाश कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुखदेव मेहता, प्रक्षेत्र प्रभारी तकी अहमद सहित गिरियक प्रखंड के सभी कृषि कर्मी उपस्थित रहे।

# भाजपा स्थापना दिवस पर नवादा में इतिहास प्रदर्शनी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सोमवार को जिला कार्यालय, नवादा में भाजपा स्थापना दिवस साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत इतिहास प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल मेहता ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री सह स्थापना दिवस प्रभारी अरविंद गुप्ता ने किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष भारतेंदु मिश्रा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने पार्टी के इतिहास, विचारधारा और महापुरुषों के योगदान को दर्शाती विभिन्न झलकियों का अवलोकन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे,



जिन्होंने भारतेंदु मिश्रा के साथ प्रदर्शनी का भ्रमण किया। प्रदेश अध्यक्ष भारतेंदु मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, भारतीय जनता पार्टी की नींव 1980 में अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में रखी गई थी। यह एक बीज के रूप में बोई गई थी जो अब एक वटवृक्ष बन चुकी है। स्थापना दिवस पर पार्टी द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करना हम सभी कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है। उन्होंने आगे कहा कि हर कार्यकर्ता को अपने घर पर भाजपा का झंडा लगाना है और उसकी तस्वीर सोशल मीडिया व 'सरल ऐप' पर अपलोड करनी है। 'गांव चलो अभियान' के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनहित में किए गए कार्यों को गांव-गांव तक पहुंचाना है।इस मौके पर जिला अध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि, पार्टी द्वारा निर्धारित सभी कार्यक्रम नवादा जिले में पूरी निष्ठा से संपन्न किए जाएंगे। स्थापना दिवस हो या आंबेडकर जयंती, प्रत्येक मंडल में भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिलामंत्री विजय पांडेय, जिला उपाध्यक्ष बिनोद कुमार भोली, नीतू गुप्ता, तेजस सिन्हा, मुकेश कुमार, उपेंद्र चंद्रवंशी, ज्योति सिंह, भाजपा नेत्री विनीता मेहता, भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभिजीत सिन्हा, मंडल अध्यक्ष हर्षिकेश महतो, अभिमन्यु सिंह, अंकित विश्वकर्मा, राहुल सिन्हा, तरुण राजवंशी, अजीत शंकर, हिमांशु कुमार, चंदन राजवंशी समेत कई कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मैट्रिक में कम अंक आने से आहत छात्रा ने की खुदकुशी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** चंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत सतबहरी गांव में मैट्रिक परीक्षा में कम अंक आने से आहत एक छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका गुंजन मालाकार की पुत्री कंचन कुमारी थी। किशोरी ने 2025 की मैट्रिक परीक्षा में तृतीय श्रेणी आया था। भाई रोहित कुमार ने बताया कि परीक्षा के परिणाम आने के बाद पड़ोसियों द्वारा भी ताना मारा जा रहा था, इससे वह अत्यधिक तनाव में थी। सोमवार की सुबह वह घर का सारा काम करने के बाद पूजा-अर्चना की और फिर अपने कमरे में चली गई। जब काफी देर तक वह बाहर नहीं आई तो मां उसे बुलाने पहुंचे, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। शक होने पर दरवाजा तोड़ा गया, तो वह पंखे से फंदे पर लटकी हुई थी।

# अग्निकांड पीड़ित परिवार की मदद को बढ़े समाजसेवी, बच्चों के इलाज का उठाया जिम्मा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा थाना क्षेत्र के बड़ी घोसी गांव में शुक्रवार को हुए भीषण अग्निकांड से पीड़ित परिवार की मदद के लिए समाजसेवियों और संगठनों ने दिल खोलकर सहयोग करना शुरू कर दिया है। इस अग्निकांड में डोमन पांडेय के घर में खाना बनाते समय आग लग गई थी, जिसमें उनका संपूर्ण घर जलकर खाक हो गया और सात माह की बच्ची व आठ साल का बेटा गंभीर रूप से झुलस गए। आर्थिक तंगी के कारण परिजन दोनों बच्चों को इलाज के लिए पटना पीएमसीएच ले गए थे, लेकिन पैसे की कमी के चलते इलाज बीच में ही छोड़कर बच्चों को वापस घर ले आए। समुचित उपचार नहीं मिलने से बच्चों की हालत लगातार बिगड़ती जा रही थी। स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के बीच जब यह खबर समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई, तब सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं संगठनों ने मानवीय पहल करते हुए पीड़ित परिवार की मदद को हाथ बढ़ाया। सोमवार को मुख्य पार्षद धनंजय कुमार, युवा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष विकास कुमार, और आरएसएस से जुड़े कार्यकर्ता पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। नवजात बच्ची की स्थिति देख सभी भावुक हो उठे। समाजसेवियों ने पीड़ित परिवार को 23,000 नगद सहायता, खाद्य सामग्री, और दोनों बच्चों के संपूर्ण इलाज की जिम्मेदारी लेने की घोषणा की। इन समाजसेवियों ने प्रशासन से मांग की कि पीड़ित परिवार को आपदा राहत मद से मुआवजा दिया जाए तथा बच्चों के इलाज की समुचित व्यवस्था की जाए। मुख्य पार्षद धनंजय कुमार, युवा जदयू अध्यक्ष विकास कुमार, रूपेश पटेल, संजय गराई, कृष्णा भारती, सुधांशु कुमार, आरएसएस के संजीव कुमार, सुब्रत हलदर, राजीव कुमार, पप्पू वर्मा, गोपाल जी, राहुल कुमार, प्रमोद कुमार, बबलू कुमार, राजेश कुमार, पंकज पांडेय, मदन पांडेय समेत दर्जनों लोग शामिल रहे।

# भाजपा केवल दल नहीं, राष्ट्रनिर्माण का आंदोलन : डॉ. प्रेम कुमार




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भारतीय जनता पार्टी के गया विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय कार्यकर्ताओं का एक भव्य सम्मेलन आज गया के चांदचौरा स्थित कुंज बिहारी सभागार में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा गया पूर्वी के जिलाध्यक्ष विजय मांझी ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. प्रेम कुमार उपस्थित रहे।
सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने भाजपा की विचारधारा, संगठन की शक्ति और कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा एक विचारधारा है, जो राष्ट्रभक्ति की भावना से जन्मी है। इसका गठन 6 अप्रैल 1980 को हुआ था, लेकिन इसकी जड़ें 1951 में स्थापित भारतीय जनसंघ से जुड़ी हैं। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जिस राष्ट्रवाद की नींव रखी, वही आज भाजपा की ताकत है। उन्होंने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को स्मरण करते हुए कहा कि अटल जी ने भारतीय राजनीति को नई दिशा दी। उनके नेतृत्व में भारत ने आत्मनिर्भरता, सुशासन और विकास का मार्ग प्रशस्त किया। हम सभी कार्यकर्ताओं को उनके सिद्धांतों से प्रेरणा लेनी चाहिए। डॉ. कुमार ने जोर देते हुए कहा कि भाजपा की असली ताकत उसके जमीनी कार्यकर्ता हैं। बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक कार्यकर्ताओं की निष्ठा और परिश्रम ने भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनाया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज भारत वैश्विक मंच पर आत्मविश्वास के साथ खड़ा है। सम्मेलन में महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, किसान मोर्चा सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया। अपने समापन भाषण में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भाजपा केवल एक चुनावी दल नहीं, बल्कि एक राष्ट्रनिर्माण का आंदोलन है। हम सभी कार्यकर्ता एक विचारधारा, एक लक्ष्य और एक राष्ट्र के लिए समर्पित हैं। आइए, हम सब मिलकर उस भारत का निर्माण करें जिसका सपना अटल जी और मोदी जी ने देखा है। इस अवसर पर लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक प्रेम सागर, वाणिज्य प्रकोष्ठ के प्रदेश क्षेत्रीय प्रभारी अमित लोहानी, जिला उपाध्यक्ष विकास कुमार, पुष्पा सिंह, सुनील सिन्हा, महामंत्री सुधांशु मिश्रा, पप्पू चंद्रवंशी, विनोद सिंह, वरिष्ठ कार्यकर्ता मुकेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष धनंजय धीरू, मनीष सोनू, हरि यादव, सूरज राणा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एफसीआई मंदिर के पास युवक को मारी गोली, सीसीटीवी खंगालने में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** शहर के चंदौती थाना क्षेत्र में एफसीआई मंदिर के पास सोमवार सुबह एक युवक को अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी। गोली लगने से 24 साल का रोशन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे आनन-फानन में मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां वह सर्जरी वार्ड में भर्ती है। डॉक्टरों के अनुसार गोली युवक के गाल को छूकर निकल गई, जिससे उसकी जान बच गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। हालांकि पीड़ित पक्ष की ओर से थाने में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। घटनास्थल से कोई खोखा या हथियार नहीं मिला है। पुलिस को आशंका है कि ये हमला किसी पुरानी रंजिश या व्यक्तिगत विवाद के कारण हुआ होगा, लेकिन अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। घायल रोशन कुमार के पिता जवाहर प्रसाद एफसीआई में नौकरी करते हैं। उन्होंने बताया कि उनका बेटा सुबह बाइक से घर से निकला था। करीब 10 बजे किसी ने फोन कर सूचना दी कि एफसीआई मंदिर के पास उसके बेटे को गोली मार दी गई है, उसे अस्पताल ले जाया गया है। सूचना के बाद जवाहर प्रसाद तत्काल अस्पताल पहुंचे। उन्होंने कहा हमारी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। न ही बेटे की किसी से कोई अनबन थी। हम मूल रूप से मोकामा के रहने वाले हैं। पहले किराए पर रहते थे, अब अपना घर बना लिया है। फिलहाल रोशन के होश में आने का इंतजार किया जा रहा है। पुलिस उसी के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी। इधर सूत्रों ने बताया कि युवक को गोली मारे जाने के पीछे उसी के दोस्तों का हाथ है। पैसे की लेनदेन की वजह से पहले युवकों के बीच कहा सुनी हुई। इसके बाद एक युवक ने रोशन के ऊपर गोली चला दी। हालांकि इस बात से रोशन के पिता इनकार कर रहे हैं। कहना था कि असली कारण रोशन के होश में आने के बाद ही पता चलेगा। वहीं चंदौती थानाध्यक्ष अनिल कुमार चौधरी ने बताया कि गोली नहीं लगी है बल्कि युवकों के बीच हुई कहा-सुनी के दौरान बाइक की चाबी से एक युवक ने रोशन के ऊपर हमला कर दिया। बाइक की चाबी गाल में चुभ गई। इससे वह जख्मी हो गया।

# 50 हजार का इनामी फोटू यादव गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिले में कुख्यात 50 हजार का इनामी फोटू कुमार उर्फ फोटू यादव पुलिस के हत्थे चढ़ गया। सोमवार को पुलिस की विशेष टीम ने जिले के शेरघाटी बस स्टैंड के पास गिरफ्तार किया। आर्म्स एक्ट, हत्या लूट और रंगदारी मांगने जैसे कई संगीन मामले इस पर दर्ज हैं। पुलिस को लंबे दिनों से इसकी तलाश थी। कुख्यात बदमाश मूलतः झारखंड के चतरा जिले के प्रतापपुर का रहने वाला है। इसके विरुद्ध वर्ष 24 में हत्या का मामला दर्ज था। इस मामले में चंदौती थाने की पुलिस को तलाश थी। गुप्त सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। सिटी एसपी रामानंद कुमार कौशल ने बताया कि घटना की वारदात देकर अपराधी फरार था। पुलिस को इसकी लोकेशन शेरघाटी बस स्टैंड के पास में मिली जहां से इसे गिरफ्तार किया गया। इसकी गिरफ्तारी को लेकर 50 हजार का इनाम भी मुख्यालय से रखा गया था। इसकी अन्य आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। इस मौके पर चंदौती थानाध्यक्ष अनिल कुमार चौधरी मौजूद थे।

# पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डीएम ने किया भूखंड का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिले में विकास के लिये बड़े पैमाने पर विभिन्न प्रकार के उद्योग एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले के डीएम डॉ0 त्यागराजन एसएम द्वारा सोमवार को गया एवं बोधगया के क्षेत्र में अनेकों भूखंड का निरीक्षण किया ताकि भविष्य की इन योजनाओं के लिए इन भूखंडों को प्रयोग किया जा सके। सर्वप्रथम नगर क्षेत्र अंतर्गत बाईपास आईटीआई के समीप एक एकड़ 45 डिसमिल जमीन जिस पर खादी मॉल का निर्माण किया जाना है, उसका निरीक्षण किया गया। डीएम ने सीओ नगर को निर्देश दिया है कि जमीन पर अस्थाई अतिक्रमण को तेजी से हटवाए। इसके पश्चात बोधगया अंचल क्षेत्र मरासा सरोवर होटल



बोधगया जाने वाले रास्ते में चार एकड़ 78 डिसमिल जमीन को चिन्हित किया गया है। इस पर कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा कला ग्राम केंद्र का निर्माण करवाया जाएगा। बोधगया नोड वन के समीप 8.5 एकड़ जमीन चिन्हित किया गया है, इस स्थान पर पर्यटन विभाग के माध्यम से मेडिटेशन सेंटर का निर्माण करवाया जाएगा। बोधगया दो मोहन के समीप 7 एकड़ जमीन चिन्हित की गई है जिसमें 5 एकड़ जमीन में आइआइटी टूरिज्म मैनेजमेंट को उपलब्ध कराया जा रहा है, इसके अलावा शेष बचे लगभग दो एकड़ जमीन में अनुभूति केंद्र (एक्सपीरियंस सेंटर) का निर्माण करवाया जाएगा। डीएम डॉ0 त्यागराजन एसएम ने कहा कि उपयुक्त सभी परियोजनाएं काफी बड़ी एवं महत्वपूर्ण है जिससे गया एवं बोधगया के विकास की गति में और बल मिलेगा। भविष्य में टूरिज्म सेक्टर को और बढ़ावा मिलेगा। लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। जिले की अर्थव्यवस्था और अधिक तीव्र गति से बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि इन सभी परियोजनाओं को कनेक्टिविटी के दृष्टिकोण को देखते हुए चयन किया गया है ताकि प्राइम लोकेशन पर इन योजनाओं को क्रियान्वित करवाया जा सके। इस अवसर पर एडीएम राजस्व परितोष कुमार, ईओ बोधगया अभिषेक आनंद, सीओ बोधगया एवं नगर उपस्थित थे।

# अपराधी करें आत्मसमर्पण नहीं तो होगी कुर्की जब्ती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** सोमवार को परैया थाना कांड सं. 393/24, 15.11.2024 धारा- 191(2)/ 191(3)/ 190/126(2)/ 352/351(2)/ 132/326(g)/ 326(f)/ 127(2)/324(4) बीएनएस 2023 में फरार चल रहे प्राथमिकी नामजद अभियुक्त दीपक कुमार, पे. महादेव यादव, चंदन कुमार, पे. छकन यादव, धनन्जय कुमार, पे0 ईश्वरी यादव, सुजीत कुमार, पे0 रामाशीष यादव, नीरज कुमार, पे0 बालेश्वर यादव, मनीष कुमार, पे0 रंगु यादव, उदय पासवान, पे0 पोखन पासवान, अशोक पासवान, पे0 दुखु पासवान, रंजन महतो, पे0 नेता जी उर्फ तपेशर सिंह, प्रमोद कुमार, पे0 मुगेंसर यादव, पवन कुमार, पे0 लालजी यादव, सभी सा0 लोदीपुर, कैला कुमार, पे0 कामेशर यादव, सा0 रामपुर, श्रीकांत कुमार, पे0 लालदेव यादव, सा0 कोसडिहरा, मिथिलेश यादव, पे0 सुरेन्द्र यादव, सा0 बडकी अहरी, सभी थाना परैया जिला गया के घर पर परैया थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी के द्वारा विधिवत इश्तेहार चस्पा की गई। बताया गया कि गया पुलिस है तैयार, अपराधी करें आत्मसमर्पण नहीं तो होगी कुर्की और होंगे गिरफ्तार।

# युवक की गोली मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी (ग्रामीण)।** रौशनगंज थाना क्षेत्र के अम्बाखार गांव स्थित जंगल में रविवार देर रात एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी सोमवार सुबह उस समय हुई जब ग्रामीण महुआ चुनने जंगल गए थे। शव को देखकर ग्रामीणों ने तुरंत रौशनगंज थाना को सूचित किया। सूचना मिलते ही रौशनगंज थानाध्यक्ष अन्नू राजा मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मगध मेडिकल कॉलेज भेज दिया। घटना की जानकारी वरीय अधिकारियों को भी दी गई जिसके बाद शेरघाटी एएसपी शैलेन्द्र सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। एएसपी शैलेंद्र सिंह ने दोपहर 12 बजे बताया कि घटनास्थल से एक बुलेट, एक छोटी बोतल और एक गमछा बरामद किया गया है। मृतक की पहचान इमामगंज थाना क्षेत्र के रानीगंज निवासी केदार साव के 25 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार दीपक अपने चार दोस्तों के साथ जंगल में अफीम की खेती देखने गया था, तभी उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस फिलहाल सभी पहलुओं की जांच में जुटी हुई है और घटना के कारणों की तहकीकात की जा रही है।

# डीलर पर 106 क्विंटल अनाज गबन का मामला दर्ज



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बांके बाजार।** प्रखंड के बैताल पंचायत अंतर्गत पचरुखिया गांव के डीलर सिकन्दर दयाल पर 106 क्विंटल अनाज गबन के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सुनील कुमार ने सोमवार की दोपहर लगभग 2 बजे रौशनगंज थाना में मामला दर्ज कराया। सुनील कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से मिलने वाले अनाज के वितरण में गड़बड़ी की आशंका पर जांच की गई थी। पीडीएस परख ऐप के जरिये जब वितरण की स्थिति की समीक्षा की गई तो उसमें 106 क्विंटल अनाज की कमी पाई गई। उक्त गबन को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कानूनी कार्रवाई की गई है। आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि इस तरह की अनियमितता किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सहायक प्राध्यापक मणि प्रताप ने जापान के वासेडा यूनिवर्सिटी में एआई पर शोध पेपर किया प्रस्तुत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ एवं गवर्नेंस (एसएलजी) के सहायक प्राध्यापक मणि प्रताप ने जापान के टोक्यो शहर में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में शोध पेपर प्रस्तुत किया। मणि प्रताप ने जापान की राजधानी टोक्यो में स्थित वासेडा यूनिवर्सिटी में 04-06 अप्रैल 2025 के बीच आयोजित सातवीं आईपीआईआरए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अपना शोध प्रस्तुत किया। अंतरराष्ट्रीय पटल पर शोध पेपर प्रस्तुतिकरण के लिए कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह, कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार राणा के साथ विभाग के प्राध्यापकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने सोमवार को बताया



कि यह शोध पेपर मणि प्रताप के द्वारा संयुक्त रूप से तुमुल कुमार, डिजिटल कंसल्टेंट, एक्सेंचर जापान, डॉ. स्वाति, सहायक प्राध्यापक, इलाहाबाद डिग्री महाविद्यालय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय तथा तन्मय कुमार, सह प्रस्तुतकर्ता, सिंबायोसिस विश्वविद्यालय के साथ प्रस्तुत किया गया। इस शोध पेपर का विषय जेनरेटीव एआई, कल्चरल क्रिएटिविटी एंड आईपी राइटः चैलेंजेस एंड रेसपोंसेस इन इंडिया फॉल्क म्यूजिक एंड जापान मांगा एंड वॉयस आर्ट था। इस शोध में एआई के महत्व, तेजी से हो रहे बदलाव, कॉपीराइट, पारम्परिक कल्चरल एक्सप्रेशन, म्यूजिक एवं आर्ट पर इनके प्रभाव पर विस्तृत चर्चा प्रस्तुतीकरण किया गया। इस अवसर पर प्रो. अशोक कुमार, हेड एवं डीन, विधि एवं शासन प्रणाली पीठ, प्रो. संजय प्रकाश श्रीवास्तव, प्रो. पवन कुमार मिश्रा, प्रो प्रदीप कुमार दास, डॉ. सुरेन्द्र कुमार, डॉ. पूनम कुमारी, डॉ. देव नारायण सिंह, डॉ. दिग्विजय सिंह, डॉ. पल्लवी सिंह, डॉ. अनंत प्रकाश नारायण, डॉ. कुमारी नीतू, डॉ. नेहा शुक्ला, डॉ. अनुराग अग्रवाल, डॉ. चन्दना सूबा आदि ने भी हर्ष प्रकट करते हुए मणि प्रताप को बधाई दी है।

# नगर आयुक्त ने विद्युत शवदाह गृह का किया निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया ।** सोमवार को नगर आयुक्त कुमार अनुराग द्वारा बुडको द्वारा निर्माण कराए जा रहे विद्युत शवदाह गृह का स्थल निरीक्षण किया गया। यह एक महत्वपूर्ण योजना है जिससे नागरिक लाभान्वित होंगे। निरीक्षण के क्रम में स्थल पर कार्य किया जा रहा था। परियोजना निदेशक बुडको द्वारा बताया गया कि विद्युत शवदाह गृह में एक प्रतिक्षालय, दो शौचालय एवं शवदाह के लिए कमरा का निर्माण कराया जा रहा है। परियोजना निदेशक द्वारा विद्युत शवदाह गृह का कार्य माह जून 25 तक पूर्ण होने की बात बताई गई। निरीक्षण के समय परियोजना निदेशक एवं सहायक अभियंता बुडको उपस्थित थे। निरीक्षण उपरांत नगर आयुक्त द्वारा देव घाट एवं रबर डेम के सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया।

# आज से महाबोधि एक्सप्रेस तीन नंबर प्लेटफार्म से चलेगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया से नई दिल्ली के लिए चलने वाली 12397 गया- नई दिल्ली महाबोधि एक्सप्रेस का परिचालन मंगलवार से 7 नंबर प्लेटफार्म के बजाय तीन नंबर प्लेटफार्म से होगा। मिली जानकारी के अनुसार बताया गया कि गया-नई दिल्ली महाबोधि एक्सप्रेस पहले तीन नंबर प्लेटफार्म से ही खुलती थी। पिछले माह से इस ट्रेन का परिचालन तीन नंबर प्लेटफार्म के बजाय सात से किया जा रहा था। इससे यात्रियों को परेशानी हो रही थी। परेशानी को देखते हुए डीडीयू रेल मंडल के प्रशासनिक अधिकारी ने इस ट्रेन का परिचालन 7 नंबर प्लेटफार्म के बजाय तीन नंबर से ही करने का निर्देश दिया है। आठ अप्रैल मंगलवार से यह ट्रेन अपने निर्धारित समय से तीन नंबर प्लेटफार्म से दिल्ली के लिए चलेगी।

# विद्यालय में नामांकन के लिये निकाली प्रभातफेरी

**वजीरगंज(गया)(नबिटा सं.)।** प्रवेशोत्सव विशेष नामांकन अभियान के तहत सोमवार को प्राथमिक विद्यालय वजीरगंज के शिक्षकों व बच्चों ने पोषक क्षेत्र में प्रभातफेरी निकाली। प्रभारी प्रधानाध्यापक राकेश कुमार ने बताया कि नये सत्र में छात्र-छात्राओं के नामांकन हेतु पोषक क्षेत्र माया बिगहा एवं डाकबंगला मुहल्ला में प्रभातफेरी निकालकर अभिभावकों को प्रेरित करने का प्रयास किया गया है। यह अभियान 1 अप्रैल से आगामी तक चलाया जा रहा है, जो 30 जून तक चलेगा जिसके तहत प्रयास कर नामांकन प्रतिशत बढ़ाना है। प्रभातफेरी के दरम्यान बच्चे नारे भी लगा रहे थे जिसमें - शिक्षा से देश सजायेंगे, हर बच्चे को पढ़ायेंगे, हर घर में चिराग जलेगा, हर बच्चा स्कूल चलेगा, पापा सुन लो विनय हमारी, पढ़ने की है उम्र हमारी- सहित अन्य प्रेरक नारों के माध्यम से अभिभावकों को जागरूक किया गया। मौके पर शिक्षक उमेश चौधरी, शिक्षिका कुमारी रेखा सिन्हा, स्मिता कुमारी, निभा कुमारी, शिक्षा सेवक अशोक कुमार, बालदेव मांझी, मो इमरान आलम सहित अन्य शामिल थे।

# सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित

**गया (नबिटा सं.)।** गया विधानसभा के दक्षिणी भाजपा मंडल में सोमवार को सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित की गई। इस अवसर पर मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती बनाये रखने के प्रति सजगता बढाने पर जोर दिया। साथ ही कहा कि 8 और 9 अप्रैल को मंडल या विधानसभा स्तर पर सभी सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित कराना सुनिश्चित किया जाय।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. : 02_2025-26, 03_2025-26, दिनांक 03.04.2025,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/2/ पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/ एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा। क्रम सं. 1, ई-निविदा सं.: 02_2025-26, कार्य का विवरण :** एईएन/ डानकुनी के तहत एसएसई/पी वे/कामारकुंडु की शाखा में पी.वे रखरखाव कार्य, किमी 16/0-25/0 (सभी लाइन)। **अनुमानित मूल्य :** रु. 79,11,678.37, **बयाना राशि:** रु. 1,58,200/- **समापन अवधि : 12 माह। क्रम सं. 2, ई-निविदा सं. : 03_2025-26, कार्य का विवरण :** कर्मचारियों के दैनिक सुरक्षित एवं सुगम संचार के लिए लाइन नं. 1 के पास भट्टानगर में कंक्रीट पाथवे का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य :** रु. 2,03,50,405.13, **बयाना राशि:** रु. 2,51,800/, **समापन अवधि : 06 माह । निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) :** शून्य (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 28.04.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-07/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# किशोरी लापता, मामला दर्ज

**कोंच (नबिटा सं.)।** आंती थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत आंती के एक गांव से किशोरी को शादी की नियत से लापता हो जाने का मामला सोमवार को प्रकाश में आया है। परिजनों ने पुलिस में मामला दर्ज कराया है और किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। बताया गया है कि बीते शनिवार के सुबह 15 वर्षीय किशोरी किसी काम से आंती बाजार करने गई और शाम तक वापस नहीं आई। खोजपीन करने पर रविवार को पता चला कि उसे काबर पंचायत के एक गांव का युवक शादी की नीयत से कहीं ले गया है। आंती थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने कांड संख्या 45/25 दर्ज कर लिया और किशोरी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को किशोरी के बारे में कोई जानकारी मिले तो वे पुलिस को सूचित करें।

# श्री देवी भागवत कथा का भंडारे के साथ समापन

**वजीरगंज(गया) (नबिटा सं.)।** क्षेत्र के घुरियावां पंचायत अंतर्गत सेल्वे गांव में संचालित नौ दिवसीय श्री देवी भागवत कथा का समापन सोमवार को प्रसाद वितरण व भंडारे के साथ समापन किया गया। ग्रामीण दारा सिंह ने बताया कि समस्त ग्रामीणों के सहयोग से देवी मंदिर परिसर में विगत 30 मार्च से संचालित कथा आयोजित की गई थी जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कथावाचक उमाकांत पांडेय एवं अन्य ने कथा व जाप कराया है। भंडारे में प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांवों से आमंत्रित लोगों ने भाग लिया जिसमें विधानसभा पूर्व प्रत्याशी चितरंजन कुमार उर्फ चिंटु भईया, भाजपा नेता क्षितिज मोहन सिंह व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहकर प्रसाद ग्रहण किये।

# श्री रामनवमी पर शब्दवीणा काव्यांजलि एवं परिचर्चा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** श्री रामनवमी के अवसर पर शब्दवीणा फरीदाबाद जिला समिति, हरियाणा के संयोजन में शब्दवीणा काव्यांजलि का आयोजन किया गया जिसमें रचनाकारों ने श्री रामभक्ति से ओतप्रोत मनमोहक स्वरचित कविताएं पढ़ीं। शब्दवीणा की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी एवं हरियाणा प्रदेश सचिव एवं फरीदाबाद जिला संरक्षक कवयित्री सरोज कुमार के संयुक्त निर्देशन में आयोजित श्री राम को समर्पित इस काव्यांजलि में शब्दवीणा की राष्ट्रीय समिति एवं दिल्ली, हरियाणा, बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, गोवा आदि विभिन्न प्रदेश व गया, नवादा, जहानाबाद, औरंगाबाद आदि जिला समितियों के कवि व कवयित्रियों ने अपनी भक्ति भावभीनी रचनाओं द्वारा भारतीय संस्कृति के आधारस्तंभ मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र के प्रति अपनी भावभीनी श्रद्धा निवेदित की।रचनाकारों ने श्री राम पर सारगर्भित दोहे, गीत एवं मुक्तक पढ़े। कार्यक्रम की अध्यक्षता शब्दवीणा फरीदाबाद जिला उपाध्यक्ष महेश चंद्र शर्मा राज ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जहानाबाद जिला संरक्षक दीपक कुमार एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय साहित्य मंत्री वंदना चौधरी, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष आशा दिनकर एवं उत्तराखंड प्रदेश साहित्य मंत्री आशा साहनी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन फरीदाबाद जिला सचिव रिया अग्रवाल ने किया। कृति यादव ने सरस्वती वंदना की सुमधुर प्रस्तुति दी। तत्पश्चात शब्दवीणा काव्यांजलि में डॉ रश्मि प्रियदर्शनी की भारतीय संस्कृति के जो प्रतीक हैं अनुपम, उन्हें प्रणाम। जय, जय कौशल्या नंदन, दशरथ के तनय, सिया के राम रचना सुन सभी श्री रामभक्ति से भावाभिभूत हो उठे एवं मंच जय, जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। अयोध्या से जुड़ीं वरिष्ठ कवयित्री मधु वशिष्ठ की उम्मीद नहीं थी राजा दशरथ को, कैकेई ऐसा वर मांगेंगी, नवादा के मनमोहन कृष्ण की भारत भूमि के नायक राम, उत्तर प्रदेश के रमेश चंद्र की हम भी कैसे जियेंगे बिना राम के, गोवा से जुड़ीं वंदना चौधरी की सूर्य वंश को पावन करने, प्रकट भये धरती पर राम, दिल्ली के शिब्बू चाहर की हे राम दुबारा आ जाओ, धरती का पाप मिटाओ तुम, जहानाबाद के दीपक कुमार की आज कण-कण राष्ट्र का श्रीराममय है, दिल्ली की आशा दिनकर की क्षमा करो सब गलतियां, रहना सदा कृपालु सुनकर दर्शक एवं श्रोतागण भक्ति भाव में डूब गये। गया के जैनेन्द्र कुमार मालवीय की रचना हे पवनपुत्र हनुमान, तुम्हें है कोटि-कोटि प्रणाम एवं फरीदाबाद की रिया अग्रवाल रामचंद्र के बहुत दुलारे, तुम सेवक बहुत महान हो रचना श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी को समर्पित थी। फरीदाबाद की कृति यादव की राम जनम की शुभ घड़ी आयी है एवं सरोज कुमार की एक आंखें बंद करती हूं तो उन्हें ही पाती हूं, राम भक्ति के बिना मैं असहाय हो जाती हूं, राम भक्ति के बिना मैं असहाय हो जाती हूं एवं महेश चंद्र शर्मा राज की छवि अति मोहक मनहारी, जग के पालनहार, राम रमैया आ जाओ रचनाएं सुनकर शब्दवीणा मंच राम स्तुति से गुंजित हो उठा। कार्यक्रम में शब्दवीणा के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री डॉ रवि प्रकाश, राजस्थान प्रदेश उपाध्यक्ष रामपंचाल भारतीय व औरंगाबाद जिलाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी की भी उपस्थिति रही। डॉ. रश्मि ने बताया कि श्री रामनवमी को ध्यान में रखते हुए शब्दवीणा द्वारा आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम शब्दवीणा सृजन त्रिविधा एवं शब्दवीणा भेंटवार्ता सत्यम शिवम सुंदरम भी दशरथनंदन श्री राम को ही समर्पित थे।

# विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार

**गया(नबिटा सं.)।** गया जंक्शन पर रेल पुलिस की टीम की ओर से चलाये गए सर्च अभियान में विदेशी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार बताया गया कि रेल थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाए गए सर्च अभियान में वन-बी प्लेटफार्म पर एक पिट्ठू बैग व एक थैला पाया गया। बैग व थैले की जांच किये जाने पर 37 केन बीयर व एक बोतल विस्की बरामद की गई। संलिप्त एक युवक को पकड़ा गया। पकड़े गए युवक संजीव कुमार वारसलीगंज जिला नवादा का रहने वाला है। इस सम्बंध में रेल थाना में मामला दर्ज की गई। पूछताछ के बाद युवक को जेल भेज दिया गया।

संपादकीय

# ‘स्मार्ट’ शहरों की कैसे दूर होगी बदहाली ?

ग्रामीण क्षेत्रों की कीमत पर शहरी क्षेत्रों का चौतरफा विकास करना नेताओं और सरकारों का हमेशा से शौक रहा है. कोई भी पार्टी या सरकार इसका अपवाद नहीं रही है. आजादी मिलने के समय नीति निर्माताओं के दिमाग में गांवों की तुलना में शहरों का दबदबा कम था, लेकिन धीरे-धीरे शासक वर्ग के बीच शहरों के प्रति प्रेम बढ़ता गया. दशक दर दशक शहरों ने सरकारों का ध्यान और धन आकर्षित करना शुरू कर दिया. शहरी भारत का पेट भरने वाला विशाल ग्रामीण भारत इस प्रकार हर मामले में पिछड़ा रहा. कोई भी आधिकारिक या स्वतंत्र रिपोर्ट इस तथ्य की पुष्टि कर सकती है कि शहरों का विस्तार ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कितनी तेजी से हुआ है. समाज में परिवर्तन, जनसांख्यिकी में लगातार स्वरूप का बदलाव, नित नई प्रौद्योगिकी का आगमन, प्राकृतिक और कृत्रिम स्थलांतरण, शहरों में उनकी वहन क्षमता की चिंता किए बिना बुनियादी ढांचे के निर्माण पर जोर आदि के परिणामस्वरूप अव्यवस्थित शहरी विकास सब जगह देखा जा सकता है. प्रधानमंत्री बनने के तुरंत बाद नरेंद्र मोदी ने देश भर में 100 स्मार्ट सिटी बनाने की घोषणा की. उनके इरादों पर कोई संदेह नहीं किया जा सकता था. लेकिन जब 31 मार्च 2025 को आधिकारिक तौर पर वह मिशन समाप्त हुआ तो कई महत्वपूर्ण सवाल अनुत्तरित ही रह गए. अव्वल तो क्या किसी ने स्मार्ट सिटी की कभी मांग की थी? कुछ शहरों जैसे भोपाल आदि में जनता ने स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया; बैनर लगाए गए जिन पर लिखा था कि ‘हमें स्मार्ट सिटी नहीं चाहिए.’ फिर भी, स्मार्ट सिटी मिशन को भारतीयों पर थोपा गया, ठीक वैसे ही जैसे महंगी मेट्रो रेल परियोजनाओं को थोपा जा रहा है.स्मार्ट सिटी बनाने में पुरानी बस्तियों को ध्वस्त किया गया, लोगों को उजाड़ा गया, लाखों की संख्या में हरे-भरे पेड़ों को काटा गया, बगीचों को नष्ट किया गया, अधिकारियों, सलाहकारों और इंजीनियरों के लिए स्मार्ट कार्यालय बनाए गए और चुने हुए 100 शहरों को स्मार्ट बनाने के लिए कुछ सिविल ठेकेदारों या आईटी फर्मों को वित्तीय तौर पर उपकृत किया गया. नतीजा क्या रहा? जैसा कि संसद को बताया गया- 10 साल में सिर्फ 16 प्रतिशत काम पूरा हुआ. दूसरे शब्दों में, सिर्फ 16 शहर ही तय काम पूरा कर पाए. यानी 100 में से सिर्फ 16 भारतीय शहर एक दशक में ‘स्मार्ट’ बन पाए. मुझे गुवाहाटी से गोवा (उत्तर); अहमदाबाद से आगरा; पुणे से रायपुर; चेन्नई से कोलकाता और दिल्ली से मुंबई तक इन आसन्न ‘स्मार्ट शहरों’ में से कई का दौरा करने का अवसर मिला. मैंने कहीं भी शहरी स्वरूप में टिकाऊ, उपयोगी व नया बदलाव नहीं देखा. वास्तव में, कई जगहों पर जहां लोगों को बेदखल कर दिया गया था उन्हें समुचित तरीके से बसाया नहीं जा सका, सरकारों द्वारा नए घरों का वादा पूरा नहीं किया गया. बंगाल का केंद्र से झगड़ा जगजाहिर है, पर भाजपा शासित राज्य भी फिसड्डी रहे हैं. इस खराब प्रदर्शन के लिए कौन जिम्मेदार है? उन्हें करदाताओं के पैसे बर्बाद करने के लिए क्यों दंडित नहीं किया जाना चाहिए? मोदी सरकार से पहले, कांग्रेस के नेतृत्व वाली ‘यूपीए’ ने 2005 में जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम) को बहुत धूमधाम से शुरू किया था. इसका उद्देश्य केंद्रीय वित्त पोषण के साथ सात वर्षों में शहरों में सेवाओं में सुधार करना था. लेकिन आज भी नगर निगमों का कामकाज बहुत जटिल है. अंततः अटल (बिहारी वाजपेयी) ने नेहरू की जगह ली और भाजपा सरकार के तहत नई योजना अमृत (अटल मिशन फॉर रिजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन) के रूप में काम करने लगी. शहरों का संचालन शहर के प्रबंधकों द्वारा किया जाता है जो स्थानीय नगर निकायों के प्रमुख करते हैं. स्मार्ट सिटी मिशन के तहत आने वाले 100 शहरों में से ज्यादातर में आईएएस अधिकारियों की अगुआई में नगर निगम चलते हैं और चुने हुए मेयर शहर का प्रशासन करते हैं. उनसे उम्मीद की जाती थी कि वे शहरों को स्मार्ट बनाएंगे और शहरी जीवन के अनुभवों को बेहतर बनाएंगे, जैसा कि जून 2015 में मोदी ने कल्पना की थी. इसे पूरा किए जाने की मूल समय- सीमा मार्च 2023 थी. तार्किक कारणों से इसे बढ़ाकर 31 मार्च 2025 कर दिया गया. फिर भी 84 शहर स्मार्ट तमगा पाने में विफल रहे. क्या उन 16 शहरों, जहां कथित तौर पर सभी परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, पर अब आधिकारिक तौर पर ‘स्मार्ट सिटी’ का ठप्पा लगाया जा सकता है? एक आधिकारिक बयान के अनुसार, ‘मिशन ने उल्लेखनीय प्रगति की है तथा 1,47,704 करोड़ रु. के निवेश से 8,075 परियोजनाओं में से 7,380 परियोजनाएं पूरी कर ली गई हैं’ हालांकि यदि आप तथाकथित स्मार्ट शहरों के अंतर्गत हमेशा कष्ट झेलने वाले नागरिकों से पूछें तो वे वास्तविक प्रतिक्रिया देंगे कि उनकी जीवनशैली में वाकई में कितना सुधार हुआ है, वह भी उनकी अपनी कीमत पर. टैक्स तो जनता ही भरती है न? जब शहरी मामलों के मंत्री वेंकैया नायडू ने स्मार्ट सिटी मिशन की घोषणा की थी तो पहली सूची में केवल कुछ ही शहर शामिल थे. मैं संसद में नायडू का भाषण सुन रहा था, जिन्होंने बाद में कहा कि कई सांसद अचानक अपने निर्वाचन क्षेत्र के लिए स्मार्ट सिटी की मांग उनसे करने लगे जैसे जादू की डंडी घुमा देने से शहर चकाचक हो उठेंगे. जब फरवरी 2016 में नायडू ने इंदौर स्मार्ट सिटी का शुभारंभ किया, तो मैं एक अलग कारण से उस आधिकारिक उद्घाटन समारोह का हिस्सा था. खैर, आज मैं यह नहीं कह सकता कि इंदौर उतना स्मार्ट है जितना कि उम्मीद थी. बेशक, यह सबसे साफ-सुथरा है.


# बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ ऐतिहासिक कदम

**संसद के बजट सत्र- 2025 में बजट के अतिरिक्त भी कई ऐतिहासिक विधेयक पारित हुए हैं जिनमें से एक है आब्रजन और विदेशियों विषयक विधेयक-2025। यह विधेयक भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में अग्रणी भूमिका निभाने वाला तो है ही साथ ही भारत की आंतरिक व वाह्य सुरक्षा तंत्र और आर्थिक तंत्र को भी मजबूत बनाने वाला भी है। जब यह विधेयक अधिसूचित होकर पूरे भारत में लागू हो जायेगा तब बांग्लादेशी व रोहिंग्याओं की अवैध घुसपैठ सहित अनेक प्रकार के अपराधों पर भी लगाम लग सकेगी।**

**मृत्युंजय दीक्षित**

इस विधेयक के कानून बन जाने के बाद कोई भी विदेशी नागरिक पहले की तरह भारत में घुस कर, भारत के किसी भी हिस्से में जाकर निवास करते हुए भारत विरोधी गतिविधियों में संलिप्त नहीं हो पाएगा। अब सीमा पार करने वाले हर व्यक्ति का पूरा डाटा एकत्र किया जायेगा। अभी भारत आने वाले विदेशी नागरिकों का कोई डाटा उपलब्ध नहीं है। यह विधेयक भारत की एकता, अखंडता तथा सुरक्षा के लिए अतयंत महत्वपूर्ण है। इस बिल के लागू हो जाने के बाद अवैध रोहिंग्या/बांग्लादेशी घुसपैठ पर रोकथाम ही नहीं लगेगी अपितु ऐसे अराजक तत्व जो समाज में घुल मिलकर छोटे मोटे अपराधों में संलिप्त हो रहे हैं तथा समाज का वातावरण प्रदूषित करते हुए लवजिहाद व धर्मान्तरण जैसी गतिविधियों में संलिप्त हो जाते हैं उनसे भी निपटा जा सकेगा।

इस विधेयक पर संसद के दोनों सदनों में चर्चा के दौरान स्पष्ट हुआ कि भारत में अवैध घुसपैठ की समस्या कितना विकराल रूप ले चुकी है। भारत के सभी मेट्रो शहर अवैध अराजक तत्वों के निशाने पर हैं। भारत के अधिकांश सीमावर्ती क्षेत्रों तथा समस्त पूर्वी राज्यों जिनमें असम और पश्चिम बंगाल प्रमुख हैं में यह समस्या नासूर बन चुकी है। पश्चिम बंगाल के तीन सीमावर्ती जिलों की डेमोग्राफी अवैध घुसपैठ के कारण बदल चुकी है। गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने जब सदन में बताया कि बांग्लादेशी घुसपैठ की सबसे अधिक समस्या कांग्रेस शासित राज्यों कर्नाटक, झारखंड, तेलंगना तथा तृणमूल कांग्रेस शासित राज्य पश्चिम बंगाल में है क्योंकि यहां की राज्य सरकारें सहयोग नहीं कर रही हैं तब विपक्षी दलो ने हंगामा करते हुए सदन का बहिष्कार कर दिया। गृहराज्य मंत्री ने अवगत कराया कि बंगाल सरकार सीमा पर बाड़ नहीं लगाने दे रही है साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सीमा पर टीएमसी के कार्यकर्ता ही बीएसएफ के कार्यों में बाधा डालने का काम कर रहे हैं जिसके कारण बांग्लादेशी घुसपैठ पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। लोकसभा में बहस के दौरान ही गृहमंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कर दिया कि भारत कोई ÷धर्मशाला÷ नहीं हैं।



विधेयक पर बहस के दौरान घुसपैठ व शरणार्थी शब्द को स्पष्ट किया गया क्योंकि विपक्षी दलों के सांसद तुष्टिकरण की विकृत राजनीति के कारण इन दोनों शब्दों का घालमेल कर रहे थे। ये विपक्षी सांसद इस विधेयक को वसुधैव कुटुंबकम की भवना से परे बताकर भ्रम व अराजकता की राजनीति करने का प्रयास कर रहे थे किंतु सरकार ने अपने तर्कों से विपक्ष को बेनकाब कर दिया जिसके परिणामस्वरूप वे राज्यसभा में हंगामा करते हुए सदन से बाहर चले गये।

इस नये कानून में विदेशी अधिनियम 1946, पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम 1920 तथा विदेशियों का पंजीकरण अधिनियम 1939 और आब्रजन (वाहक दायित्व) अधिनियम 2000 को निरस्त करते हुए एक नया व्यापक कानून बनाने की आवयकता की पहचान करते हुए नया आब्रजन और विदेशी विधेयक 2025 लाया गया है। नये कानून का एक उद्देश्य यह भी है कि कानूनों की बहुलता और अतिव्यापन से बचा जाये तथा विदेशियों से संबंधित मामलों को विनियमित किया जाए, जिसमें वीजा की आवश्यकता, पंजीकरण और अन्य यात्रा संबंधी दस्तावेज (पासपोर्ट) आदि शामिल है। इस नये कानून के माध्यम से भारत में प्रवेश करने और बाहर जाने वाले सभी लोगों के लिए सभी प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित किया जा सकेगा।

नये कानून के अनुसार किसी भी विदेशी को बिना वैध पासपोर्ट या दस्तावेजों के भारत आने पर 7 साल की जेल और 10 लाख रुपये का जुर्माना देना होगा। गलत जानकारी देने या दस्तावेजों में गड़बड़ी करने पर 3 साल की जेल और 3 लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान किया गया है। भारत में बिना वैध पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेजों के माध्यम से प्रवेश करने पर तुरंत हिरासत में लिया जायेगा। अब इस विधेयक के नये नियमों के अनुरूप अगर कोई मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा है तो अधिक कड़ी कार्यवाही की जायेगी। यह विधेयक केंद्र सरकार को उन स्थानों का नियंत्रण करने का अधिकार भी देता है जहां विदेशियो काआना जाना लगा रहता है। इसके तहत मालिक को परिसर को बंद करने, निर्दिष्ट शर्तों के साथ इसके उपयोग की अनुमति देने या सभी या निर्दिष्ट वर्ग के विदेशियों को प्रवेश देने से मना करने का अधिकार का दिया गया है।

निरस्त किये गए कानून की कमियों का लाभ उठाकर ही बड़ी संख्या में विदेशी नागरिक भारत आ रहे थे क्योंकि उस क़ानून में उनकी जांच करने तथा व्यापक पूछताछ की कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं थी। इसी कारण से आज लाखों की संख्या में अवैध नागरिक भारत में रह रहे हैं और अब वह राष्ट्रीय समाजिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन चुके हैं।

गृहमंत्री अमित शाह ने सदन में अपने भाषण के दौरान कहा कि हम नियम बनाकर अवैध घुसपैठ को रोक रहे हैं। हमारी सीमा पर कुछ संवदेनशील स्थान हैं, सेना के अड्डे हैं, उनको दुनियाभर के लिए खुला नहीं छोड़ सकते। पहले भी घुसपैठियो को रोका जा सकता था किंतु कोई नियम नहीं था अतः हमने नियम बनाने का साहस किया है। इस नये कानून से भारत आने वाले विदेशी नागरिकों की जानकारी पुख्ता होगी । सुरक्षा की दृष्टि से ड्रग्स कार्टल, घुसपैठियों की कार्टल, हवाला व्यापारियों को समाप्त करने की व्यवस्था इस विधेयक में की गई है।

गृहमंत्री अमित शाह ने सदन को बताया कि सबसे अधिक बांग्लादेशी व रोहिंग्याओं की घुसपैठ बंगाल से हो रही है। अब तक जितने घुसपैठिये पकड़े गये हैं, उनके आधार कार्ड बंगाल के 24 परगना क्षेत्र के है। तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता ही इन लोगों के अवैध कागज बनवा रहे हैं। नये कानून में अवैध कागज बनवाने वाले भी सजा के दायरे में आ गये हैं। नया कानून 36 धाराओं में निहित है। सभी को कानूनी रूप दिया गया है। सदन में गृहमंत्री ने स्पष्ट कर दिया है कि अब जो भारत में केवल भारत के हित के लिए आयेगा वहीं यहां पर रह सकेगा। अब भारत धर्मशाला नही है । सरकार उन लोगों का स्वागत करने के लिए तैयार है जो पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा या व्यापार के लिए भारत आना चाहते हैं सरकार केवल उन लोगों को भारत आने से रोकेगी जिनके इरादे गलत हैं और जो हमारे लिए खतरा पैदा करेंगे उनसे गंभीरता से निपटा जायेगा।

इस कानून के माध्यम से भारत में गैरकानूनी तरीके से घुसना और यहां बसना मुश्किल हो जायेगा। रोहिंग्या/ बांग्लादेशी घुसपैठ अब चुनाव में भी एक बड़ा मुददा बन गई है। दिल्ली में तो आम आदमी पार्टी कई विधायक बांग्लादेशी व रोहिंग्याओं का फर्जी पासपोर्ट, आधार कार्ड व राशन कार्ड आदि बनवा रहे थे जिनकी जांच चल रही है। केंद्र की सरकार को पूर्ण विश्वास है कि नक्सलवाद, आतंकवाद की तरह आने वाले समय में रोहिंग्या/ बांग्लादेशी घुसपैठ का भी समाधान हो जायेगा और भारत तीव्रता के साथ विकास के पथपर अग्रसर हो सकेगा।

अध्यात्म

## लगातार असफलता मिल रही है तो धैर्य बनाए रखना चाहिए



कुछ लोगों को कभी-कभी कड़ी मेहनत के बाद भी लगातार असफलता मिलती है, ऐसी स्थिति में हमें धैर्य बनाए रखना चाहिए और लक्ष्य की ओर धीरे-धीरे आगे बढ़ते रहना चाहिए। सही दिशा में आगे बढ़ते रहने से देर से ही सही, लेकिन सफलता जरूर मिलती है। इस संबंध में एक लोक कथा प्रचलित है।

प्रचलित कथा के अनुसार एक व्यक्ति बहुत मेहनत कर रहा था, लेकिन उसकी परेशानियां खत्म ही नहीं हो रही थीं, उसे किसी भी काम सफलता नहीं मिल रही थी। असफलता और धन की कमी की वजह से वह हताश हो गया था।

एक दिन वह अपने गांव के विद्वान संत के पास पहुंचा और संत को अपनी परेशानियां बता दीं। संत ने उसकी सारी बातें ध्यान से सुनी और कहा कि तुम्हें अभी धैर्य का साथ नहीं छोड़ना चाहिए।

संत ने एक कथा सुनाई। संत बोले की पुराने समय में किसी बच्चे ने बांस और कैक्टस का पौधा एक ही समय पर लगाया। बच्चा रोज दोनों पौधों को बराबर पानी देता और जरूरी देखभाल करता था। काफी समय बीत गया। कैक्टस पनप गया, लेकिन बांस का पौधे में कुछ प्रगति नहीं हुई थी।

बच्चे को थोड़ी निराशा हुई, लेकिन उसने पौधों की देखभाल करना नहीं छोड़ी। अब कैक्टस तेजी से बढ़ने लगा था, लेकिन बांस का पौधा वैसा का वैसा ही था।

लड़का ने कुछ दिन और देखभाल की। अब बांस के पौधे में थोड़ी सी उन्नति होने लगी थी, ये देखकर बच्चा खुश हो गया। कुछ और दिन निकल गए। अब बांस का पौधा बहुत तेजी से बढ़ रहा था। कैक्टस का पौधा छोटा रह गया।

इस कथा के माध्यम से संत ने दुखी व्यक्ति को समझाया कि कभी-कभी कुछ कामों में देरी हो जाती है, लेकिन हम धैर्य बनाए रखेंगे तो हमें सफलता जरूर मिल सकती है। इसीलिए निराश होने से बचें और सही दिशा में आगे बढ़ते रहें।

# नाजुक मन की उलझनों को समझना जरूरी...

**आजकल नवाचार का जमाना आ गया है। फिर क्यों बच्चों पर मानसिक दबाव बढ़ाया जाए? दिखावे की चकाचौंध से प्रभावित होने के बजाय हमें अपने बच्चों के भीतर सद्गुणों का विकास करने पर जोर देना चाहिए। उन्हें छल, फरेब, कपट और कदाचार से बचाकर चलना चाहिए। उन्हें क्या करना है और क्या नहीं करना, यह बात स्पष्ट होनी चाहिए। अपने विद्यार्थियों को यह कहा जा सकता है कि ‘विद्वान बनो गुणवान बनो, निज घर की पहचान बनो। मनचाही सब खुशियां पाओ, एक सच्चा इंसान बनो।’**

**नरेंद्र सिंह ‘नीहार’**

जीवन का प्रथम सोपान बचपन स्नेह, प्यार, ममता और नटखटपन में कब निकल जाता है, पता ही नहीं चलता। घर-परिवार में बच्चों की आमद, किलकारी और शरारतें घर के बड़ों को आह्लादित और आनंदित करती हैं। उनके साथ बिताए हुए पलों की अल्बम को जब भी खोला जाए, एक विशेष प्रकार की ऊर्जा और उमंग से तन-मन भर उठता है। मगर जैसे ही बच्चे किशोरावस्था की दहलीज पर कदम बढ़ाता है, माता-पिता के अरमान मचलने लगते हैं।

भविष्य को लेकर तरह-तरह के रंगीन ख्वाब उनकी पलकों पर तैरने लगते हैं और बहुत से अभिभावकों को चिंता सताने लगती है। ऐसे में बच्चे को जानने-समझने की कोशिश कोई नहीं करता। उसे कहा जाता है कि तुम चुप रहोज् हमने जमाना देखा हैज् हम दुश्मन नहीं हैंज् मां-बाप हैं तुम्हारे। यही बातें अक्सर हर किशोर-किशोरी को सुनने के लिए मिलते हैं।

किशोरावस्था अपने आप में उम्र का सबसे कठिन मोड़ कहा जाता है। मनोवैज्ञानिक इसको आंधी-तूफान का काल भी कहते हैं। ‘टीन एजर्स’ के नाम से मशहूर बच्चे कब और कहां, क्या कर बैठें, किसी को पता नहीं होता है। शरीर में होने वाले बदलाव, भावनाओं का सैलाब और परिवार की आकांक्षाओं का दबाव इन किशोरों को मायूसी के दलदल में धकेल देता है। वे खुलकर अपने विचार नहीं रख पाते हैं। कभी अभिभावक कहते हैं कि अभी तक बच्चे बने हुए हो और अगले पल बोलते हैं कि कम बोला करोज्इतनी छोटी उम्र में इतना ज्ञान देना ठीक नहीं है।

अब इस स्थिति में बेचारे किशोर जाए तो कहां? बच्चा वह रहा नहीं, बड़ा अभी हुआ नहीं। उसकी समझ में नहीं आता कि घर के लोग उसे समझते क्या हैं। बच्चे के नौवीं कक्षा में पहुंचते ही माता-पिता को उसके भविष्य का भय सताने लगता है। जबकि हमें तेरह-चौदह वर्ष के बच्चे के चतुर्दिक विकास के बारे में सोचना चाहिए। उसकी शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, सामाजिक, रचनात्मक और संवेदनात्मक उन्नति की चिंता करनी चाहिए।

सबसे अधिक बच्चे के संवेगों पर ध्यान देने की जरूरत होती है। हमारा बच्चा अंतर्मुखी तो नहीं है? वह संकोची, डरपोक, जिद्दी या गुस्सैल तो नहीं है? उसके चिड़चिड़ेपन पर भी नजर रखने की जरूरत होती है। वह झूठ, फरेब, लालच का शिकार तो नहीं हो रहा है? आजकल हवाबाजी करने वाले किशोर भी बहुतायत में मिल जाएंगे। इन सभी संवेदनात्मक विषयों पर काम करने की जरूरत होती है। माता-पिता को अपने बढ़ते किशोर के नजरिए को जानना और समझना बहुत जरूरी है। उसकी संगत-सोहबत का भी पता होना चाहिए। यहां यह भी ध्यान देना होगा कि हमारे घर का माहौल कैसा है। पत्नी-पत्नी में आए दिन कोई लड़ाई-झगड़ा और तकरार तो नहीं होती है।

खुशनुमा माहौल और माता-पिता का सहयोग बच्चों को हमेशा चाहिए। खेलकूद इस उम्र में बहुत



जरूरी है। शरीर की मांसपेशियां मजबूत होती हैं। एकाग्रता बढ़ती है और समायोजन की समझ का विकास होता है। मगर अभिभावक बच्चों को स्कूल और कोचिंग के मकड़जाल में फंसाकर उसे एक अच्छा इंसान बनने के रास्ते से बहुत दूर ले जाते हैं। दरअसल, हम एक कमाऊ इंसान की परिकल्पना पर काम कर रहे हैं। मानवीय सरोकार से बहुत दूर होते जा रहे हैं। यही कारण है कि आगे चलकर ये ऊंची तनख्वाह वाले कुछ युवक कई बार परिवार और समाज की उपेक्षा करते नजर आते हैं। मां को हवाईअड्डे पर अकेली छोड़कर विदेश के लिए उड़ जाते हैं।

एक किशोर-किशोरी हर पल अपने जीवन के सपनों को बुनते हैं। उनके सपने विविध रंगी और बहुआयामी होते हैं। माता-पिता अक्सर वहां तक नहीं पहुंच पाते हैं। आमतौर पर मध्यम वर्ग के माता-पिता अपने बच्चों को इंजीनियरिंग और चिकित्सा पाठ्यक्रमों के पीछे लगाकर अपने कर्तव्य की इतिश्री मान बैठते हैं। बच्चों को दिल्ली, कोटा, लखनऊ या अन्य शहरों में भेजकर उनके अरमानों का गला घोंट रहे हैं। कितने किशोर पंखे पर लटक जाते हैं। उनके कौशल और हुनर बुनने के दौर में रट्टू तोते बना दिए जाते हैं। बहुत से लोग इसे ‘भावनात्मक अत्याचार’ भी कहते हैं। उन बच्चों से उनके मन की बात जरूर पूछनी चाहिए। हर हाल में कामयाबी के डंडे को एक ओर रखकर ठंडे दिमाग से सोचने की जरूरत है कि जब बच्चा ही नहीं रहेगा तो हम ऐसी सफलता का क्या अचार डालेंगे? किशोरावस्था की उलझनों को समझना इतना भी आसान नहीं होता है। प्रत्येक माता-पिता को अपने बच्चे की प्रतिभा और अभिरुचि को ठीक से पहचान कर उसे आगे बढ़ाना चाहिए। इस बारे में काउंसलर की मदद ली जा सकती है। आज के दौर में भविष्य के अवसरों के कितने विकल्प खुल गए हैं। बच्चा पढ़ाई में कैसा है, कितनी रुचि ले रहा है और किन विषयों में उसकी प्रस्तुति कैसी है और वह चाहता क्या है? इन सबको मिलाकर उसकी दिलचस्पी के विषय में पढ़ाई का फैसला होना चाहिए। अगर वह अच्छा प्रदर्शन न कर पाए तो अन्य विकल्पों पर विचार करना आवश्यक है।

आजकल नवाचार का जमाना आ गया है। फिर क्यों बच्चों पर मानसिक दबाव बढ़ाया जाए? दिखावे की चकाचौंध से प्रभावित होने के बजाय हमें अपने बच्चों के भीतर सद्गुणों का विकास करने पर जोर देना चाहिए। उन्हें छल, फरेब, कपट और कदाचार से बचाकर चलना चाहिए। उन्हें क्या करना है और क्या नहीं करना, यह बात स्पष्ट होनी चाहिए। अपने विद्यार्थियों को यह कहा जा सकता है कि ‘विद्वान बनो गुणवान बनो, निज घर की पहचान बनो। मनचाही सब खुशियां पाओ, एक सच्चा इंसान बनो।’

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

महिलाओं को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। सन्तान की उन्नति से मन उत्साहित रहेगा। लेकिन आपको उन पर ज्यादा दबाव नहीं बनाना चाहिये।

**वृषभ**

व्यय की तुलना में आपकी आय बढ़ेगी। रुकी हुयी परियोजनाओं को शुरू कर सकते हैं। जीवनसाथी को करियर में बड़ी सफलता मिल सकती है।

**मिथुन**

आपको अपने सम्मान की चिन्ता रहेगी। लम्बी दूरी की यात्रा करने से बचें। कफ और सर्दी की शिकायत हो सकती है। बिना पूछे दूसरों को ज्ञान न दें।

**कर्क**

स्थायी सम्पत्ति प्राप्त होने की सम्भावना है। अपने काम पर फोकस करेंगे। साझेदारी वाले व्यवसाय में आपको लाभ हो सकता है।

**सिंह**

कार्यक्षेत्र में अपने विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। आपकी सामाजिक स्थिति मजबूत होगी। महँगी वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं।

**कन्या**

कार्यक्षेत्र में बॉस आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। मन में आध्यात्मिक विचार जन्म लेंगे। शेयर मार्केट में निवेश लाभकारी होगा। छात्र पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**तुला**

आज उधार लेन-देन बिल्कुल न करें। छोटी-छोटी बातों को लेकर परेशान न हों। वरना मुख्य बातों से आपका ध्यान भटक सकता है। अपच की समस्या हो सकती है।

**वृश्चिक**

अपने खानपान की आदतों पर नियन्त्रण रखें। कार्यक्षेत्र में सभी कार्य आपके अनुसार होते जायेंगे। आपकी जीवनशैली बहुत अच्छी रहेगी।

**धनु**

सन्तान के भविष्य की चिन्ता हो सकती है। भाई-बहनों से मन खिन्न हो सकता है। दूसरों के मामलों में टाँग न अड़ायें। युवा अपने करियर को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं।

**मकर**

नयी परियोजनाओं में धन निवेशित कर सकते हैं। लम्बित कानूनी मामलों को लेकर थोड़े परेशान होंगे। महाविद्यालयीन विद्यार्थियों को जॉब के अवसर प्राप्त होने की सम्भावना है।

**कुंभ**

मन में किसी कारण दबाव रहेगा। अति आत्मविश्वास के कारण काम बिगड़ सकते हैं। दाम्पत्य सम्बन्धों में स्वार्थ की भावना को न आने दें। नये प्रयोग कर सकते हैं।

**मीन**

व्यवसाय में आय बढ़ सकती है। परिवार के लोग आपसे बेहद प्रसन्न रहेंगे। अपनी इच्छाओं को पूर्ण करने के लिये तत्पर रहेंगे। आपकी दिनचर्या अनुशासित रहेगी।

# समन्वय समिति की बैठक में डीएम ने की योजनाओं की समीक्षा

## अल्पसंख्यक कल्याण, समाज कल्याण, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों की योजनाओं पर की गई चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** समाहरणालय सभागार में जिलास्तरीय समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को आयोजित की गई। अध्यक्षता डीएम तनय सुल्तानिया ने की। बैठक में डीएम ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की और अद्यतन स्थिति का जायजा लिया। समीक्षा के दौरान अल्पसंख्यक कल्याण, समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों की योजनाओं पर गहन चर्चा की गई। बैठक में 14 अप्रैल से जिले के सभी महादलित टोलों में आयोजित होने वाले विशेष विकास शिविर की व्यापक रूपरेखा पर भी विचार किया गया।



डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस विशेष शिविर के माध्यम से महादलित टोलों के सभी छूटे हुए पात्र लाभुकों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से अच्छादित किया जाए। इन योजनाओं में राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर नल का जल, शौचालय निर्माण कार्य, आयुष्मान भारत योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, कबीर अंत्येष्टि अनुदान योजना, ई-श्रम कार्ड, उज्ज्वला योजना, सार्वजनिक वितरण प्रणाली और दिव्यांगता प्रमाण पत्र जैसी योजनाएं शामिल हैं। डीएम ने 17 अप्रैल से ग्राम संगठन स्तर पर आयोजित होने वाले 'महिला संवाद' कार्यक्रम पर भी विस्तृत चर्चा की। डीपीएम जीविका द्वारा बताया गया कि यह संवाद जिले के 1398 ग्राम संगठनों में निर्धारित रोस्टर के अनुसार 58 दिनों तक चलेगा, जिसमें प्रत्येक दिन दो ग्राम संगठनों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संवाद में महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी, साथ ही उनकी अपेक्षाओं और सुझावों को संकलित किया जाएगा, जिससे महिला सशक्तिकरण को मजबूती मिल सके। इसके अतिरिक्त, डीएम ने कार्यपालक अभियंता (पीएचईडी) को निर्देश दिया कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में नल-जल योजना का कार्य अविलंब पूर्ण कराया जाए। उन्होंने शौचालय निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा 'हर घर नल का जल' योजना के तहत छूटे हुए घरों को शीघ्रता से जोड़ने के भी निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारियों को अपने क्षेत्र के विकास मित्रों से विकास रजिस्टर को अद्यतन कराने और प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी को इसका नियमित अनुश्रवण सुनिश्चित करने का आदेश दिया। डीएम ने सभी अंचलाधिकारी एवं राजस्व पदाधिकारियों को भूमिहीन परिवारों को पर्चा वितरण और भूमि उपलब्धता की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके अलावा, लंबित बिजली भुगतान को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश भी संबंधित पदाधिकारियों को दिए गए। मौके पर डीडीसी, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, डीआरडीए निदेशक, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, पंचायती राज पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर निकाय पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सहित अन्य मौजूद थे।

## एक नजर

### लाभुकों के बीच राशि का वितरण



**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** समाहरणालय सभागार में डीएम तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के अंतर्गत संचालित सामाजिक पुनर्वास कोष से चयनित 18 लाभार्थियों के बीच ?10,000-10,000 की सहायता राशि वितरित की गई। यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और मजबूत कदम है। इस अवसर पर डीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी चयनित लाभार्थियों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं- भरण-पोषण योजना, उद्यमी योजना तथा जीविका द्वारा संचालित अन्य लाभकारी योजनाओं से भी जोड़ने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं, ताकि उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाया जा सके। इस कार्यक्रम में जिला प्रोग्राम अधिकारी, आईसीडीएस, जिला परियोजना प्रबंधक, डब्ल्यूसीडीसी, जिला मिशन समन्वयक, डीएचईडब्ल्यू व अन्य मौजूद थे।

### आरा सीओ को किया गया सम्मानित

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अतिक्रमण हटाने के दौरान आरा अंचल की सीओ पल्लवी गुप्ता महिला अधिकारी जिस साहस और हिम्मत से असामाजिक तत्वों के विरुद्ध लड़ते हुए अतिक्रमण हटाने में कामयाब रही से प्रभावित होकर डॉ जया जैन ने आरा स्थित उनके कार्यालय कक्ष में उन्हें सम्मानित किया।इस दौरान जेपी सेनानी सुनील तिवारी, गुलाब प्रसाद, शिक्षक संतोष सिंह, डॉ एसके विष्णु ने उन्हें अंगवस्त्र और गुलदस्ता भेंट किया। शैक्षणिक एवं सामाजिक कल्याण ट्रस्ट आरा की अध्यक्ष डॉ जया जैन ने अधिकारी से कहा कि आप इस तरह का साहसिक कार्य करते रहे भोजपुर की जनता आपके साथ है। खासकर महिलाओं का एक वर्ग आपके साथ हमेशा खड़ा रहेगा। गौरतलब हो कि आरा सीओ गत दिनों पटेल बस पड़ाव के समीप एनएच सड़क निर्माण में आ रही अतिक्रमणकारियों के कारण रुकावट को लेकर उपर से मिले निर्देश के आलोक में अतिक्रमण सरकारी जमीन से हटवाने गई थी। लेकिन पुलिस बल से इन्हें अपेक्षित सहयोग नहीं मिला। जिसके कारण असामाजिक तत्वों ने इनके साथ जम कर दुर्व्यवहार किया। फिर भी साहस का परिचय देते हुए सीओ ने असामाजिक तत्वों को खदेड़ते हुए सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया। जिसकी चर्चाएं चारों तरफ हो रही है। महिला अधिकारी के इस साहसिक कदम से प्रभावित होकर डॉ जया जैन ने उन्हें सम्मानित किया है।

### शैलेश सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

**बड़हरा/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाजपा नेता शैलेश सिंह की पहली पुण्यतिथि बड़हरा प्रखंड के बखोरापुर में बहुत ही सादगी के माहौल में मनाई गई। पूरे परिवार ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा नेता अजय सिंह ने बताया कि मेरे पिता समान बड़े भाई शैलेश सिंह का पहला पुण्य तिथि पूरे परिवार के साथ उनके तैल चित्र पर पुष्पअर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। मौके पर दिवंगत शैलेश सिंह के पुत्र नीरज सिंह, धीरज सिंह, भाई जितेंद्र सिंह, दो भाभीयाँ और मौसेरे भाई राम प्रताप सिंह सहित सभी लोगों ने श्रद्धांजलि दिया। मैं प्रति दिन उन्हें याद करता हूं। जब तक वो जीवित थे तब तक उनका अहमियत नहीं समझा आज नहीं रहने पर उनकी बहुत कमी खलता है ऐसा कोई दिन नहीं जब एकांत में उनकी याद में आँख से आंसू नहीं आता। यही हाल पूरे परिवार की हो जाती है।

### महाआरती का आयोजन

**कोइलवर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रामनवमी के शुभ अवसर पर, कोईलवर प्रखंड के ग्राम गीधा में अवस्थित शिवमन्दिर के प्रांगण में महाआरती का भव्य आयोजन किया गया एवं प्रसाद वितरण हुआ। इस दौरान गांव के लोगों में खुशहाली का माहौल था। रामनवमी का त्योहार कीर्तन भजन के साथ धूम-धाम से मनाया गया। शिव मंदिर के महाराज जी, सतेंद्र बहादुर सिंह, देवेंद्र सिंह, संजय सिंह, मिथिलेश सिंह, सौरभ सिंह (भाजपा जिला प्रवक्ता), पवन सिंह, ऋषभ एवं तमाम ग्रामवासियों ने रामनवमी के अवसर पर विश्व कल्याण की प्रार्थना की।

### अगलगी में तीन झोपड़ियां जलीं

**बड़हरा/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गंगापार खवासपुर पंचायतके कचहरी टोला में तीन लोगों के झोपड़ी नुमा घर में आग लगने से घर जलकर राख हो गया। आग लगने का कारण का पता नही चल सका है। बताया जा रहा कि लक्ष्मण बिंद, छठु बिंद व सुरेंद्र बिंद के घर में अचानक आग लग गई। जब उनके परिवार के लोग रविवार शाम मजदूरी करने गये थे। स्थानीय लोगों के मदद से आग पर काबु पाया गया। सोमवार को अंचल कार्यालय से कर्मी कचहरी टोला पहुंचे थे। क्षति का आकलन किया। उसके बाद वापस चले गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि थाना में आवेदन मिला है। अगलगी में भूसा समेत अन्य सामान जले है।

# दो हजार श्रद्धालुओं के बीच हनुमान चालीसा का वितरण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगदीशपुर/भोजपुर।** भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष व नपं के पूर्व वार्ड पार्षद सुरेंद्र साह ने रामनवमी के अवसर पर दो हजार श्रद्धालुओं के बीच हनुमान चालीसा की पुस्तक का वितरण किया। उन्होंने नगर के वार्ड संख्या 3 के डीएम रोड स्थित अपने आवास के समीप शिविर लगाया और राम भक्तों को हलवा व हनुमान चालीसा की पुस्तक भेंट कर स्वागत किया। सुरेंद्र साह ने कहा कि जब भी कोई त्योहार आता है तो मैं श्रद्धालुओं का स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि हर वर्ष छठ पूजा, दशहरा व रामनवमी समेत अन्य त्योहारों पर श्रद्धालुओं का स्वागत करने का सौभाग्य उन्हें मिलता है।

# सेमरांव में श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को ले निकाली गई जलभरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गड़हनी/भोजपुर।** चरपोखरी प्रखंड के सेमरांव गांव में बजरंगबली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हो रहे साप्ताहिक श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ को ले सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। सैकड़ों ग्रामीणों में महिला पुरुष पीला वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लेकर हाथी घोड़ा बैंड बाजा के साथ यज्ञ स्थल से श्री श्री 1008 भागवतानंद जी महाराज के सानिध्य में कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा स्कूल होते हुए सेमरांव गांव पार कर देवढ़ी के पास नदी में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलभरी कर यज्ञ स्थल पर पहुंचा। कलश यात्रा में एक ही मंत्र जय बजरंगी, जय श्रीराम का जयघोष हो रहा था। यह यज्ञ समस्त



सेमरांव गांव के ग्रामीणों के सहयोग से श्रीधाम अयोध्या से आये श्री श्री 1008 श्री भागवतानंद जी महाराज के द्वारा नव निर्मित बजरंगबली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को ले हो रहा है। जो 13 अप्रैल को विशाल भंडारा के साथ सम्पन्न होगा। 8 अप्रैल को मंडप पूजन व अग्नि आह्वान 9 अप्रैल को महाबीर जी आमंत्रण पूजन 12 को हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव व 13 को यज्ञ पूर्णाहुति व विशाल भंडारा के साथ यज्ञ समापन होगा। यज्ञ में प्रतिदिन शाम में बनारस व अयोध्या सहित कई जगहों से आये प्रवचन कर्ता के द्वारा सायं 5 बजे से हनुमान कथा व भागवत कथा किया जाता है। भगवान कथा के बाद कई जगहों से आये कीर्त्तन मंडली के द्वारा रात्रि को भजन कीर्तन भी किया जायगा। यज्ञ में आये सभी सांधु-संतो को रहने-खाने सहित सभी समुचित व्यवस्था यज्ञ कमिटी के द्वारा की गई है।

# कमजोर वर्ग की महिलाओं के लिए सिलाई-कटाई एवं पोशाक निर्माण का निःशुल्क प्रशिक्षण शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोइलवर/भोजपुर।** भोजपुर की प्रमुख सामाजिक संस्था आसरा सेवा केंद्र द्वारा चांदी गांव में सोमवार से कमजोर वर्ग की महिलाओं के लिए सिलाई-कटाई एवं पोशाक निर्माण का निःशुल्क प्रशिक्षण शुरू किया गया। यह प्रशिक्षण दो माह तक चलेगा। इसमें चांदी एवं आसपास के गांवों की 40 महिलाएं/लड़कियां प्रशिक्षण ले रही हैं। उद्घाटन पद्मश्री भीम सिंह भवेश ने किया। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में ललित कला अकादमी, नेपाल की पूर्व कुलपति रागिनी उपाध्याय एवं महिला कॉलेज, आरा की पूर्व प्रधानाचार्य प्रो. कमल कुमारी उपस्थित थीं। अध्यक्षता बिहार संग्रहालय, पटना के अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा ने की। सर्वप्रथम आसरा सेवा केंद्र के सचिव कैलाश प्रसाद



सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि बिहार राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम, पटना और दिल्ली की प्राख्यात सोलर निर्माता कंपनी इनभर्टेड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से इस प्रशिक्षण की शुरुआत की गई है। इस प्रशिक्षण में विभिन्न जाति एवं धर्म की महिलाओं को सिलाई-कटाई एवं पोशाक निर्माण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण की समाप्ति के दिन सभी सफल प्रशिक्षणार्थियों को मुफ्त में सिलाई मशीन वितरित की जाएगी ताकि वे उससे अपना स्वतंत्र व्यवसाय शुरू कर सकें। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए महिला कॉलेज, आरा की पूर्व प्रधानाचार्य प्रो. कमल कुमारी ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर होना बहुत जरूरी है। उन्होंने सिलाई-कटाई प्रशिक्षण की सराहना की है और कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से महिलाएँ आर्थिक रूप से मजबूत होगी और उनके जीवन स्तर में सुधार आयेगा। उद्घाटन भाषण में पद्मश्री भीम सिंह भवेश ने कहा कि महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से आसरा सेवा केंद्र द्वारा प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह प्रशिक्षण निम्न एवं कमजोर वर्ग की महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान करेगा। उन्होंने इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सेवा केंद्र की सराहना की। नेपाल से आयीं रागिनी उपाध्याय ने कहा कि इस उद्घाटन समारोह में शामिल होकर मुझे हार्दिक प्रसन्नता हुई है। मैं प्रयास करूंगी कि भारत के नेपाल दूतावास के सहयोग से इस तरह का और भी प्रशिक्षण भोजपुर जिले में आयोजित किये जायें। उन्होंने उम्मीद जतायीं कि प्रशिक्षण के बाद महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे और वे आत्मनिर्भर बनेंगी। अपने अध्यक्षीय भाषण में बिहार संग्रहालय के अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा ने कहा कि कुछ-कुछ समय के अंतराल पर ऐसे प्रशिक्षण होते रहना चाहिए। इस तरह के प्रशिक्षण से महिलाएँ आर्थिक रूप से मजबूत होगी और उनके जीवन स्तर में सुधार आयेगा। महिलाओं को प्रशिक्षण आरा की प्रशिक्षिका जैनब खातून और सुफिया कौसर दे रही हैं। धन्यवाद ज्ञापन आसरा सेवा केंद्र की क्यूरेटर फिरदौस कौसर ने किया।

# जल जमाव की समस्या को ले नाला निर्माण शुरु

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मुख्यमंत्री, नीतीश कुमार द्वारा प्रगति यात्रा के दौरान आरा नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम के तहत आउटफॉल नाला एवं संप हाउस निर्माण की घोषणा की गई थी। इस महत्वपूर्ण परियोजना के क्रियान्वयन को लेकर भोजपुर के डीएम तनय सुल्तानिया के निर्देशानुसार बुडको की टीम द्वारा अलाइनमेंट बी के अंतर्गत निर्माण कार्य की शुरुआत कर दी गई है, जबकि शेष दो अलाइनमेंट का कार्य प्रक्रियाधीन है। अलाइनमेंट बी की योजना के अनुसार यह नाला रेलवे माल गोदाम से प्रारंभ होकर महावीर स्थान, नवादा चौक, करमन टोला और बड़ी मठिया होते हुए गांगी नदी आरा तक जाएगा। यह परियोजना आरा नगर निगम क्षेत्र में जलजमाव की पुरानी समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में एक अहम कदम है।

# दीक्षांत सह सम्मान समारोह में छात्रों को किया गया सम्मानित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगदीशपुर/भोजपुर।** दिलीप नारायण +2 उच्च विद्यालय कहथू मसूढी, जगदीशपुर में दीक्षांत सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी मो अहसन और मुखिया उमेश कुमार कुशवाहा ने 12वीं और 10वीं के सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया। वही नवम और 11वीं के छात्रों को उनके अंक पत्र वितरित किए गए। डीईओ ने सभी छात्र-छात्राओं को बेहतर ढंग से पढ़ाई करने की अपील की और कहा कि आप अगर बेहतर करोगो तो इससे माता पिता का नाम रोशन होगा। विद्यालय में नामांकन अभियान भी चलाया जा रहा है। वही मुखिया ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका कंचन कामिनी, प्रभात पांडे, अरुण कुमार पांडे, रंजन तिवारी और अन्य मौजूद रहे।

# फोर्टिफाइड चावल को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगदीशपुर/भोजपुर।** भोजपुर के जगदीशपुर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी कार्यालय में सोमवार को जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को फोर्टिफाइड चावल के प्रचार-प्रसार को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण की अध्यक्षता प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमृता कुमारी ने की। इसमें फोर्टिफाइड चावल की विशेषताओं और इसके लाभों की जानकारी दी गई। बताया गया कि फोर्टिफाइड चावल से पोषण बेहतर होता है। इससे स्वास्थ्य भी सुरक्षित रहता है। पीडीएस दुकानदारों को निर्देश दिया गया कि वे लाभुकों को जागरूक करें। फोर्टिफाइड चावल के उपयोग को लेकर प्रचार करें। प्रशिक्षण में विक्रेताओं को बताया गया कि उनकी दुकानों पर मिलने वाले फोर्टिफाइड चावल के क्या लाभ हैं। सभी पहलुओं की जानकारी देकर उन्हें सक्रियता से कार्य करने को कहा गया। इस दौरान ई-केवाईसी पर भी चर्चा हुई। मौके पर डीलर संघ के प्रखंड अध्यक्ष नंद कुमार सिंह, कार्यपालक सहायक संजय नैना, प्रखंड समन्वयक सत्यप्रकाश, डीलर दीपक प्रकाश, संजय सिंह, प्रभंश सिंह, साधुशरण सिंह, शिवजी चौधरी, वकील राम सहित दर्जनों पीडीएस दुकानदार मौजूद रहे।

## नम आंखों से भक्तों ने दी मां को विदाई

**जगदीशपुर/भोजपुर।** जगदीशपुर स्थित शिवजी पोखरा सह छठिया तालाब में सोमवार को मां काली की प्रतिमा का परंपरागत तरीके से विसर्जन किया गया। विसर्जन के पूर्व मां का प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया गया। काफी संख्या में लोग डीजे पर बज रहे भक्ति संगीत की धुन पर नाचते गाते तथा मां का जयकारा लगाते हुए नगर भ्रमण किया। इससे पहले नगर के वीर कुंवर सिंह किला गेट के समीप श्री मां अनुपमा महाकाली पूजा समिति द्वारा मां काली की स्थापित प्रतिमा को वैदिक मंत्रोच्चारणो के बीच पूजा अर्चना व हवन अनुष्ठान के बाद भक्तों ने माता का आशीर्वाद लेकर नम आंखों से उनकी विदाई दी। वही, सदर बाजार स्थित महावीर मंदिर प्रांगण में नपं चेयरमैन संतोष कुमार यादव को समिति द्वारा भगवा गमछा और राधा कृष्ण का मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

# स्कॉटिश पब्लिक स्कूल में रिजल्ट वितरण समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** सोमवार को स्कॉटिश पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर, अररिया के प्रांगण में वार्षिक रिजल्ट का वितरण सभी वर्ग शिक्षकों की उपस्थिति में तथा गार्जियन की मौजूदगी में किया गया। तकरीबन 70% गार्जियन अपने बच्चों का रिजल्ट लेने के लिए स्कूल प्रांगण में उपस्थित थे।

इस मौके पर स्कूल के निदेशक कुमार अनूप ने बेहतरीन रिजल्ट के पीछे का कारण बताते हुए कहा कि हम ने जितने भी गाइडलाइंस दिए, हमारे सभी शिक्षकों ने उसका शत प्रतिशत पालन किया। परीक्षा विभाग से लेकर सभी शिक्षक, कोऑर्डिनेटर कुमार आर्यन एवं प्राचार्य मोहम्मद दबीर आलम ने डायरेक्टर सर के निर्देश को शत प्रतिशत लागू करवाने में अपना भरपूर सहयोग दिया, जिसका नतीजा है कि इतना अच्छा एवं त्रुटि विहीन रिजल्ट सामने आया। निदेशक ने आगे कहा कि आने वाले कमिंग सेशन में हमारा लक्ष्य है, इंग्लिश स्पीकिंग एनवायरनमेंट प्रदान करना है। आज का कार्यक्रम सफल पूर्वक शुरू हुआ, इसमें हमारे कोऑर्डिनेटर कुमार आर्यन का पूर्ण सहयोग रहा। रिजल्ट



वितरण की शुरुआत स्कूल के प्राचार्य मोहम्मद दबीर आलम के अभिभाषण से हुआ। अपने वक्तव्य में प्राचार्य ने तीन बातों का खास तौर पर उल्लेख किया। नंबर एक बीते वर्ष पूरे सत्र के दौरान निर्देशक कुमार अनूप मुख्य रूप से सक्रिय रहे। नई-नई एवं कारगर योजना एवं उपाय जो छात्र-छात्राओं के रिजल्ट को बेहतर बना सके, पूरे सत्र में उन उपायों एवं योजनाओं को लागू करने का निर्देश दिया। उनके निर्देशानुसार क्लासेस करवाए गए तथा लेसन प्लान के साथ टीचर्स वर्ग में जाते रहे एवं पठन-पाठन का काम करते रहे। तभी जाकर इतना शानदार रिजल्ट बच्चों का हो पाया। अपने-अपने कक्षा में रैंकर्स को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले बच्चे बच्चियों को शील्ड देकर सम्मानित भी किया गया। सभी छात्र-छात्राओं में रिजल्ट के प्रति उत्साह देखने को मिला। गार्जियन भी अति प्रसन्न नजर आए। स्कूल प्रबंधन की ओर से अभिभावकों एवं बच्चों के लिए तथा सभी शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के लिए खाने-पीने का उत्तम प्रबंध किया गया था। अंत में स्कूल के निदेशक महोदय ने कहा कि रिजल्ट डिस्ट्रीब्यूशन कार्यक्रम को सफल बनाने में हमारे सभी स्टाफ टीचिंग एवं नॉन टीचिंग के सहयोग से परिणाम वितरण कार्यक्रम सफल पूर्वक संध्या 3:00 बजे समाप्त हुआ। अपने समापन भाषण में निदेशक ने सभी स्टाफ को अपनी ओर से धन्यवाद दिया कुमार आर्यन (कोऑर्डिनेटर) एवं प्राचार्य मोहम्मद दबीर आलम ने भी अपनी पूरी टीम को धन्यवाद दिया। दूसरी बात जो हमारे निदेशक महोदय ने कहा था । वह यह कि बाहर से जो टीचर आए हैं, उनको अच्छी व्यवस्था के साथ स्कूल के अंदर उनके रहने खाने-पीने की व्यवस्था की गई और वह टीचर्स यहां लगातार हमारे साथ बने हुए हैं, और जितने भी टीचर्स हैं उसमें ज्यादातर टीचर्स बाहर के हैं कोई सिलीगुड़ी से हैं, कोई कानपुर से है ,कोई अलीगढ़ से हैं, इस तरह से दूर-दूर के टीचर्स यहां पर आए हुए हैं । सभी वेल क्वालिफाइड टीचर्स है। यहां पर शिक्षन का कार्य कर रहे है, और तीसरी बात यह के जो हमारे निदेशक महोदय हैं उन्होंने अपनी नई योजना जो लागू उन्होंने करने का निर्देश दिया है। वह अगले सत्र में हम स्कूल को इंग्लिश स्पीकिंग एनवायरनमेंट के रूप में देखना चाहते हैं और बच्चों के बीच में इंग्लिश स्पीकिंग करवाना कंपलसरी होगा। कोई भी बच्चे इंसाइड द केंपस हिंदी में बात नहीं करेंगे यही उनका मकसद है आने वाले दिनों में नए सेशन में हम लोग इस चीज को सख्ती से लागू करेंगे।

CMYK

# विकास से संबंधित योजनाओं को मानसून से पहले कराएं पूर्ण : प्रभारी मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** सूबे के शिक्षा मंत्री-सह- पूर्वी चम्पारण के प्रभारी मंत्री सुनील कुमार की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना की समीक्षात्मक बैठक आज डॉ राधाकृष्णन सभागार में संपन्न हुई। बैठक के प्रारंभ में प्रभारी मंत्री सहित सभी विधायक एवं विधान पार्षद गण का जिलाधिकारी ने स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि 5 अप्रैल 2025 को सरकार से पत्र प्राप्त हुआ जिसके आलोक में यह बैठक आज कराई जा रही है। यह बैठक पूरे बिहार में जिला स्तर पर सर्वप्रथम यहां कराई जा रही है। जिलाधिकारी के द्वारा प्रभारी मंत्री सहित उपस्थित सभी विधायक एवं विधान पार्षद गण का इसको लेकर धन्यवाद दिया गया कि इतनी कम समय की सूचना




में बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि इस बैठक का उद्देश्य नगर विकास से संबंधित माननीय गण के स्तर से जो भी योजनाएं आनी है वह प्राप्त हो जाए ताकि उसका क्रियान्वयन तेजी से कराया जा सके। प्रभारी मंत्री के द्वारा इस पर निर्देश दिया गया कि जो भी निविदा निकल गई है उसके एजेंसी का चयन करते हुए एजेंसी को शीघ्र कार्यादेश निर्गत किया जाए और मानसून के पहले नगर विकास की सभी योजनाओं को पूर्ण कराई जाएद्य मंत्री के पूछने पर कार्यपालक अभियंता ने बताया कि 15 मई तक चयनित एजेंसी से एग्रीमेंट करके योजनाओं से संबंधित कार्योदेश निर्गत कर दिया जाएगा। मंत्री के द्वारा निर्देश दिया गया कि जो नियम है उसका पूर्ण अनुपालन कराई जाए तथा कार्य से संबंधित गुणवत्ता प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया जाए। मंत्री ने कहा कि कहीं से भी गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नगर निकाय के कार्यपालक पदाधिकारियों से कार्य में पूरी पारदर्शिता रखने का निर्देश देते हुए कहा कि किस योजना में कितनी राशि प्राप्त है उसकी जानकारी वार्ड पार्षद गण को निश्चित रूप से दिया जाए। कौन सी योजना ली जा रही है कि योजना पर कार्य चल रहा है इसकी भी जानकारी वार्ड पार्षद गण को दिया जाए। उन्होंने कहा कि चयनित योजना वार्ड पार्षदों की बैठक में पास होनी चाहिए तथा बैठक से संबंधित नियमित रूप से प्रोसिडिंग निकाले एवं उसका अनुपालन प्रतिवेदन सभी संबंधित वार्ड पार्षद गण को ससमय उपलब्ध करा दी जाए। मंत्री ने कहा कि योजना के चयन से संबंधित बैठकों की सूचना सभी वार्ड पार्षदों को कम से कम एक सप्ताह पूर्व दे दी जाए। उन्होंने कहा कि योजना के प्रारंभ में ही योजना से संबंधित स्थल पर एक सूचनापट लगवा दी जाए जिस पर योजना से संबंधित सारा डिटेल्स अंकित रहे कि अमुक काम कितनी राशि की है , योजना कब पूर्ण होगी, किस एजेंसी के द्वारा कार्य किया जा रहा है, एजेंसी का मोबाइल नंबर एवं संबंधित कनीय अभियंता का मोबाइल नंबर भी अंकित कराई जाए। इससे सरकारी कार्यों में पारदर्शिता बनी रहेगी। मोतिहारी स्थित मोतीझील के सौंदर्यीकरण को लेकर माननीय मंत्री ने कहा कि इसके लिए एक अच्छा कंसलटेंट का चयन कर लिया जाए। बुडको के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि लगभग 30 करोड़ की राशि से मोतीझील के सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। अभी जलकुंभी हटाने के लिए मशीन मंगाया गया है। झील के किनारे पथ निर्माण विभाग के द्वारा सड़क का निर्माण भी कराया जा रहा है जिसे जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा। बैठक में विधायक प्रमोद कुमार, सुनील मणि तिवारी, श्याम बाबू यादव, शालिनी मिश्रा, पवन कुमार जायसवाल, प्रमोद कुमार सिंहा, विधान पार्षद खलील अहमद एवं (डॉ) वीरेंद्र नारायण यादव , जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात, नगर आयुक्त नगर निगम मोतिहारी सौरभ सुमन यादव सहित नगर विकास के अन्य पदाधिकारी तथा जिला के सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर जिला जज ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर जहानाबाद जिले के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ब्रजेश कुमार की अध्यक्षता में जहानाबाद एवं अरवल जिले के न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों से जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि आगामी 10 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर सभी सुलहनीय मामलों को ज्यादा से ज्यादा चिन्हित कर नोटिस तैयार करने की सभी प्रक्रिया जल्द पूरी करें और तैयार नोटिस को न्यायालय में किए गए प्रतिनियुक्ति पारा विधिक स्वयंसेवक के माध्यम से एवं पुलिस थाना के द्वारा तामिला कराई जाय। उन्होंने यह भी बताया कि प्रतिदिन प्री सीटिंग के माध्यम से मामला निष्पादन कराने के भी सभी सार्थक पहल भी की जाय। इस दौरान प्रधान जिला जज ने यह भी



कहा कि सभी न्यायालय में पारा विधिक स्वयंसेवक की प्रतिनियुक्ति नोटिस तैयार करने एवं उसका तामिल करने के कार्य के सहयोग हेतु सचिव द्वारा किया जा चुका है, इनका पूरा सहयोग

**बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े अरवल जिले के न्यायिक पदाधिकारी**

प्राप्त करें। पूर्व राष्ट्रीय लोक अदालत में किए गए निष्पादन मामलों से अधिक मामलों का निपटारा कराने का लक्ष्य रखा गया है इसे हासिल करने के लिए हम सभी सार्थक पहल करे। आमजनों को इसका लाभ मिले इसके लिए सभी को विधिक मापदंडो को पूरा करते हुए लचीला रुखअपनाना होगा। तभी ज्यादा मामला निस्तारित किया जा सकता है। इस बैठक में रंजीत कुमार सचिव, कौशलेंद्र कुमार शुक्ला मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, अनीश कुमार अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अंकित रंजन एवं आलोक कुमार न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी तथा अरवल जिले के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सहित सभी न्यायिक दंडाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से शामिल थे।

# मखदुमपुर और टेहटा थाना क्षेत्र में नही थम रही चोरी की वारदातें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के टेहटा और मखदुमपुर थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की वारदात अब थमने का नाम नही ले रही हैं। दोनो थाना क्षेत्र में आए दिन किसी ना किसी दुकान में चोरी हो रही है। एक दिन पूर्व भी टेहटा थाना क्षेत्र में एक गुमटी एवं दुकान में चोरी की घटना हुई है। वहीं प्राप्त जानकारी के मुताबिक रविवार की रात खुशबू मेडिकल हॉल में अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। दुकानदार प्रदीप कुमार ने बताया कि वे हर दिन की तरह रविवार को भी देर शाम अपना मेडिकल हॉल को बंद कर घर चले गए थे। सोमवार की सुबह उनके पड़ोसियों ने उन्हें सूचना दिया की आपके दुकान का ताला टूटा हुआ है। उन्होंने बताया कि जब वे दुकान में आए तो देखा की दुकान के नकद पेटी में रखे पैसा, खांसी का सिरप, सहित अन्य सामान की चोरी हो गई है। उन्होंने चोरी की घटना में नुकसान का आकलन करते हुए बताया कि घटना में लगभग 15 से 20 हज़ार रुपये नकद, दवा एवं अन्य सामान की चोरी हुई है। वहीं लगातार घटित हो रही चोरी की घटना के बाद दुकानदारों में भय का माहौल बना हुआ है। यहां दुकानदारों ने बताया कि आए दिन किसी न किसी दुकान में चोरी की वारदात हो रही है। जिससे हम स्थानीय बाजार के दुकानदारों में भय का माहौल बना हुआ है।

# नि :शुल्क लाईब्रेरी एवं आईटीलैब की सुविधा की हुई शुरुआत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** बिहार सरकार श्रम संसाधन विभाग, निदेशालय (नियो.) बिहार पटना के निदेशानुसार जिला नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेंटर पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी के द्वारा संयुक्त श्रम भवन मोतिहारी (महिला औद्योगिक संस्थान मोतिहारी के बगल में) में निःशुल्क लाईब्रेरी एवं आईटी लैब की सुविधा की शुरूआत की गई है। जिला नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेंटर पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी के कैंपस में प्रतियोगिता परीक्षा से जुड़े प्रतिभागियों की सुविधा के तहत निःशुल्क पुस्तकालय एवं आईटीलैब का संचालन किया जा रहा है। यहाँ प्रतियोगी परीक्षा और इससे जुड़े विद्यार्थियों के लिए पुस्तके एवं कंप्यूटर उपलब्ध है। पठन कक्ष एवं आईटी लैब इंटरनेट समेत अन्य सुविधाओं से सुसज्जित है। गएट्ट पोर्टल पर निबंधित प्रतिभागी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए पुस्तकालय एवं आईटी लैब का निःशुल्क इस्तेमाल कर सकते हैं। विशेष जानकारी हेतू कार्यालय के मोबाईल न0-7261812816 पर संपर्क कर सकते हैं।

# डीडीसी ने किया आवास सर्वेक्षण के कार्यों का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** उप विकास आयुक्त शंभू शरण पांडेय के द्वारा अरेराज प्रखंड में चलो गांव की ओर अंतर्गत ग्रामीण विकास के कार्यों में आवास सर्वेक्षण के कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अरेराज के नगदाहा पंचायत के महादलित टोला में आवास से छूटे हुए लाभुकों से वार्ता किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि एक भी योग्य लाभुक को आवास योजना से बंचित नहीं रखना है, सर्वेक्षण का समय अप्रैल माह तक ही है। इसके पश्चात लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत पंचायत में वार्ड संख्य 8 में अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई एवं सामुदायिक



स्वच्छता परिसर का उद्घाटन किया गया तथा प्रतिदिन डोर टू डोर कचरा कलेक्शन उठाव के टीम को हरी झंडी दिखा ई रिक्शा पदल रिक्शा को रवाना किया गया। पृथक्कीकरण एवं जैविक खाद निर्माण के लिए निदेश दिया गया। उप विकास आयुक्त के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी, एवं पंचायत सचिव को स्वच्छता पर्यवेक्षक के कार्यालय, शौचालय एवं द्द रिक्शा के लिए चार्जिंग पॉइंट सुविधा नहीं रहने पर नाराजगी जताई गई एवं सुविधा सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। यहां पर ग्रामीणों को हरा एवं नीला डस्टबीन के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया एवं छूटे हुए घरों में एक माह में शौचालय निर्माण पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। पंचायत सरकार भवन के निर्माण का निरीक्षण किया गया एवं इसे जल्द पूर्ण कर आरंभ हेतु निदेश दिया गया। मनरेगा के अंतर्गत निर्मित खेल मैदान हेतु पंचायत में स्थल का निरीक्षण किया गया साथ ही तालाब का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त श्री पांडेय द्वारा मिश्रालिया एवं चिंतामनपुर पंचायत में खेल के मैदान का निरीक्षण किया गया एवं गुणवत्ता पूर्ण कार्य का निर्देश दिया गयाद्य आज के निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त के साथ निदेशक डीआरडीए, प्रखंड विकास पदाधिकारी अरेराज जिला समन्वयक लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, पीओ मनरेगा एवं अन्य उपस्थित थे।

# चमकी बुखार से बचाव को लेकर प्रधानाध्यापकों की बैठक संपन्न

**बच्चों को चेतना सत्र में दी जाएगी जानकारी, अभिभावकों को भी किया जाएगा जागरूक**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)।** गर्मियों के दस्तक के साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने चमकी बुखार को लेकर सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। इसी क्रम में सोमवार को स्थानीय बीआरसी सभागार में प्रखंड क्षेत्र के सभी सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी बीईओ मोहम्मद इफ्तेखार दानिश एवं चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आशुतोष कुमार ने संयुक्त रूप से की। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. आशुतोष कुमार ने कहा कि चमकी बुखार गर्मी के मौसम में बच्चों के लिए घातक सिद्ध हो सकता है, इसलिए समय रहते एहतियात बरतना बेहद आवश्यक है। उन्होंने प्रधानाध्यापकों



को इस बीमारी के लक्षण, कारण और रोकथाम के उपायों की जानकारी दी। प्रभारी बीईओ ने सभी एचएम (प्रधानाध्यापकों) को निर्देशित किया कि वे चेतना सत्र के माध्यम से बच्चों को चमकी बुखार के लक्षणों और बचाव के उपायों की जानकारी दें। इसके साथ ही प्रत्येक बच्चे से यह जानकारी भी प्राप्त करें कि उसके घर या परिवार में किसी अन्य बच्चे को बुखार तो नहीं है। अभिभावक बैठक के दौरान सभी माता-पिता को इस बीमारी के प्रति जागरूक करने पर विशेष बल दिया गया। बैठक के दौरान सभी प्रधानाध्यापकों को ओआरएस घोल और पैरासिटामोल टैबलेट भी वितरित किए गए, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत प्राथमिक उपचार किया जा सके। इस महत्वपूर्ण बैठक में यूनिसेफ के बीएमसी मुनेन्द्र कुमार समेत प्रखंड क्षेत्र के सभी सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।

# जिले में विधिक जागरुकता शिविरों का आयोजन 12 अप्रैल से 27 अप्रैल तक

**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जहानाबाद द्वारा 'न्यूनतम कार्य योजना 2024' के तहत विशेष टीम का गठन**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जहानाबाद जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिले के अलग-अलग स्थानों पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में 12 अप्रैल को जहानाबाद के दो स्थानों पर विधिक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पहले दिन जहानाबाद जिले के मखदूमपुर प्रखंड अंतर्गत छरियारी पंचायत में पूर्वाह्न 11:00 बजे से जागरूकता शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर मानसिक रूप से अक्षम एवं दिव्यांगजनों हेतु विधिक सेवाएं एवं दिव्यांगजन योजना-2024 के संबंध में जागरुकता पैदा करने के लिए आयोजित किया जाएगा। जागरुकता शिविर में वक्ता के रूप में पैनल अधिवक्ता सुजीत कुमार, पीएलवी सीमा कुमारी होंगे। वहीं इसी दिन दूसरा शिविर जहानाबाद प्रखंड अंतर्गत जामुक पंचायत में पूर्वाह्न 11:00 बजे से आयोजित किया जाएगा। यहां भी मानसिक रूप से अक्षम एवं दिव्यांगजनों हेतु विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें पैनल अधिवक्ता जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव तथा पीएलवी मंजू देवी मुख्य वक्ता के रूप में भाग लेंगे। कार्यक्रम में संबंधित पंचायत के पंचायत प्रतिनिधि, सेविका एवं आशा कार्यकर्ता भी शामिल रहेंगी बताया गया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के वंचित वर्ग, विशेषकर मानसिक व बौद्धिक दिव्यांग व्यक्तियों को उनके विधिक अधिकारों तथा कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना शामिल है।

# महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल : 'महिला संवाद' कार्यक्रम की तैयारी हेतु बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** बिहार ग्रामीण आजीविका संवर्द्धन सोसाइटी (जीविका) के तहत 'महिला संवाद' कार्यक्रम की शुरुआत महिलाओं के सामाजिक सशक्तिकरण और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से की जा रही है। इस क्रम में जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय की अध्यक्षता में महिला संवाद कार्यक्रम की तैयारी को लेकर एक बैठक का आयोजन समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स में किया गया। बैठक में जीविका के जिला कार्यक्रम प्रबंधक, सामाजिक विकास सलाहकार, प्रखंड परियोजना प्रबंधक, सामुदायिक समन्वयक सहित अन्य संबंधित



पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा बताया गया कि महिला संवाद एक ऐसी पहल है जो गांव, पंचायत, प्रखंड एवं जिला स्तर पर सामाजिक मुद्दों जैसे- लैंगिक समानता, बाल विवाह, घरेलू हिंसा, पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि विषयों पर महिलाओं को जागरूक करने एवं संवाद स्थापित करने की दिशा में कार्य करेगी। यह कार्यक्रम चार स्तरीय संरचना में संचालित होगा राज्य, जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर जिसमें सभी संबंधित पदाधिकारी और जीविका की सामुदायिक संस्थाएं मिलकर कार्य करेंगी। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना समाज का समावेशी विकास संभव नहीं। महिला संवाद कार्यक्रम के माध्यम से हमें उनकी आवाज़ को मंच देना है और स्थानीय मुद्दों पर खुलकर बात करनी है। इस दौरान बैठक में यह भी तय किया गया कि प्रत्येक प्रखंड में मासिक रूप से कम से कम दो महिला संवाद सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों में ऑडियो-विज़ुअल माध्यम, प्रेरक कहानियां, चर्चा एवं समूह गतिविधियों के ज़रिए महिलाओं को जागरूक किया जाएगा। रिपोर्टिंग और निगरानी हेतु एमआईएस आधारित तंत्र की व्यवस्था की जा रही है, जिसमें संवाद सत्रों की पूरी सूचना क्रमवार रूप से ग्राम संगठन से लेकर राज्य स्तर तक साझा की जाएगी।

# अनियंत्रित ट्रक का कहर : बाइक सवार सहित पैदल अधेड़ यात्री को मारी टक्कर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले में एक अनियंत्रित ट्रक ने सड़क पर कहर बरपाया। पहले ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मारी और भागने के क्रम में एक पैदल यात्री को भी रौंद डाला। इस हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में घायल तीनों व्यक्तियों को स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल, जहानाबाद लाया गया। चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को पीएमसीएच रेफर किया गया गया है, जबकि एक अन्य को परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना काको थाना क्षेत्र के हबीबपुर गांव निवासी सिद्धि कुमार और मुकुल कुमार के साथ हुई है, जो बाइक से साहोबिगहा की ओर जा रहे थे। तभी घोषी की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक ने गराई बिगहा के पास उन्हें टक्कर मार दी। ट्रक जब भागने की कोशिश कर रहा था, तभी उसी रास्ते पर शौच से लौट रहे गराई बिगहा निवासी अधेड़ बिजय यादव को भी कुचल दिया। टक्कर के बाद बिजय यादव सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरे। स्थानीय लोगों की तत्परता से ट्रक को पकड़ लिया गया और पुलिस को सूचित किया गया। इस घटना में गंभीर रूप से घायल सिद्धि कुमार की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

## एक नजर

### पोखर में डूबने से किशोर की मौत

**पालीगंज (पटना)।** दुल्हिनबाजार थाना क्षेत्र के उलार गांव में रविवार की शाम एक दर्दनाक हादसे में छह वर्षीय बालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव निवासी राम प्रसाद पासवान के पुत्र शुभम कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार शुभम गांव के सूर्य मंदिर के समीप स्थित पोखर में नहाने गया था, जहां पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही दुल्हिनबाजार थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल, पालीगंज भेज दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

### महायज्ञ की तैयारी को लेकर बैठक

**केसरिया (पूर्वी चम्पारण)।** प्रखण्ड क्षेत्र के पूर्वी चम्पारण गोंछी गांव के गिरि टोला में एक विशाल मंदिर का निर्माण हुआ है।उस मंदिर में आगामी दस अप्रैल से चौदह अप्रैल तक होने वाले प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का तैयारी को लेकर कर मंदिर परिसर में एक बैठक हुई बैठक में माया शंकर गिरि ने बताया कि शिव लिंग राजस्थान के जयपुर से मंगाया गया है और राम, लखन, सीता, शनिदेव, आदि के मुर्ती बनारस से मंगाया गया है वहीं वहीं विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। संत महात्मा का प्रवचन खेल तमाशा का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी जोरों पर चल रही है। इस बैठक में मुख्य रूप से बिनोद गिरि, विव बालक गिरि, राजेन्द्र गिरि,शुशील गिरि, बालेश्वर गिरि, नवल किशोर गिरि, राज किशोर गिरि, मनोज, संजय,पप्पु सुनील प्रेम चन्द्र गिरि, राम मंगल गिरि, अरुण गिरि आदी लोगों भाग लिया।

### ग्रामीण विकास मंत्री का आगमन 15 को

**आदापुर (पूर्वी चंपारण)।** आदापुर प्रखंड के भेलाही हाईस्कूल प्रांगण में आगामी 15 अप्रैल को ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार के प्रस्तावित आगमन को लेकर जदयू कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक जदयू के वरिष्ठ नेता मुकेश पटेल के आवास पर संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश महासचिव भुवन पटेल ने की। बैठक में मंत्री के आगमन को सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार की गई। भुवन पटेल ने बताया कि मंत्री जी के आगमन पर आदापुर और आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी, ताकि अधिक से अधिक लोग उनके विचारों और योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। इस अवसर पर जदयू के कई प्रमुख कार्यकर्ता और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में सुभाष सिंह, रविंद्र पटेल, मनोज पटेल, विनोद कुशवाहा, सुरेंद्र पटेल, ताराचंद पटेल, अवध बिहारी प्रसाद, पिंटू सिंह, कुंदन कुमार क्रांतिकारी, अजय पटेल समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क और प्रचार-प्रसार की योजना बनाई जा रही है।

### मुख्य चौराहे पर फल लदा ट्रक पलटा

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** स्थानीय मुख्य चौराहे पर सोमवार के सुबह दिल्ली से फल लदी ट्रक के चालक के संतुलन बिगड जाने के कारण ट्रक पलट गई। इस दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से चालक और उप चालक को सीसे तोड़कर बाहर निकाला गया। जिसमें दोनों को आंशिक चोटे आई है। बताया जाता है कि दिल्ली के आजादपुर मंडी से ट्रक के चालक ने आम एवं सेव लोडकर आसाम होजाई गोहाटी के लिए निकला। जैसे ही वह पीपराकोठी मुख्य चौराहे पर पहुंचा कि तेज रफ्तार में होने के कारण चालक ने अपना संतुलन खो दिया और ट्रक पलट गई। हालांकि संयोग ही कही जाएगी कि बगल में खडे लोग बाल बाल बच गये। दुर्घटना के बाद ट्रक में फसे चालक हिमांचल प्रदेश के हमीरपुर निवासी दिवान सिंह व यूपी के उप चालक मोबिल को स्थानीय लोगों ने सीसे तोड़कर बाहर निकाला। जिसमें दोनों मामूली जख्मी हो गये थे। बताया जाता है कि मुख्य चौराहे पर अचानक मोड़ होने के कारण आये दिन दुर्घटना होते रहते है।

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत 12 खोए हुए मोबाइल बरामद

**पालीगंज।** पालीगंज पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत कार्रवाई करते हुए कुल 12 गुम हुए मोबाइल फोन को बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द कर दिया है। सोमवार को पालीगंज थाना परिसर में एक सादे समारोह के दौरान यह मोबाइल फोन उनके मालिकों को सौंपे गए। इस संबंध में जानकारी देते हुए पालीगंज थाना के एसआई आदित्य राज ने बताया कि मोबाइल स्वामियों की पहचान सिम और आईएमईआई नंबर के आधार पर की गई। इसके बाद सभी को थाना बुलाकर पहचान पत्र सत्यापन के उपरांत मोबाइल सुपुर्द किए गए। बरामद मोबाइल पाने वाले लाभार्थियों में अरविंद कुमार (सियारामपुर), सौरव कुमार (मिल्की), प्रीति कुमारी (कड़रा व घोसवरी), संतोष कुमार (बीबीपुर), निरंजन कुमार (कल्याणपुर), शोभनाथ यादव (रामपुर नगवां), धनंजय चौरसिया (अकबरपुर), रौशन कुमार (मसौढ़ी कला), रामानुज यादव (अछुआ), विकास कुमार (भगजोगा), जितेंद्र कुमार (धमौल, थाना कुर्था, अरवल) और संजीव चौरसिया (चकिया) शामिल हैं। पालीगंज पुलिस की इस पहल से गुम मोबाइल वापसी की उम्मीद खो चुके लोगों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई है। ऑपरेशन मुस्कान के तहत की गई इस मानवीय पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की है। पुलिस ने आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रखने का भरोसा दिलाया है।

### 575 बोतल नेपाली शराब जब्त

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)।** जितना थाना क्षेत्र में सोमवार की अहले सुबह पुलिस ने गश्ती के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए 575 बोतल नेपाली कस्तूरी शराब जब्त की है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर अगरवा गांव में की गई, जहां तस्कर शराब छोड़कर फरार हो गया।
थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि शराब तस्कर की पहचान कर ली गई है और उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा का महासम्मेलन 13 को

**मोतिहारी।** राजा बाजार स्थित बापू प्रेक्षागृह में आगामी 13 अप्रैल को होने वाले अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा के जिला स्तरीय महासम्मेलन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। सोमवार को चकिया नगर परिषद सभापति पवन सर्राफ के फार्महाउस पर स्वर्णकार संघ और विश्वकर्मा महासभा के पदाधिकारियों ने बैठक कर कार्यक्रम की रणनीति बनाई। बैठक में शामिल लोगों ने महासम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने की बात कही। इस सम्मेलन में देशभर से मंत्री, सांसद, विधायक, विधान पार्षद, वरिष्ठ समाजसेवी और रिटायर्ड ब्यूरोक्रेट्स शामिल होंगे। बैठक में महासभा के अध्यक्ष इंद्रदेव ठाकुर, उपाध्यक्ष हजारी शर्मा, जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र स्वर्णकार, महामंत्री सुधीर गुप्ता, संयोजक अरविंद सर्राफ समेत सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे। आयोजन की जानकारी जिला महामंत्री सुधीर गुप्ता ने दी।

### पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की मनी पुण्यतिथि

**मोतिहारी।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष और बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्व. मोहम्मद हिदायतुल्ला खां की पुण्यतिथि सोमवार को कांग्रेस कार्यालय, गांधी आश्रम में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत खां साहब के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि के साथ हुई। इसके बाद दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने उन्हें एक सरल, न्यायप्रिय और जनसेवक नेता बताया जिनकी राजनीतिक सूझ-बूझ और संगठन क्षमता आज भी लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कार्यक्रम के दौरान धर्मेंद्र कुमार ओझा ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर विजय शंकर पांडे, मुनमुन जायसवाल, इकबाल जफिर, आकर्ष कुमार, अमन चौबे सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### आईसीएसएसआर ने मेजर रिसर्च परियोजना को दी स्वीकृति

**मोतिहारी।** महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू) के संस्कृत विभाग के आचार्य, प्रो. प्रसून दत्त सिंह द्वारा प्रस्तावित शोध परियोजना को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) ने मेजर रिसर्च प्रोजेक्ट के रूप में स्वीकृति प्रदान की है। प्रो. सिंह विश्वविद्यालय के कुलानुशासक, गांधी परिसर के निदेशक व मानविकी एवं भाषा संकाय के अधिष्ठाता भी हैं। उनकी शोध परियोजना 'संस्कृतवाङ्गय में वर्णित भारतवर्ष के सांस्कृतिक एवं धार्मिक स्थलों के तत्कालीन एवं वर्तमान स्वरूपों की तुलनामूलक विवेचना' शीर्षक से स्वीकृत हुई है, जो भारतीय संस्कृति और परम्परा के अध्ययन में एक महत्वपूर्ण योगदान देगी।

# श्री खाटू श्याम बिहारी मंदिर का 58वां वार्षिकोत्सव आरंभ, श्याममय हुआ शहर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**समस्तीपुर।** श्री खाटू श्याम बिहारी मंदिर का तीन दिवसीय 58वां वार्षिकोत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ उत्साहपूर्ण माहौल में आरंभ हो गया। इसके साथ ही शहर का कण-कण खाटू श्याम बाबा की आराधना में लीन हो गया। इस क्रम सोमवार सुबह 10.30 बजे से आरंभ अखंड ज्योति पाठ देर शाम समाप्त हुआ। इस दौरान पाठ वाचिका कनिका खन्ना के नेतृत्व व निर्देशन में 71 श्रद्धालु महिलाएं पाठ में शामिल हुईं। एक ही रंग के परिधान में सजी महिलायें पूरे मंदिर परिसर में अद्भुत छटा बिखेड रही थी। पाठ के बीच बीच में कलाकारों की टीम ने खाटू श्याम की भक्ति पर आधारित मनोहारी नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस क्रम में कलाकारों ने ऐसा समां बांधा कि मंदिर में उपस्थित सभी महिला और पुरुष श्रद्धालु सम्मोहन की अवस्था में सुध बुध खोकर खाटू श्याम के भक्ति धुन संग झूमते रहे। पाठ के लिए बैठी महिलाओं के लिए समिति की ओर से फलाहार की विशेष व्यवस्था की गयी थी। मीडिया प्रभारी भोला अग्रवाल ने बताया कि पाठ और फलाहार की व्यवस्था में राजेश अग्रवाल, जयप्रकाश अग्रवाल, भरत पालीवाल, अनिकेत अग्रवाल, अमन अग्रवाल, माधव संथालिया, कौशल अग्रवाल, रूपेश सोनी, महेंद्र केडिया, मनोज काबरा ने प्रमुख भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि 8 अप्रैल को सुबह 7.30 बजे श्री श्याम निशान शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो शहर का भ्रमण करेगी।

# रोजगार संवाद व व्यापारियों के साथ हुई बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) जिला अध्यक्ष अनुपम कुमार सिंह के अध्यक्षता में सोमवार को शहर के मथुरापुर स्थित बाजार समिति परिसर में रोजगार संवाद एवं व्यापारियों के साथ बैठक आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंच संचालन व्यवसायिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष जय किशोर पौद्दार ने किया। इस दौरान अपने संबोधन में मुख्य अतिथि लोजपा रा के समस्तीपुर जिला प्रभारी प्रभाकर ठाकुर ने व्यापारियों व युवा साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी साथियों के द्वारा जो समस्यायें बताई गई हैं उन्हें हम राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के समक्ष रखेंगे। वे जिस प्रकार से बिहार और बिहारी के सम्मान के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं उसमें निश्चित ही वे आप लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे। जिलाध्यक्ष अनुपम कुमार सिंह ने व्यावसायियों को संबोधित करते हुए कहा कि मथुरापुर बाजार समिति का मसाला पूरे उत्तरा बिहार की थाली में खुश्बू और स्वाद बिखेरता है। बाजार समिति जिले का एक ऐसा केंद्र है जो युवाओं को रोजगार एवं व्यवसाय से जोड़ता है। इसलिए यहां से जुडी समस्याओं के समाधान केलिए तत्काल पहल की जायेगी। मौके पर जिला महासचिव प्रदीप सिंह, ब्रजदेव झा, आईटी सेल जिलाध्यक्ष श्याम पासवान, प्रदेश सचिव संतोष पासवान, महिला नेत्री रीना सहनी, गुलाब सिंह, साजन पासवान, अरुण गुप्ता, जगन्नाथ साह, संजय साह, वेदानंद पासवान व्यवसायिक प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष समस्तीपुर बब्बू सिंह, राम बाबू साह, गुड्डू गुप्ता, सियाराम प्रसाद, आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### आपसी विवाद में मारपीट, मां-बेटी घायल

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के बदोपुर गांव में रविवार को आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में एक महिला और उसकी पुत्री घायल हो गईं। घायल महिलाओं की पहचान गांव निवासी दिनेश ठाकुर की पत्नी रजन्ती देवी और उनकी पुत्री कंचन कुमारी के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही 112 पुलिस सेवा के एएसआई राजेश रंजन, संजीव कुमार, सुनील कुमार और रितु कुमारी मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सक डॉ. लालजी प्रसाद यादव ने प्राथमिक उपचार किया। घायल रजन्ती देवी ने बताया कि उनके देवर के पुत्र ने घर में घुसकर उनके और उनकी बेटी के साथ मारपीट की, जिससे वे घायल हो गईं। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### स्वास्थ्य केंद्र का पिरामल टीम ने किया निरीक्षण

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को पिरामल स्वास्थ्य संस्था की टीम ने निरीक्षण किया। टीम में शामिल सरोज कुमार दुबे और सुमन कुमार दुबे ने ओपीडी, लेबर रूम, ऑडी, शीतल गृह, जांच कक्ष और औषधि वितरण कक्ष सहित विभिन्न विभागों का भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की जांच की। निरीक्षण के दौरान टीम ने सभी विभागों से संबंधित आंकड़ों को एकत्रित किया और स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था पर संतोष जताया। टीम ने केंद्र के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यहां की व्यवस्था सुव्यवस्थित और संतुलित है, जो प्रशंसनीय है। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह, स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिंह, पिरामल संस्था से जितेंद्र कुमार, सुभाष कुमार, शनि कुमार, आशा सिंह, गणेश कुमार, रंजना कुमारी, रंजीत कुमार, नदीम अख्तर, रविंद्र कुमार, दमन तिग्गा समेत कई स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे। निरीक्षण का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को परखना और आवश्यक सुधार हेतु सुझाव देना था।

### बाइक से गिरकर महिला घायल

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज-गोह पथ पर तिनेरी मोड़ के समीप सोमवार को एक सड़क दुर्घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार, राजापुर झिकटिया से रफीगंज की ओर जा रहे पप्पू कुमार अपनी मां पानपत्ति देवी को बाइक पर लेकर आ रहे थे। इसी दौरान तिनेरी मोड़ के पास अचानक एक जानवर सामने आ गया। जानवर से टक्कर से बचने की कोशिश में बाइक असंतुलित हो गई और पीछे बैठीं पानपत्ति देवी गिरकर घायल हो गईं। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने 102 एंबुलेंस सेवा को सूचना दी। मौके पर एम्बुलेंस कर्मी एमटी सुरेंद्र प्रसाद एवं चालक विकेश कुमार पहुंचे और घायल महिला को रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक डॉ. लालजी प्रसाद यादव ने महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर दिया।

### आरती को लेकर उमड़ा जनसैलाब

**ओबरा।** देवी मंदिर ओबरा में चैत नवरात्रि पर रविवार को संध्या आरती किया गया। इस अवसर पर जनसैलाब उमड़ पड़ी, विशेषकर महिलाओं की काफी भीड़ दिखी। इस दौरान महिला पुरुष बच्चे बूढ़े सभी आरती समारोह में शामिल होकर आरती किया। मौके पर श्रीकृष्ण सिंह स्मृति मंच के उपाध्यक्ष संजय शर्मा एवं पूर्व विधायक सोम प्रकाश सिंह, आनंद प्रकाश, सर्वेश मिश्रा, पिंटू पाण्डेय ने संयुक्त रूप से आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कमिटी सदस्यों ने अतिथियों को चुनरी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर माहौल भक्तिमय हो गया और मां देवी की जयकारी से ओबरा गूंजा उठा। उपाध्यक्ष संजय शर्मा एवं पूर्व विधायक सोम प्रकाश सिंह ने कहा कि आज का दृश्य देखने योग्य है। भक्त मां के आस्था में लीन हैं। माता रानी की महिमा अपरंपार है। उन्होंने कमिटी के सदस्यों को धन्यवाद दिया। इस दौरान उपाध्यक्ष संजय शर्मा ने प्रसाद वितरण करते हुए कहा कि मां देवी के प्रति आस्था के फलस्वरूप हम सब इस अवसर पर उपस्थित है। इस मौके पर उपाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद सिंह, सदस्य पुष्कर अग्रवाल, अमित नाग, प्रकाश कुमार, नीलम देवी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### बालिका उच्च विद्यालय का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के कासमा स्थित मां द्रौपदी देवी सर्वांगीण विकास बालिका उच्च विद्यालय में सोमवार को 17वां वार्षिकोत्सव समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन कर मुख्य अतिथियों नित्यानंद पांडेय, प्रदीप चौरसिया, विद्यालय की सचिव जयंती देवी, पूर्व मुखिया विनोद रजक, डॉ. रंजन संजय सिंह, मुखिया प्रतिनिधि अनुज सिंह, सच्चिदानंद सिंह और चंदन कुमार साहू ने संयुक्त रूप से किया। आगंतुकों का स्वागत विद्यालय की निदेशक सुचीत मिश्र और प्रधानाध्यापिका स्नेहलता ने अंगवस्त्र, माला और बुके भेंट कर किया। समारोह में सुनीता देवी, त्रिशा कुमारी, सरपंच बिनय सिंह, डॉ. मुकेश, सुधीर मिश्र, संजीत मिश्र सहित विद्यालय के शिक्षकगण रमेश, विनोद, संजय, रिज़वान, गौसिया, सना, चंदन, गूंजन एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित थे।

# केंद्र सरकार द्वारा वक्फ बिल लाना मुसलमानों को कमजोर करने की नापाक साजिश : मुश्ताक अंसारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** केंद्र सरकार द्वारा लाया गया वक्फ बोर्ड संशोधन बिल मुसलमानो के हक ओ हुकूक के खिलाफ है इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के प्रदेश अध्यक्ष सह जिला अध्यक्ष मो मुस्ताक अंसारी ने सोमवार को अपने आवास पर मीडिया कर्मियों से उक्त बातें कही। उन्होंने बताया कि जबसे केंद्र में एनडीए की सरकार बनी है तब से केन्द्र सरकार द्वारा मुसलमानों को तंग ओ तबाह करने के लिए विभिन्न प्रकार हथकंडा अपनाया जाने लगा है। मोदी सरकार सिर्फ और सिर्फ मुस्लिमों को कमजोर करने के लिए तरह तरह की नापाक साजिश कर रही है। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार मोदी सरकार ने वक्फ बिल पास किया और कराया है उसे हमारी पार्टी कभी कबूल नहीं करेगी। हर हाल में केंद्र सरकार को यह बिल को वापस लेना पड़ेगा। मुस्ताक अंसारी ने बताया कि प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, लोकसभा अध्यक्ष आदि जैसे संवैधानिक पदासीन लोग सबके लिए होते हैं किसी एक समुदाय के लिए नहीं। उन्होंने मीडिया कर्मियों को बताया कि यह पहली बार है कि हिंदुस्तान में मुसलमानों के नमाज पर पाबंदी लगाना शुरू कर दिया गया है। इतना ही नहीं अगर कोई मुस्लिम भाई मेला वगैरह में अपनी दुकान लगाते है तो उसे कहा जाता है कि दुकान में अपना नेम प्लेट लगाओ। यह सब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हिंदुस्तान में जितना अधिकार उनका है उतना ही अधिकार हमारा भी है। वक्फ बिल मामले को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि नीतीश कुमार ने मुसलमानों के पीठ पर छुरा घोंपने का काम किया है। अगर नीतीश कुमार और आंध्रप्रदेश मुख्यमंत्री चंद्र बाबू नायडू वक्फ बिल का समर्थन नहीं करते तो यह बिल पास नहीं होता। इसी कारण से जदयू पार्टी कमजोड़ होती नजर आ रही है और इस पार्टी से मुस्लिम नेताओं ने इस्तीफा देना शुरू कर दिया है। आम जनता आगामी विधानसभा चुनाव में अवश्य सबक सिखाएगी।

# रक्तसेवा के लिए बमेन्द्र कुमार सिंह को मिला 'रक्तवीर सम्मान'

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**औरंगाबाद।** क्षत्रिय नगर, औरंगाबाद निवासी एवं पथ प्रदर्शक संस्था के संस्थापक-सचिव बमेन्द्र कुमार सिंह को रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए 'रक्तवीर सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें मध्यप्रदेश के इटारसी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय रक्तवीर सम्मान समारोह में प्रदान किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि इटारसी के सांसद दर्शन सिंह चौधरी थे। कार्यक्रम में बमेन्द्र कुमार सिंह को रक्तदान के क्षेत्र में निरंतर योगदान, नियमित रक्तदान, शिविरों के आयोजन और देशभर में रक्तदान के लिए जागरूकता फैलाने के लिए प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस समारोह का आयोजन मध्यप्रदेश रक्तदान सेवा ग्रुप एवं ऑल इंडिया ब्लड मोटिवेटर्स ग्रुप इटारसी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। इस अवसर पर देश-विदेश से आए 151 रक्तसेवकों और समाजसेवियों को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने अपने संबोधन में कहा, इन समर्पित रक्तवीरों का सम्मान समाज में सकारात्मक ऊर्जा और सेवा भावना को बढ़ावा देता है। ये हमारे देश की धरोहर हैं और युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। सम्मान प्राप्त करने के बाद बमेन्द्र कुमार सिंह ने कहा, रक्तदान एक निस्वार्थ सेवा है, जिसे केवल मानवीय संवेदनाओं से किया जाता है। इस सम्मान का श्रेय मैं अपनी संस्था 'पथ प्रदर्शक' के उन सभी रक्तदाताओं को देना चाहता हूं, जिनके सहयोग से समय-समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन कर ज़रूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराया जाता है। बमेन्द्र लंबे समय से रक्तदान को लेकर युवाओं को प्रेरित करते आ रहे हैं और दर्जनों जीवन रक्षक शिविरों का सफल आयोजन कर चुके हैं। इस विशेष समारोह में मध्यप्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक सीताशरण शर्मा, चिकित्सा विभाग के वरीय पदाधिकारी सहित देश-विदेश से आए सैकड़ों रक्तसेवक और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नवयुवक संघ ठाकुरबाड़ी द्वारा भव्य शोभायात्रा व भंडारे का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद जिले के रफीगंज शहर अंतर्गत चरकावा नोनिया टिहला में रामनवमी पर्व के अवसर पर नव युवक संघ ठाकुरबारी की ओर से भव्य शोभायात्रा एवं भंडारे का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा दशमी तिथि को नोनिया टिहला से प्रारंभ होकर ठाकुरबारी एवं देवी मंदिर होते हुए पुनः नोनिया टिहला पहुंची, जहां श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन लोजपा के प्रदेश महासचिव सह रफीगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष संतोष कुमार साहू, नगर महामंत्री बालगोविंद साहू एवं पूर्व मुखिया भोला चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। प्रमुख अतिथि प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि रामनवमी सनातन धर्म का एक महान पर्व है, जो हमें मर्यादा, त्याग और आदर्श जीवन की प्रेरणा देता है। इस भव्य शोभायात्रा व भंडारे में शामिल होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने सभी आयोजकों, श्रद्धालुओं और सहयोगियों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और भगवान श्रीराम के आशीर्वाद की कामना की। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। चारों ओर जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण गूंज उठा और पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु श्रीराम की लीलाओं का स्मरण करते हुए पूरे भक्ति भाव से यात्रा में सहभागी बने। शोभायात्रा का आकर्षण पारंपरिक वेशभूषा, झांकियां और धार्मिक गीतों की प्रस्तुति रही। इस मौके पर सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में डॉ. योगेंद्र यादव, अशोक मेहता, विकास कुमार यादव, संजय योगी, आयोजक श्रवण कुमार, राजकुमार, जनार्दन यादव, कृष्ण गुप्ता, ब्रजेश यादव, धनंजन सिंह, संजय सिंह, विजय चौधरी सहित कई गणमान्य लोग एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# विशेष विकास शिविर के प्रशिक्षण हेतु एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**समस्तीपुर।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय के समग्र विकास केलिए सोमवार को शहर के कर्पूरी सभागार, में जिला पदाधिकारी, रौशन कुशवाहा की अध्यक्षता में विशेष विकास शिविर के प्रशिक्षण हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें उपविकास आयुक्त सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित हुए। इस कार्यशाला का उद्देश्य अभियान चलाकर लोक कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय के व्यक्तियों को आच्छादित करना एवं अभियान के दौरान छूट गए लोगों को ऑन स्पॉट लाभ दिलाना है। अगामी 14 अप्रैल को जिला पदाधिकारी, इस अभियान की शुरुआत करेंगे। इसकेलिए 19 अप्रैल से प्रखंडों के आधे पंचायत में शनिवार एवं शेष आधे पंचायत में बुधवार को महादलित टोलों में शिविर का आयोजन किया जाएगा।


बिहार सरकार

## कार्यालय नगर परिषद्, औरंगाबाद

**अति अल्पकालीन आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् औरंगाबाद क्षेत्रान्तर्गत **वित्तीय वर्ष 2025-26** के शेष 11 महीनो (01.05.2025 से 31.03.2026 तक) के लिए बस स्टैण्ड सैरात की बन्दोबस्ती खुले डाक द्वारा **दिनांक–22.04.2025 को अप0 1:00 बजे** से नगर परिषद् औरंगाबाद के सभाकक्ष में निम्नांकित नियम एवं शर्तो के अधीन किया जाएगा :–

1. संबंधित डाक की विवरणी, जमा राशि एवं अग्रधन उनके सम्मुख निम्नरूपेण अंकित हैः–

| क्र0 | सैरात का नाम | सुरक्षित जमा राशि | अग्रधन की राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | औरंगाबाद बस स्टैण्ड एवं टेम्पो स्टैण्ड से दैनिक शुल्क की वसूली। | 75,90,000.00 | 15,18,000.00 |

2. अपरिहार्य कारणवश यदि दिनांक–22.04.2025 को डाक संपन्न नहीं हो सका तो पूनः उपर्युक्त नियम / शर्तो के अधीन अगली तिथि दिनांक–24.04.2025 एवं दिनांक–26.04.2025 को उपर्युक्त समय पर खुला डाक कराया जाएगा।
3. विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के सूचनापट्ट या **https://www.aurangabad.bih.nic.in** पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक पदाधिकारी**
**नगर परिषद् औरंगाबाद**

**PR. No. 000427 (B&C) 2025-26**

**मुख्य पार्षद**
**नगर परिषद् औरंगाबाद**

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।**


# सोशल मीडिया पर अवैध हथियार का प्रदर्शन कर रहा युवक गिरफ्तार, किशोर निरुद्ध

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सोशल मीडिया पर अवैध हथियार के साथ फोटो अपलोड करने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया हैं और एक किशोर को निरुद्ध किया हैं। मामला ढ़िबरा थाना क्षेत्र के बनुआ गांव की हैं। पकड़े गए युवक की पहचान उस गांव निवासी लवकुश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, वीडियो में दिख रहे देसी कट्टा को अब तक बरामद नहीं किया जा सका है। हथियार की बरामदगी के लिए आरोपियों की निशानदेही पर छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष रितेश कुमार उपाध्याय ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा था। वीडियो में एक युवक और किशोर को देसी कट्टा लहराते दिख रहे थे। इसकी सूचना मिलने के बाद उक्त सोशल मीडिया आईडी की जांच की गई। वायरल वीडियो में हथियार के साथ दिख रहा युवक और किशोर एक ही गांव का रहने वाला है।

उन्होंने बताया कि मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने थाना क्षेत्र के बनुआ गांव में छापेमारी कर वीडियो में हथियार के साथ दिख रहे युवक व किशोर को पकड़ लिया। उससे पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उक्त हथियार उसके गांव के ही रहने वाले कुंदन कुमार की है। उसने ही उसे हथियार रखने के लिए दिया था। उसने बाद में हथियार कुंदन को लौटा दिया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस ने जब कुंदन की गिरफ्तारी के लिए उसके घर पर छापेमारी की तो पता चला कि वह कुछ माह पूर्व शराब मामले में गिरफ्तार किया गया हैं। अब अवैध हथियार मामले में भी गिरफ्तारी की जाएगी। आर्म्स एक्ट मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया हैं। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया गया। वहीं विधि विरुद्ध किशोर को निरुद्ध कर दिया गया है।

# सुदृढ़, समृद्ध और शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभर रहा देश : भाजपा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा मंडल कार्यालय में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने की। कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित किया और निष्ठा पूर्वक पार्टी की जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा राष्ट्रवादी राजनैतिक दल है। भारत को विश्व पटल पर सुदृढ़, समृद्ध और शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से वर्ष 1980 में पार्टी की स्थापना की गई थी, परन्तु इसका इतिहास जनसंघ से जुड़ा हुआ है। अटल बिहारी बाजपेयी को पार्टी का प्रथम अध्यक्ष बनाया गया।भाजपा का सिद्धांत एकात्म मानववाद के मूल दर्शन पर आधारित है। जो हमें शरीर, मन, बुद्धि और आत्म का एकात्म यानि समग्र विचार करना सिखाता है। यह दर्शन मनुष्य और समाज के बीच संघर्ष नहीं देखता है। यह प्रकृति और मनुष्य में मां का संबंध देखता है। उन्होंने कहा कि भाजपा के संविधान की धारा चार में पांच निष्ठाएं वर्णित है। भाजपा अपने सिद्धांतों और उसूलों पर चलने वाली पार्टी है। जो भारत को समर्थ राष्ट्र बनाने की दिशा में काम कर रही है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रेखा पासवान, महामंत्री अभय पासवान, मंत्री रामबदन पासवान, उपाध्यक्ष पंकज सिंह, महामंत्री अमरेंद्र सिंह, मिथुन सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।


**Science, Technology & Technical Education Dept.**

Govt. of Bihar

**Inviting Short-term e-Tender Notice**

**Through e-procurement mode only** https://eproc2.bihar.gov.in

**E-Tender Notice No- GEC/Abad/Vehicle-hiring/02/2025**

Name of Work: "Request for proposal (RFP) For Hiring four- Wheeler Car"

| Sl. No. | Scope of work | Estimated cost ( In Rupees) | Cost of tender document (In Rupees) | Tender processing Fee (Non-Refundable) (Inclusive GST) | Earnest Money (In Rupees) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Request for proposal (RFP) For Hiring four-Wheeler Car | NA | Rs. 2000/- | Rs. 590/- | Rs. 10000/- |

**Schedule for RFP Process:**

| | |
|---|---|
| Download RFP document | 15-04-2025 till 4 pm. |
| Last date for RFP submission | 15-04-2025 till 5 pm. |
| Opening of Bid | 17-04-2025 at 11 am. |
| Submission of EMD | 15-04-2025 till 5 pm. |
| Pre-Bid meeting | 12-04-2025 at 11 am. |
| Contact person | Principal, GEC Aurangabad, Bihar 8743074732 principal@gecaurangabad.ac.in |

Note: Government Engineering College Aurangabad, reserves the right to Accept/Cancel/ Reschedule tenders without assigning any reasons

**PR- 00391 ( Sci & Tech ) 2025-26**

**Principal**
**Government Engineering College**
**Aurangabad**

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**


# 2047 तक भारत को वैभवशाली राष्ट्र बनाने में अपना शत प्रतिशत योगदान दें कार्यकर्ता : रजनीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** भाजपा के स्थापना दिवस पर स्थापना दिवस 6 अप्रैल से भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के जन्म दिवस 14 अप्रैल तक चलने वाले कार्यक्रम के तहत भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय मंत्री बिहार प्रदेश के वरिष्ठ युवा नेता रजनीश कुमार भाजपा जिला कार्यालय समस्तीपुर में पहूंचे। इस दौरान उन्होंने जिला कार्यालय में लगे प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान भाजपा समस्तीपुर उत्तरी जिलाध्यक्ष नीलम सहनी और दक्षिणी जिलाध्यक्ष शशिधर झा सहित कई प्रमुख भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। इस अवसर पर सबसे पहले जिलाध्यक्ष नीलम सहनी और शशिधर झा ने भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय मंत्री प्रदेश के वरिष्ठ युवा नेता रजनीश कुमार का पाग अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ से अभिनंदन किया। तदुपरांत कार्यालय परिसर में पार्टी का झंडा फहरा कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए रजनीश ने भाजपा को अपने खून पसीने से सींचने वाले भाजपा के प्रेरणास्त्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, एवं कैलाशपति मिश्र को याद करते हुए नमन किया।

# आभाव और बीमारी से जूझ रहे तबलावादक विष्णुदेव भंडारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**समस्तीपुर/ताजपुर।** कभी जिसकी उंगलियां बिखेडती थी जादू हर महफिल में, बदहाली में उस जादूगर की सुध लेता नहीं कोई। जी हां! यही हकीकत है। जिले के ताजपुर प्रखंड स्थित मानपुरा पंचायत के गद्दोपुर निवासी, बिहार के प्रसिद्ध तबला वादक दांडेकर पुरस्कार, सहित कई पुरस्कार विजेता, संगीत के तीनों विधाओं यथा गायन, वादन एवं नृत्य के मशहूर फनकार पंडित विष्णुदेव भंडारी (75) बेहद तंगहाली और बदहाली से गुजर रहे हैं। इसी बीच खबर है कि वे बीते करीब छह माह से बीमार चल रहे हैं। परिजनों के मुताबिक वे अक्टूबर में पक्षाघात के शिकार हो गए थे। तब से उनकी हालत दयनीय बनी हुई है। बताते चलें कि श्री भंडारी लगातार एक लय में किसी एक ताल को लगातार कई घंटों तक बजाने का दम रखते हैं। 72 घंटे तक लगातार तबला वादन का अनोखा कीर्तिमान बना चुके हैं। इस उपलब्धि केलिए जगमोहन विद्यापति कॉलेज ऑफ आर्ट एण्ड टेक्नोलॉजी, वैनी सहित कई संस्थानों ने उन्हें सम्मानित भी किया है। आज जिले का अद्भुत कलाकार पाई-पाई केलिए मोहताज है। करीबी सुत्रों कई माने तो उनके पास आयुष्मान कार्ड भी नहीं है, जिस कारण उन्हें इलाज में परेशानी हो रही है। उनकी दयनीय हालत को देख श्याम मोहन मिश्र, डॉ सुनील कुमार सिंह, मनोरंजन झा, प्रभात कुमार तुलसी, साक्षी ऋतु, सुमित सुमन, रौशन कुमार, रामचंद्र ठाकुर, रंजन कुमार आदि कई कलाकारों ने क्षोभ जताते हुए सरकार से उनकेलिए आर्थिक सहायता की मांग की है। वहीं जगमोहन विद्यापति कॉलेज ऑफ आर्ट कॉलेज के सचिव डॉ संजय कुमार राजा ने कला संस्कृति पदाधिकारी जूही कुमारी को इस बाबत जानकारी देते हुए मदद करने की गुहार लगाई है। ताकि उनका इलाज हो सके।

# आईएमए ने किया विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजन

## कार्यक्रम में कई चिकित्सक रहे शामिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**बेगूसराय।** आईएमए भवन उद्घाटन समारोह में विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजन सोमवार को किया गया। आईएमए भवन प्रतिष्ठान में विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया गया। एआईएमए भवन में आयोजित संस्था के अध्यक्ष डॉ एके राय ने कहा कि जब आप स्वस्थ हों, उसी समय से अपने व्यायाम में योग, व्यायाम और सुबह में टहलने की आदत को शामिल कर लें। जब लोग बीमार होते हैं, तब स्वास्थ्य की चिंता के कारण उन्हें सताने का उपाय दिखाई देता है और तरह-तरह के जूट हो जाते हैं। इस मौके पर वरिष्ठ शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. शशि कृष्ण प्रसाद सिंह ने कहा कि अगर आपके बच्चे को स्वास्थ्य देखना है तो बोतल से दूध कभी नहीं पीना चाहिए। साथ ही छह माह तक माँ के दूध से ही काम चलाएँ और कभी भी बच्चे को सोकर दूध नहीं पीलाएँ। दिन हो या रात बच्चे को स्तनपान कराएँ। मां का दूध सिर्फ बच्चों को पेट ही नहीं भरता है। बल्कि यह वायरलेस रूप से भी माँ से जुड़ने का काम करता है। साथ ही सम्पूर्ण टीकाकरण अवश्य कराएँ। ऐसे करने पर बच्चों का स्वास्थ्य बढ़ेगा और देश एक असंबद्ध नागरिक बनेगा। संस्था के वरिष्ठ फिजीशियन डॉक्टर केके सिंह ने कहा कि जीवन की शुरुआत के साथ ही बीमारी की भी शुरुआत होती है। ऐसे ही पता चलता है कि महिला से छेड़छाड़ की गई है। उनका समय-समय पर जांच एवं पोषण पर विशेष ध्यान। साथ ही बच्चे के जन्म के साथ ही मां एवं नवजात दोनों का पूरा जन्म लें। संस्था का संचालन करते हुए डॉ. रामरेखा ने कहा कि जागरूकता ही आरक्षण है। आई एम 7-14 अप्रैल तक अलग-अलग विषयों पर जगह-जगह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### लू से बचने के लिए ये सावधानी जरूरी

संस्था के दौरान एआई एमए के सचिव डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि लू से बचने के लिए या तो धूप में निकलने की जरूरत नहीं है और अगर जरूरी है, तो गमछा या छाता और पानी की बोतल लेकर आएं। मेहनतकश मजदूर को हार्ट अटैक का खतरा इस समय बढ़ जाता है। ऐसे मरीज अपने क्लिनिक में आ रहे हैं। बाद में जब जांच होती है तो कुछ भी नहीं होता है। ऐसे में उन्हें कुछ-कुछ देर में पानी पीना सुनिश्चित करना चाहिए। ताकि हाइड्रेशन मेंटेन रहे ठंढा फल जैसे कि तरबूज, खीरा, ककड़ी, बतिया का प्रयोग करें। और लू के लक्षण (तेज बुखार , बग्घा लगना, सर दर्द उल्टी होने पर तुरंत नजदीकी डॉक्टर से संपर्क करें।

# बदमाशों ने दो सगे भाईयों को मारपीट कर किया जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा थाना क्षेत्र के मिल्कीपर गांव के समीप टेंपो से घर जा रहे दो सगे भाई को बदमाशों ने मारपीटकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। जख्मी की पहचान थाना क्षेत्र के टेका बिगहा गांव निवासी जय प्रसाद के 30 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार एवं 28 वर्षीय पुत्र राजा कुमार के रूप में की गई है। जख्मी ने बताया कि सोमवार की सुबह 11 बजे हिलसा से टेंपो पर सवार होकर अपने गांव जा रहे थे। तभी मिल्कीपर गांव के समीप पूर्व से घात लगाए दो बदमाशों ने टेंपो रुकवाकर गाली गलौज करने लगा। जहां विरोध करने पर मारपीटकर जख्मी कर दिया। स्थानीय लोगों की सहयोग से हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया जहां इलाज चल रहा है। वही घटना के कारण अभी पता नहीं चल सका है। घटना की सूचना हिलसा थाना को दिया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

# घरेलू विवाद में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** चंडी थाना क्षेत्र के माधोपुरडीह गांव में घरेलू विवाद में एक युवक ने फंसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

मृतक की पहचान स्वर्गीय कैलाश पासवान के पुत्र चंद्रदीप पासवान के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि घर में कोई परिवार नहीं था। पत्नी कहीं बाहर गई हुई थी वह घर में अकेले था। इसी दौरान उसने फंसी लगा ली। सोमवार की सुबह काफी देर तक जब वह दरवाजा नहीं खोला तो आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने दरवाजा तोड़कर देखा तो वह फंदे से लटका हुआ था। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

## एक नजर

### लाखों की चोरी

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के बड़हारा में भगवान कुमार महतो के घर में बीते रात चोरों ने चोरी कि घटना को अंजाम दिया है। इस संबंध में पीड़ित ने बताया कि 6 अप्रैल की रात्रि में ढाई बजे जब जगा तो देखा कि घर का दरवाजा खुला हुआ था। सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर डेढ़ भरी की सोना, 30 भरी चांदी की जेवरात व कपड़ा नगद 4000 चोरों ने चुरा लिए। वहीं मेरे भाई की पत्नी का रेडमी मोबाइल भी चोरों ने चुरा लिया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि चोरी होने की जानकारी मिली है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विद्युत सबस्टेशन नावकोठी के सभी फीडर में मंगलवार को नौ घंटे विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी।जेई नीरज कुमार ने बताया कि मंगलवार सुबह 09 बजे से शाम 06 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगा। शक्ति उपकेन्द्र नावकोठी में 5 एमभीए पावर ट्रांसफार्मर के क्षमता को बढ़ाकर 10 एमभीए पावर ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। भविष्य मे गर्मी को देखते हुए विभाग ने ये कदम उठाया है। अब आने वाले दिनों में लोड का कोई दिक्कत नहीं होगी।उपभोक्ताओं से सभी कार्य को 9 बजे पूर्वाह्न के पूर्व निपटा लेने का अनुरोध किया है।

### रामनवमी शोभायात्रा निकली

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को बलिया में भव्य रामनवमी शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा सत्तीचौड़ा दुर्गा मंदिर परिसर से रामनवमी शोभा यात्रा निकाल कर पूरे नगर परिषद क्षेत्र के बलिया बाजार, पटेल चौक, स्टेशन रोड, मीरदहटोली, बलुआही, पुरानी दुर्गा स्थान होते हुए जिला परिषद पोखर पहुंचा. जहां श्रीराम के प्रतिमा का विसर्जन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमान चालीसा पाठ से किया गया. इस दौरान विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ साथ क्षेत्र के सैकड़ों युवाओं ने उत्साहपूर्वक शोभायात्रा में भाग लिया. शोभायात्रा में एसडीओ रोहित कुमार, डीएसपी नेहा कुमारी, प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी सह थानाध्यक्ष साक्षी कुमारी, बीडीओ सन्नी कुमार, सीओ रवि कुमार, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी डॉ सुजीत कुमार के अलावे विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के अमित रस्तोगी, अजय हिंदु, सुमित रस्तोगी, राजेश अंबष्ट, अरूण महतो, भाजपा नेता राकेश रौशन उर्फ मुन्ना, नगर मंडल अध्यक्ष कुंदन रस्तोगी, मृत्युंजय कुमार, राज कुमार प्रसाद, पियूष उद्देश्य, रंजन चौधरी, दशरथ पंडित सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए. कार्यकर्ता भगवा झंडा के साथ जय श्रीराम, हर-हर महादेव, भारत माता की जय के नारे लगाते देखें गये।

### राशन कार्ड में ई केवाईसी जरूरी

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सभी राशन कार्डधारियों के लिए आधार सीडिंग अनिवार्य है।30 जून तक निर्धारित समय के अनुसार स्थानीय डीलर के यहां जाकर ई पॉश मशीन के माध्यम से निःशुल्क आधार सीडिंग करवा सकते है।इस संबंध में वीरपुर प्रखंड के प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी सोनाली सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत लक्षित जन वितरण प्रणाली के राशन कार्ड में अंकित प्रत्येक सदस्य के लिए 31 मार्च तक आधार सीडिंग करवाना अनिवार्य किया गया था। पुनः केंद्र सरकार ने राशन कार्ड में अंकित प्रत्येक सदस्य के लिए 30 जून तक आधार सीडिंग कराने के लिए समय का विस्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए राशन कार्डधारी किसी भी डीलर के यहां यह कार्य करवा सकते है। एमओ ने कहा कि निर्धारित अवधि के अनुसार आधार सीडिंग नहीं किया जाता है तो 1 जुलाई से ऐसे राशन कार्डधारियों को खाद्यान्न का लाभ नहीं मिल सकेगा। उन्होंने यह भी बताया कि इसके लिए स्थानीय जन वितरण प्रणाली के विक्रेता भी लाभुकों को जागरूक करने की अपील करेंगे।

# भारत में इंटर्नशिप की नौकरियां बढ़कर हुईं दोगुनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** भारत में इंटर्नशिप का महत्व लगातार बढ़ता जा रहा है, क्योंकि कंपनियां युवाओं को वास्तविक दुनिया के कौशलों से लैस करने के लिए तत्पर हैं। ग्लोबल हायरिंग प्लेटफॉर्म इनडीड के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, फरवरी 2022 से फरवरी 2025 के बीच इंटर्नशिप की पोस्टिंग्स में 103 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यह दर्शाता है कि व्यवसाय अब शिक्षा और उद्योग के बीच के अंतर को पाटने के लिए इंटर्नशिप को एक सशक्त माध्यम बना रहे हैं। इनडीड इंडिया के हेड ऑफ सेल्स, शशि कुमार ने कहा इंटर्नशिप युवा प्रोफ़ेशनल्स को अपने कौशल को निखारने और व्यावसायिक अनुभव प्राप्त करने का एक प्रभावी मंच देती हैं। यह अब केवल रेज़्यूमे में जुड़ने वाला एक बिंदु नहीं, बल्कि करियर की शुरुआत का वास्तविक आधार बन गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले एक वर्ष में इंटर्नशिप की पोस्टिंग्स में 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि कंपनियाँ भविष्य के लिए तैयार प्रोफ़ेशनल्स के विकास पर केंद्रित हैं। विशेष रूप से एआई, डेटा एनालिटिक्स और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन जैसे क्षेत्रों में कंपनियाँ इंटर्नशिप के माध्यम से न केवल अनुभव प्रदान कर रही हैं, बल्कि प्रतिभावान युवाओं की पहचान कर उन्हें प्रशिक्षित भी कर रही हैं। इंटर्नशिप की खोज में दिल्ली 7.2 प्रतिशत के साथ शीर्ष पर है, इसके बाद कर्नाटक 6.8 प्रतिशत और महाराष्ट्र 6.2 प्रतिशत पर हैं। यह रुझान दर्शाता है कि भारत में इंटर्नशिप अब करियर की मजबूत नींव रखने का एक महत्वपूर्ण जरिया बन चुकी है।

# कांग्रेस की पदयात्रा में शामिल हुए राहुल गांधी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** कांग्रेस पार्टी की बेगूसराय में पलायन रोको नौकरी दो यात्रा में सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी शामिल हुए। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को एक दिवसीय बिहार दौरे पर पदयात्रा में शामिल होकर कार्यकर्ताओ में जोश भरने का काम किये। राहुल गांधी की पदयात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता झंडा बेनर, गाजा बाजा, घोड़े पर सवार होकर शामिल हुए। शहर के सुभाष चौक पर सुबह से ही कोंग्रेस कार्यकर्ता एवम स्थानीय नेताओं का जमावड़ा शुरू हो गया। पूरा चौक झंडा एवम बेनर से सज गया था। 11 बजे के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी सुभाष चौक पर पहुंचे। उनके आने से पूर्व सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम जिला प्रशासन द्वारा की गई थी। श्री गांधी के आते ही वो पदयात्रा में शामिल हुए और काफिला सुभाष चौक से आगे बढ़ गया। सुभाष चौक से कपस्या चौक तक राहुल गांधी ने पदयात्रा की फिर गाड़ी में बैठकर अलाव हवाई अड्डा पहुंचे। वहां से हेलीकॉप्टर में बैठकर वापस अपने निर्धारित कार्यक्रम में शामिल होने पटना चले गए। कुल 1.6 किलोमीटर की इस पदयात्रा में कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लेकर सरकार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद कर रहे थे। इस पदयात्रा में कांग्रेस के युवा नेता कन्हैया कुमार, बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु और प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता शामिल हुए हैं। ज्ञात हो कि बिहार दौरे से पहले रविवार को राहुल गांधी ने एक्स पर एक वीडियो शेयर पर बिहार के लोगों से खास अपील की थी। उन्होंने युवाओं से पदयात्रा में सफ़ेद टीशर्ट पहनकर आने की अपील की थी और व्हाइट टीशर्ट अभियान में जुड़ने की अपील की थी।

# एसिड पीड़िता को मिले उचित न्याय : अभाविप

## पीड़ित छात्रा को न्याय दिलाने की मांग को लेकर अभाविप ने किया प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी।** बहुचर्चित एसिड कांड को अंजाम देने वाले मनचलों पर सख्त कानूनी कार्रवाई, पीड़िता को न्याय की मांग को लेकर अभाविप ने नगर मंत्री रविंद्र कुमार ने नेतृत्व में काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया।इस दौरान मुख्य बाजार के अंबेडकर चौक पर दर्जनों की संख्या में अभाविप कार्यकर्ता हाथों में तख्ती लिए प्रशासन से पीड़िता को न्याय की दिलाने की मांग कर रहे थे। नगर अध्यक्ष अशोक प्रियदर्शी ने कहा बेटियां आज के समय में अपने घरों में भी सुरक्षित नहीं है। बखरी में एसिड कांड जैसी जघन्य वारदात को अंजाम दिया गया है। जिस घटना में छात्रा गंभीर रूप से झुलस गई है। उक्त घटना से समाज में भय का माहौल उत्पन्न है। मानवीय संवेदना को झकझोर देने वाली ऐसी घटना का विद्यार्थी परिषद कड़े शब्दों में निंदा करती है। साथ ही पुलिस प्रशासन से यह मांग करती है घटना में संलिप्त मनचलो पर स्पीडी ट्रायल के माध्यम से कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए। पीड़िता को सरकारी प्रावधानों के अनुसार आर्थिक सहायता मिले। एसिड एक्ट के कानून के तहत पीड़िता को इंसाफ दिलाई जाए। पूर्व नगरमंत्री अनुभव आनंद एवं प्रदेश कार्यकारणी सदस्य मनीष कुमार ने कहा कि ऐसी विकृत मानसिकता के लोगों के खिलाफ समाज को एकजुट होकर प्रतिकार करनी चाहिए। महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ देश में सख्त कानून की आवश्यकता है। जिससे मनचले में कानून का भय स्थापित हो। भविष्य में ऐसी घटना की पुर्नवृत्ति ना हो इसलिए हमें सजग रहने की जरूरत है। मौके पर प्रदेश कार्यकारणी सदस्य शिल्पी राठौर, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार, नगर सहमंत्री कृष्णा पोद्दार, नीरज, पुष्पम, आदित्य पोद्दार, कृष्णकंधा, सुशांत पोद्दार, रचना कुमारी, रूपम, आशा, सुहानी आदि मौजूद थे।

### एसिड अटैक में आपराधियो को मिले कड़ी सजा : माले

**नावकोठी।** प्रखंड के पहसरा में भाकपा माले सदस्यों की बैठक मंगलवार को हुई। इसकी अध्यक्षता जनार्दन प्रसाद सिंह ने की। उन्होंने कहा कि पार्टी की मजबूती और विस्तार कर के ही मोदी सरकार की फासिस्ट दमनकारी कारवाई के खिलाफ आन्दोलन तेज करने की अपील की। देश की संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए किसान, मजदूर, छात्र, युवा को एकजुट कर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और आपराध के खिलाफ संघर्ष मे शामिल होने की अपील की। बखरी में सोई हुई लड़की के चेहरा पर ऐसिड से हमला करने की घटना को शर्मनाक बताते हुए निंदा की। दोषियो के खिलाफ स्पीडी ट्रायल चलाकर सजा दिलाने की आवाज बुलंद की। शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि समाज को अशांत करने वाले गलत और असमाजिक तत्व को स्थानीय पुलिस प्रशासन अंकुश नही लगा कर संरक्षण दे रही है। इससे गांव घर मे कमजोर तबके के व्यक्ति सुरक्षित नही है। सुमन सहनी के परिवार के लोगो साथ घर पर चढ़कर, दबंग पिंटु सहनी अपने असमाजिक लोगो के मदद से बार- बार मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। नौ व्यक्ति विश्व नाथ सिंह, उमेश सहनी, कमलेश्वरी पासवान, पंकज कुमार, शंभू सहनी आदि ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। रामश्रय सिंह, सुखदेव राम सहित अन्य ने भी अपने विचार रखा।

# भाजपा के 46 वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वीरपुर।** प्रखंड के विभिन्न गांव के बूथों पर भारतीय जनता पार्टी के 46 वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर प्रदेश द्वारा निर्देशित हर बूथ पर झंडोतोलन कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ बीजेपी के नेता व कार्यकर्ताओं ने मनाया। वहीं वीरपुर मंडल के पर्रा गांव के वार्ड संख्या 10 के महादलित बस्ती में यह कार्यक्रम कुछ खास रहा जो बीजेपी के सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक छोटेलाल सिंह की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम में आए हुए सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं को जिला सहकारिता प्रकोष्ठ के बेगूसराय संयोजक छोटेलाल सिंह के आवास पर फूलों की माला और अंग वस्त्र से सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छोटेलाल सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का सपना है कि हर गांव में हर वर्ग के लोग एक छत के नीचे आवास के साथ साथ माताएं और बहनों के लिए उज्जवला गैस योजना के तहत गैस देने का काम कर रहे हैं जिससे महिलाएं अपनी खुशहाल जीवन जी सके। इस कार्यक्रम के मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा, क्षेत्रीय प्रभारी व बीजेपी के प्रदेश के नेता रविन्द्र रंजन, बेगूसराय नगर विधायक कुंदन कुमार, प्रदेश के किसान मोर्चा के महामंत्री नवीन कुमार, जिला मंत्री कुंदन भारती, मंडल अध्यक्ष वीरशेन बिक्रम, सरोज कुशवाहा, पूर्व सरपंच रतन सिंह, वार्ड संख्या 9 के वार्ड सदस्य निशांत झा, अनिकेत आनंद, संजय सिंह, महेश रजक, पंकज कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख स्मिता कुमारी, पंसस बबलू सहनी, गीता शर्मा, अशोक पोद्दार, धर्मेंद्र कुमार ,राम शरण साह, शेखो महतों, नरेश सिंह, भवेश कुमार, शांति देवी, सोनी कुमारी, सहित कई अन्य बीजेपी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### लोगों के सपने साकार कर रही है मोदी सरकार

# माउंट लिट्रा स्कूल में वर्ल्ड हेल्थ डे पर कार्यक्रम आयोजित

## बच्चों को स्वस्थ रहने का दिये गये सुझाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल उलाव एवं किडजी वात्सल्य विहार में वर्ल्ड हेल्थ डे को बच्चों ने धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर बच्चों ने पर्यावरण क्षरण से होने वाले प्रतिकूल प्रभावों व बचाव बारे में प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से जानाद्य विद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर शीतल देवा ने कहा कि किसी भी दिवस के सफल आयोजन के लिए हर वर्ष एक विषय निर्धारण किया जाता है।और इस बार विश्व स्वास्थ्य दिवस का विषय है। स्वच्छ शुरुआत आशापूर्ण भविष्य है श्रीमती देवा ने कहा कि स्वास्थ्य मनुष्य का मूल धन है और यह दिन एक तारीख नहीं है। बल्कि यह हमें अच्छे स्वास्थ्य की अहमियत की याद दिलाने के लिए खास मौका होता है। इसे शुरू करने का उद्देश्य लोगों को बीमारियों की रोकथाम, सेहतमंद जीवन शैली, स्वास्थ्य सामानता को बढ़ावा, स्वास्थ्य सेवा तक सभी की पहुंच और सभी के लिए स्वास्थ्य सुविधा के बारे में जागरूक करना है। श्रीमती डॉक्टर देवा ने कहा कि दुनिया भर में बढ़ती बीमारियां के कारण विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाना जरूरी हो गया है। हर साल एक नई बीमारी सामने आती है।जो लोगों में चिंता पैदा कर देती है। विद्यालय के निदेशक डॉक्टर मनीष देवा ने कहा कि डब्लूएचओ का कहना है कि एक अच्छे स्वास्थ्य का संबंध सिर्फ अच्छे खान-पान से ही नहीं है। बल्कि यह देखना है कि कैसे हम सभी विश्व भर में स्वस्थ जीवन जीने में योगदान दे सकते हैं। डॉक्टर देवा ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए सिर्फ शारीरिक रूप से ही फिट रहना जरूरी नहीं है। बल्कि मानसिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ रहना भी जरूरी है इसके लिए आपको बचपन से ही अपने स्वास्थ्य पर सही ध्यान देना होगा।

# जनता दरबार में सुनी गई लोगों की समस्याएं



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** सोमवार को दैनिक जनता दरबार में एसडीओ प्रवीण कुमार के द्वारा 14 लोगों की समस्याओं को सुना गया। श्री सकलदेव प्रसाद पिता शनिचर प्रसाद ग्राम धिबरापर थाना हिलसा के द्वारा बताया गया की भारतीय स्टेट बैंक , हिलसा से लिया गया कर्ज उनके द्वारा वसूल कर दिया गया है फिर भी बैंक द्वारा गलत ढंग से वसूली की जा रही है। अनुमण्डल पदाधिकारी द्वारा सम्बंधित पदाधिकारी को जाँच कर कार्रवाई हेतु आदेशित किया गया। श्री संतोष त्रिपाठी पिता राजकुमार त्रिपाठी, साकिन प्रखंड हिलसा द्वारा बताया गया कि उनके भाई द्वारा झूठा मुकदमा में फसाया गया है तथा जान मरने की धमकी दिया जा रहा है। अनुमण्डल पदाधिकारी, महोदय द्वारा सम्बंधित पदाधिकारी को जाँच कर कार्रवाई हेतु आदेशित किया गया। उभय पक्षों को नोटिस दी गई। राजकुमार प्रसाद पिता मोहन राम, ग्राम हिलसा थाना हिलसा के द्वारा बताया गया कि गौतम कुमार द्वारा ठाकुरबाड़ी के दुकान पर अवैध कब्ज़ा कर लिया गया है। जाँच कर प्रतिवेदन उपलब्ध करने हेतु आदेशित किया गया। नरेन्द्र कुमार के द्वारा बताया गया की इनके परिवार वालों द्वारा संयुक्त सम्पति पर कब्ज़ा कर लिया गया है। अंचल अधिकारी इस्लामपुर को जांच कर कार्रवाई हेतु आदेशित किया गया।

# भगवान राम के जन्मोत्सव पर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**नवादा।** रामनवमीं के अवसर पर जिले के हिसुआ नारदीगंज एवं कादिरगंज में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। कादिरगंज एवं नारदीगंज में शोभा यात्रा का विधिवत उद्घाटन जिले के प्रसिद्ध शिक्षाविद समाजसेवी डॉ अनुज ने अपने अपने हाथों से भगवा झंडा फहराकर किया ,साथ ही साथ विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में स्थानीय अनुमंडल मैदान से काफी संख्या में युवकों ने जुलूस निकाला।वाहनों पर लगे ध्वनि विस्तारक यंत्र से भगवान राम के गगन भेदी नारों के साथ चल रहे जुलूस में युवा वर्ग थिरक रहे थे।सभी के हाथों में भगवा झंडा एवं तलवारें चमक रही थी।वाहनों पर रामलला की भव्य मूर्ति एवं दूसरे वाहन पर हनुमान की मूर्ति जुलूस में शामिल थे। इस अवसर पर डॉ अनुज ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान राम के आदर्श पद चिन्ह पर चल कर हम सब खुशहाल जीवन जी सकते है। सभी धर्म भाईचारे से रहे और हमारे क्षेत्र में अमन चैन का माहौल रहे यही मेरी शुभकामना है। आयोजकों के द्वारा मुख्य अतिथि को राम नाम से अंकित अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। नारदीगंज बाजार समेत आसपास के गांव एवं दूर-दूर से विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता जय घोष लगाते चल रहे थे। शोभायात्रा में श्रीराम के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों की सुंदर झलकियां देखने को मिलीं। शोभा यात्रा में रांची के प्रसिद्ध गायक राजा रणधीर सिंह ने पहुंचकर अपने गीतों के द्वारा राममय कर दिया। मॉडर्न शैक्षणिक समूह के द्वारा शोभायात्रा में शामिल भक्त जनों के लिए कादिरगंज ,नारदीगंज एवं हिसुआ के कई चौक चौराहे पर नींबू -,पानी एवं शरबत की व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर नारदीगंज प्रखंड बजरंग दल के अध्यक्ष रविंद्र कुमार, पूर्व प्रमुख गौरी शंकर सिंह,पसई निवासी समाजसेवी अनिल सिंह, सेवानिवृत शिक्षक प्रवीण कुमार, बुला चौधरी, राहुल सिंह संचय उज्जवल, गोनामा के चंदन कुमार, मॉडर्न इंटरनेशनल नारदीगंज के प्राचार्य सुनील कुमार मिश्रा, सोनू कुमार, डॉ संजय कुमार, अनिरुद्ध कुमार, विकास कुमार, अनुज कुमार, हंडिया निवासी सुनील कुमार सहित कई सनातनी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दरौली में निकला भव्य श्रीराम जुलूस



**दरौली(सिवान)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** श्रीराम जन्मोत्सव समारोह के उपलक्ष्य में दिव्य व भव्य श्रीराम जुलूस(शोभायात्रा) सोमवार को दरौली के पवित्र सरयू नदी तट के शिवाला घाट से निकाली गयी। शोभायात्रा मंदिर चौक,दरौली बाजार,हनुमान मंदिर बाबा अद्भुत नाथ मंदिर,गुठनी चौराहा होते हुए वापस शिवाला घाट पहुच कर संपन्न हुआ। शोभायात्रा में श्रीराम प्रभु की विशालकाय प्रतिमा व अन्य दिव्य झांकियां जुलुस को शोभा बढ़ा रही थी। जय श्री राम,जय हनुमान व जय शिव के नारों से पूरा माहौल गुंजायन रहा। दरौली मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र में पहुचे नवयुवकों ने वैदिक व सनातन उद्घोष से रास्ते भर धर्म का जयकारा होता रहा। शोभायात्रा को शांतिपूर्ण व सद्भाव के माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से मैरवा प्रक्षेत्र के पुलिस निरीक्षक,बीडीओ दीप्ति सीखा,सीओ विद्याभूषण भारती, थानाध्यक्ष रौशन कुमार के साथ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने सराहनीय भूमिका निभायी।

### रुपये मांगने पर महिला की पिटाई

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जगदीशपुर थाना क्षेत्र के मझरिया वार्ड 12 में कर्ज में दिए रुपये वापस मांगने पर महिला की पिटाई करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में मझरिया निवासी राजेश राम की पत्नी उषा देवी ने जगदीशपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में उषा देवी के पड़ोसी कोपिंद्र राम उर्फ उपेंद्र राम, उसकी पत्नी कमलावती देवी, पुत्र अनिल राम, सुनील राम, बबलू राम, डब्लू राम, पुत्री गीता कुमारी व अनिल राम की पत्नी अमृता देवी को आरोपित किया गया है। उषा देवी ने पुलिस को दिए बयान में बताया है कि वह अपने पड़ोसी कोपिंद्र राम की बेटी की शादी में डेढ़ लाख रुपये कर दी थी। कुछ दिन पहले वह कर्ज की रकम मांगने कोपिंद्र राम के घर गई तो उन्होंने पैसा देने से इनकार कर दिया। तब वह अपने घर वापस लौट आई। इसके कुछ ही देर के बाद सारे आरोपित उसके दरवाजे पर आए और गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर उसके साथ मारपीट करने लगे। उषा देवी ने पिटाई करने के दौरान उसके गले से मंगलसूत्र निकाल लेने और कपड़े फाड़ने का आरोप लगाया है। कहां है कि शोरगुल होने पर आसपास के लोग आकर झगड़ा शांत कराए। इसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया। हालांकि आरोपितों ने आरोप को निराधार बताया है। पुलिस मामले की तहकीकात शुरू कर दी है।

### फोन पर बात करने से मना करने पर पत्नी की पिटाई

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पति को गैर महिला से फोन पर बात करते देख मना करने पर पत्नी की पिटाई करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जमुनिया गांव का है। मामले में जमुनिया निवासी प्रभा देवी ने अपने पति प्रमोद राम, भैसुर शंभू कुमार व हीरालाल कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रभा देवी ने पुलिस से बताया है कि एक दिन उसने अपने पति को फोन से किसी गैर महिला से बात करते देखी। ऐसा करने से मना करने पर उसके पति मारपीट करने लगे। उसके भैसुर भी अपने भाई के पक्ष में आकर उसके साथ मारपीट करने लगे। विस्तर पर तकिया के नीचे रखे दस हजार रुपये निकाल लिए। सभी आरोपितों ने उसके साथ मारपीट किया। उसके चीखने चिल्लाने पर आसपास के लोग आए और बीच बचाव किए। बाद में इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिकी के बाद पुलिस मामले की तहकीकात शुरू कर दी है।

### तीन पीटीए को 27 पंचायतों का प्रभार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड अंतर्गत कुल 27 पंचायतों का कार्यभार का दायित्व अब मात्र तीन तकनीकी सहायकों के जिम्मे है। सभी को नौ - नौ पंचायत आवंटन किया गया है।बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि तीन पंचायत तकनीकी सहायकों का अलग अलग विभाग ने नियुक्ति होने के चलते अब प्रखंड अंतर्गत तीन पीटीए हीं कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि तीनों को नौ नौ पंचायत आवंटित किया गया है। इसमें पीटीए पूजा कुमारी को भसुरारी, नौतनवा, केसरिया, कुकुरा, कुंडीलपुर एवं केहुनिया रोआरी पंचायत आवंटित किया गया है। इसी तरह दीपक कुमार को शिकारपुर, परोराहा, बरवा बरौली, गोखुला एवं डुमरिया पंचायत आवंटित किया गया है। जबकि पीटीए इम्तियाज अहमद को रखही चंपापुर एवं धूमनगर पंचायत आवंटित किया गया है। हालांकि इनके पास पहले से अन्य पंचायतों का प्रभार था। तीनों को अब नौ नौ पंचायतों का आवंटन कर दिया गया है। गौरतलब हो कि पंचायत तकनीकी सहायक मो. मुस्ताक का योजना एवं विकास विभाग में, रजनीश कुमार सिंह का जल संसाधन विभाग में तथा सुनील कुमार का लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग में नियुक्ति होने के चलते अब तीन पीटीए को नौ नौ पंचायत का दायित्व सौंपा गया है।

### किश्त उठाकर निर्माण नहीं कराने वालों पर होगी करवाई

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राशि उठाव कर आवास निर्माण कार्य को पूर्ण नही कराने वाले लाभुकों की परेशानी बढ़ सकती हैं। सोमवार को बीडीओ ने कुडिलपुर पंचायत का निरीक्षण किया। इस दौरान दूसरा एवं तीसरा किश्त उठाव कर निर्माण नहीं कराने वाले लाभुकों को जल्द निर्माण कार्य पूर्ण कराने के लिए कड़ा निर्देश दिया। बीडीओ श्री सिंह ने बताया कि पीएम आवास के वर्ष 2024-25 में पंचायत के कुल 18 लाभुकों को आवास का लाभ दिया गया है। जिसमें से 17 लाभुकों को दूसरा किस्त तथा आठ लाभुकों को तीसरे किस्त की राशि दी गई है। राशि प्राप्त के उपरांत भी लाभुक निर्माण कार्य में लापरवाही बरत रहे हैं। उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने वाले लाभुकों को कड़ी चेतावनी दी गई है। साथ ही 15 दिनों के अंदर हर हाल में आवास का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। अगर इसके बाद भी वे काम नहीं करवाते हैं तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### मैनाटांड के मंझरीया गांव में निकला तेंदुआ

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुरुषोतमपुर थाना के मंझरीया गांव में सोमवार को तेंदुए के घुसने से अफरातफरी मच गई। हालांकि तेंदुआ ने किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचाया है। ग्रामीणों के अनसार तेंदुआ गेहूं के खेत में देखा गया। तेंदुआ को देख लोगों ने ड़ारा शोरगुल करना पर गेहूं के खेत में छिप गया। लोगों ने इसकी सुचना पुरुषोत्तमपुर और वन विभाग को दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि वन विभाग को सुचित किया गया। इधर डीएफओ ने बताया कि टीम को भेजकर तेंदुआ कट ट्रेस किया जाएगा।

### श्री विष्णु महायज्ञ सह रामकथा को ले निकली कलशयात्रा

**हसनपुरा/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के पकड़ी पंचायत के महुअल महाल स्थित मां काली सह दुर्गा मंदिर के प्रांगण में आयोजित आठ दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ सह रामकथा को ले सोमवार को 1100 कुवांरी कन्या व महिलाओं द्वारा कलशयात्रा निकाली गई। जहां कलशयात्रा मंदिर प्रांगण से गाजे-बाजे, ढ़ोल-नगाड़े, हाथी-घोड़े के साथ भव्य रूप में कलशयात्रा निकाली गई। कलशयात्रा यज्ञ स्थल से निकल कर महुअल महाल गांव होते हुए, हाथोपुर मुख्य मार्ग के रास्ते, मधवापुर, पिपरा चांद परसा गांव होते हुए, पसिवड़, पकड़ी बाजार के रास्ते शेखपुरवा गांव होते हुए पुनः यज्ञस्थल लाया गया।

# अगलगी में सौ बीघा से अधिक की गेंहू फसल हुई राख

**गुठनी/सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिजली तार के स्पार्क से गिरी चिंगारी ने किसानों के कठिन मेहनत से उपजाये गेंहू के फसल को जलाकर राख कर दिया। गुठनी के भरौली गांव के पश्चिम दिशा से गुजरे बिजली तार के पोल के समीप एक पक्षी के टकराने से हुई फाल्ट के बाद नीचे गिरी चिंगारी ने आग लगा दी और देखते ही देखते सौ बीघा से अधिक फसल को जलाकर राख कर दिया।

आग भरौली गांव निवासी रामेश्वर ठाकुर के खेत में खड़े 33 व 11 हजार के बिजली तार के पोल से गिरी चिंगारी से लगी आग ने भीषण रूप पकड़ लिया। इसी पोल पर एक चिड़िया बिजली के तार की चपेट में आ गयी और बिजली स्पार्क से वह तो जलकर मर ही गयी साथ ही फाल्ट के बाद गिरी चिंगारी ने फसल को राख



कर दिया। भरौली आगलगी पर काबू पाने के बाद ग्रामीण प्रशासन के खिलाफ काफी नाराजगी जाहिर की यहां तक कि क्षेत्रीय आपदा मित्र ने भी चिल्ला चिल्ला कर बोल रहा था कि अग्निशन केंद्र हो या आपदा प्रबंधन के कार्यालय या फिर स्थानीय सीओ किसी ने भी मेरा फोन रिसीव नही किया और किसानों का फसल राख होते चला गया। इस भीषण आग ने भरौली से शुरू होकर बसुहारी गांव तक फसल जलाते पहुच गया और सौ बीघा से अधिक का फसल जला दिया। इस आगलगी में दर्जनों किसानों की मेहनत की कमाई स्वाहा हो गयी है। पूरी तरह आग बुझने के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुची जिसको गांव के बाहर पहुचते ही दूसरे जगह से काल आ गया और फायर की गाड़ी वहां चली गयी। एक अन्य आगलगी में गुठनी ब्लॉक के पीछे और फार्म हाउस के खेत सहित करीब एक दर्जन रैयतों का गेंहू का फसल जल कर स्वाहा हो गया है। इस आगलगी में सेलौर वे गुठनी के एक दर्जन किसानों का फसल जलकर राख हुआ है। इस आगलगी का कारण भी बिजली के 33 हजार तार को शीशम के पेड़ में सटकर स्पार्क करने से हुआ है। भरौली गांव की आगलगी में तो बिजली विभाग की लापरवाही कम दिख रही लेकिन ब्लॉक के पीछे की आगलगी में सीधे बिजली की लापरवाही दिख रही है।

## मकान बनाने के लिए रखी सामग्री लूटने का आरोप

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मंशा टोला निवासी मिन्हाज आलम की पत्नी सगुफ्ता अंजुम ने जमीन पर मकान बनाने के लिए रखे सामग्री लूटने और हत्या करवाने की धमकी देने का आरोप लगा मुफस्सिल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। डीआईजी को दिए आवेदन के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी में जावेद अंसारी व उनके भाई को नामजद किया गया है। मुफस्सिल थानाध्यक्ष अभिराम सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। इधर नामजद आरोपितों ने आरोप को झूठा और बेबुनियाद बताया है। सगुफ्ता अंजुम ने पुलिस से कहा है कि उसके भूखंड पर आरोपित नाजायद दावा करते हैं।

## टेम्पो व बोलोरो में टक्कर, एक की मौत, आधा दर्जन घायल

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नौतन थाना क्षेत्र के नौतन मंगलपुर सड़क में बनकटवा शुक्ल जी के पेट्रोल पंप के बगल में हाईवे पर तेज रफ़्तार का कहर देखने को मिला है। जहां टेम्पो व बोलोरो के जोड़दार टक्कर में एक की मौत और आधा दर्जन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए हैं। प्रशासनिक स्तर पर एक ही व्यक्ति की मौत होने की बात बताई जा रही है।

घटना की सुचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सीएससी नौतन में भर्ती कराया।जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए जीएमसीएच बेतिया रेफर कर दिया है।घटना सोमवार दोपहर बाद की बताई गई है।टेम्पो मंगलपुर गुदरिया के प्रमोद प्रसाद का, तों बोलेरो पताही मझौलिया का बताया जा रहा है ।मिली जानकारी के अनुसार टेम्पो बेतिया के तरफ से मंगलपुर जा रहा था।वहीं बोलोरो गोपालगंज के थावे से पुजा कर मझौलिया जा रहा था,तभी बनकटवा पेट्रोल पंप के आगे दोनों में जोड़दार टक्कर हो गई. जिसमे नवादा थाना यादोंपुर जिला गोपालगंज की ज्योति देवी, मंगलपुर गुदरिया की लालमती देवी, उमापति देवी, बिहारी महतो, मझौलिया थाना क्षेत्र के रुलही गांव के दिपक पटेल, रीता देवी नाम शामिल हैं। हालांकि की मृतक की अभी पहचान नहीं हुई है।पुलिस पहचान करने में जुटी है।थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि सभी घायलों का इलाज जीएमसीएच बेतिया चल रहा है। मृतक की पहचान की जा रही है।

## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार पिता-पुत्र को मारी टक्कर, पिता की मौत, पुत्र घायल

**तिलक के बर्तन की खरीदारी करने जा रहे थे पिता-पुत्र ● शोक में डूबा परिवार, बेटी की शादी पर संकट**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**छपरा/एकमा (सारण)।** सारण जिले के एकमा थाना क्षेत्र में एकमा-परसागढ़ रोड पर सोमवार को एक तेज रफ्तार 18 चक्का ट्रक ने बाइक सवार पिता-पुत्र को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में नवतन बाजार निवासी दयानंद साह (55) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके पुत्र कृष्णा साह सोनी (24) गंभीर रूप से घायल हो गया।

दुर्घटना की जानकारी पाकर मौके पर एकमा थाने के पुलिस पहुंच गई। कृष्णा साह को स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एकमा में पहुंचाया गया। वहीं इधर तक दयानंद साह के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर छपरा भेज दिया गया। जहां से शव का पोस्टमार्टम हो जाने के बाद पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया। बताया गया है कि दयानंद साह अपने बेटे कृष्णा के साथ नवतन बाजार से परसागढ़ बाजार में अपनी बेटी की शादी के लिए तिलक समारोह हेतु बर्तन खरीदने जा रहे थे। जब वे एकमा-परसागढ़ रोड पर पेट्रोल पंप व हुस्सेपुर गांव के गेट के बीच स्थित बंद पड़े ईंट-भट्ठे के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में दयानंद साह सड़क





पर गिर गए और ट्रक ने उन्हें कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कृष्णा साह सोनी सड़क किनारे गड्ढे में गिरकर घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद गेहूं की कटाई में व्यस्त पप्पू ओझा व बबलू ओझा सहित स्थानीय लोगों ने अपनी कार्य छोड़कर मौके पर पहुंचे। पुलिस की मदद से घायल कृष्णा को एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर उपचार हेतु छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया गया है कि हादसे के बाद ट्रक चालक परसागढ़ से आगे केसरी के समीप ट्रक छोड़कर फरार हो गया। एकमा थाना पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि ट्रक व चालक की पहचान की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गये हैं। मृतक दयानंद साह की पत्नी माया देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। रोते- विलखते हुए बार-बार वह कहती हैं कि अब बेटी की शादी कैसे होगी? मृतक के दुर्घटना की सूचना उसके घर पर जन सुराज के नेता प्रकाश कुमार ने दी। जन सुराज नेता प्रकाश कुमार ओम प्रकाश सिंह सहित नेशनल एथलीट विकास सिंह राठौर ने सड़क दुर्घटना में मौत की घटना पर दुःख जताते हुए परिजनों को सांत्वना देकर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है। मृतक दयानंद साह नौतन बाजार पर सोना-चांदी की दुकान चलाते थे। उनके परिवार में दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं। एक पुत्री की शादी मांझी में हुई है, पुत्र कृष्णा की शादी भी हो चुकी है। जबकि छोटे बेटे कन्हैया अविवाहित हैं। दूसरी बेटी की शादी 5 जून 2025 को होली तय थी, जिसके लिए 31 मई को तिलक समारोह होना था।

## अगलगी में पांच घर जले, चीनी मिल के बकास में लगी आग

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंचल क्षेत्र में अलग अलग आगलगी की घटनाओं में पांच फुसनुमा घर जल गए। वही गेंहू एवं गन्ना के फसल का भी नुकसान हुआ है। पहली घटना अंचल क्षेत्र के मनवापरसी पंचायत के हरपुर गाव की है जहां वार्ड संख्या पांच में रविवार की शाम गैस रिसाव से आग लग गई। इस घटना में पांच फुसनुमा घर जल गया। जिसमे बाबूलाल राम, छबिलाल राम, सुजीत राम बृजेश राम के घर मे रखा कपड़ा, बर्तन,अनाज समेत लाखो की संपत्ति जलकर खाक हो गई। वही आग बुझाने के दौरान बृजेश का हाथ भी जुलस गया है।



दूसरी घटना नगर परिषद के वार्ड 6 की है। जहां खोड़ी गाव के समीप कूड़ा कचड़ा में आग फेकने के वजह से गेंहू व गन्ना के फसल में आग लग गई। सूचना पर पहुचीं अग्निशमन की गाड़ी व स्थानीय लोगो के कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। तब तक सलमा बेगम का तीन कठ्ठा गेंहू व महंत सहनी के तीन कठ्ठा गन्ना के फसल जलकर राख हो गया।

इधर सोमवार की दोपहर चीनी मिल के बकास में अचानक आग लगने से आसपास में अफरा तफरी मच गई। हालांकि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। सीओ सुधांशु शेखर ने बताया कि मनवा परसी में आगलगी की सूचना मिली है। राजस्व कर्मचारी द्वारा प्राप्त जांच रिपोर्ट जिला को भेजा गया है। पीड़ित परिवार को पॉलीथिन शीट उपलब्ध कराई गई है। जल्द ही उन्हें सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। अन्य घटनाओ की जानकारी अभी नही मिली है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सात दिवसीय प्राथमिक वर्ग प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**छपरा (सारण)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिले का सात दिवसीय प्राथमिक वर्ग, एकमा खंड का प्रशिक्षण शिविर एकमा के ज्योति सेंट्रल हाई स्कूल परिसर में सफलता पूर्वक संपन्न हो गया। समापन सत्र में संघ के जिला प्रचारक महेश जी, जिला कार्यवाह संजीव जी, जिला संपर्क प्रमुख बलवंत जी, खंड कार्यवाह आलोक जी सहित अन्य पदाधिकारियों ने शामिल स्वयंसेवकों को मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर एमएलसी इंजीनियर सच्चिदानंद राय सहित मनोज कुमार सिंह उर्फ पप्पू भैया, मनमोहन पांडेय, अमित कुमार ओझा, शांडिल्य जी, मुकेश कुमार सिंह, बंटी ओझा, अविनाश चंद्र उपाध्याय, डॉ अमित कुमार तिवारी आदि ने प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान व अनुशासन को समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के संकल्प के साथ स्वयंसेवकों को अपनाने की प्रतिबद्धता जताई। वक्ताओं ने संघ के मूल्यों, राष्ट्र निर्माण में उसकी भूमिका व समाज के प्रति स्वयंसेवकों की जिम्मेदारी पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण के आखिरी दिन समाज के विभिन्न क्षेत्रके प्रबुद्ध व विशिष्ट जनों के साथ विशेष भोज, विशेष भोजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर के समापन पर ध्वज विसर्जन, घोष वंदन व प्रार्थना के साथ सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र



वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षकों ने शिविर में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा नेता ब्रजेश कुमार सिंह रमण, छपरा पश्चिमी जिला उपाध्यक्ष चैतेंद्र नाथ सिंह, अखिलेश्वर प्रसाद भोला, मुकेश कुमार सिंह, डॉ एस कुमार, संजीत कुमार ओझा बंटी, अविनाश चंद्र उपाध्याय, हेम नारायण सिंह, उमाशंकर सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह, त्रिलोकी सिंह, जय किशोर सिंह, चितरंजन सिंह, वीरेश सिंह, चंद्रशेखर सिंह, मनमोहन पांडेय, पत्रकार के के सिंह सेंगर आदि अन्य लोग शामिल हुए। वहीं संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने गणवेश में स्वयंसेवकों को संघ की परंपरा व आदर्शों के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में प्रार्थना सभा व ध्वज नमन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## पाठ्यक्रम ही नहीं पढ़ाते, जीवन जीने की राह दिखाते हैं शिक्षक : समरेंद्र बहादुर सिंह

**उत्क्रमित मध्य विद्यालय इशुपुर में शिक्षिका का विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दिघवारा (सारण)।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय इशुपुर में शिक्षिका गीता कुमारी के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त रूप से विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक विमल बाबू व संतोष कुमार सिंह ने की। मंच संचालन की जिम्मेदारी केदार बाबू ने निभाई। कार्यक्रम की शुरूआत छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। विद्यालय परिवार की ओर से गीता कुमारी को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सारण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी व शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि यह आयोजन केवल एक विदाई समारोह नहीं, बल्कि एक समर्पित शिक्षिका के लंबे सेवा-काल की साधना का सम्मान है। शिक्षक संघ के दिघवारा प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि गीता कुमारी का




कार्यकाल विद्यार्थियों व सहकर्मियों-दोनों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहा है। उनकी कार्यशैली और समर्पण हमेशा याद किए जाएंगे। समारोह में शिक्षक नेता संजय यादव, विनोद राय, सच्चिदानंद सिंह, अनिल ठाकुर, दीनानाथ प्रसाद, वीर अभिमन्यु, धनपति ठाकुर, अनिल सिंह, रामानंद सिंह, आरती कुमारी, अनुराग कुमार, सरोज कुमारी, गणपति ठाकुर, ओमप्रकाश सिंह, इंदु कुमारी, सजदा सिंह, राजकुमार चौरसिया सहित अनेक शिक्षक व गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने गीता कुमारी के स्वस्थ, सक्रिय व सुखद भविष्य की कामना की।

## छात्र छात्राओं की समस्याओं को दूर करना ही प्राथमिकता : सुधांशु

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पटना विश्वविद्यालय से छात्र संघ के चुनाव में नरकटियागंज के छात्र सुधांशु राठौर ने फैक्ल्टी ऑफ साइंस से कॉउंसलर के पद पर निर्दलीय चुनाव में जीत हासिल की है। छात्र नेता सुधांशु राठौर ने पीजी काउंसलर के पद पर 70 प्रतिशत वोट से जीत हासिल की है। जीत के उपरांत छात्र नेता नरकटियागंज पहुँचे और एक प्रेस वार्ता कर बताया कि पटना साइंस कॉलेज में पढ़ाई करने का सपना होता था। उस विश्वविद्यालय से पीजी काउंसलर के पद पर जीत दर्ज करना एक सपना के सच होने के बराबर है।

उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि सपथ ग्रहण के बाद छात्र छात्राओं की समस्याओं को दूर करना ही पहली प्राथमिकता होगी। इसको लेकर हर संभव प्रयास किया जाएगा। मौके चुनु पांडेय, बिट्टू जयसवाल, बलीराम यादव,दिलशाद आलम,श्रीकृष्ण यादव,रूपेश यादव, विजय राव, लालबाबू सिंह समेत दर्जनो लोग मौजूद रहे।

## अतिक्रमण हटाने पहुंचे नप प्रशासन से उलझे सब्जी विक्रेता

**शिकारपुर थानाध्यक्ष की पहल पर हुए शांत**

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के आर्य सामज मंदिर रोड से अतिक्रमण हटाने जेसीबी के साथ सोमवार पहुचीं नगर परिषद प्रशासन से सब्जी विक्रेता उलझ गए। इस दौरान सब्जी विक्रेताओं का कहना था कि उन्हें बराबर परेशान किया जाता है। पक्के मकान वाले स्थायी अतिक्रमणकारियों को नही हटाया जाता है। और गरीब जो सब्जी बेचकर अपने परिवार का पेट पाल रहे है। उन्हें बार बार परेशान किया जाता है। वही सब्जी विक्रेताओं व नप कर्मियो के बीच नोक झोंक की सूचना पर शिकारपुर थानाध्यक्ष सदलबल पहुचे और अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अतिक्रमण हाई कोर्ट के आदेश से हटाया जा रहा है। उपद्रव करने वालो को किसी भी सूरत ने नही बख्सा जाएगा। उन्हें



चिन्हित करते हुए करवाई की जाएगी। बता दे कि हाई कोर्ट के आदेश के बाद आर्य समाज रोड स्थित सब्जी मंडी से अतिक्रमण हटाने के लिए नप प्रशासन व शिकारपुर पुलिस लगातार करवाई में जुटी है। इधर इस संबंध में नगर कार्यपालक पदाधिकारी उपेन्द्र कुमार सिन्हा से उनका पक्ष लेने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन पर कुछ भी बताने से साफ इंकार कर दिया।

## विकास शिविर के आयोजन से संबंधित प्रशिक्षण हेतु कार्यशाला का हुआ आयोजन

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को जिला पदाधिकारी,सीवान की अध्यक्षता में सभी अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति टोलों में सभी विकास योजनाओं के आच्छादन हेतु विशेष विकास शिविर के आयोजन के संबंध में कार्यशाला का आयोजन समाहरणालय के सभाकक्ष में किया गया। कार्यशाला में जिला स्तर/ अनुमंडल स्तर/ प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों के साथ बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। बैठक को सम्बोधित करते हुए उप विकास आयुक्त सिवान ने कहा कि अनु० जाति एवं अनु० जनजाति टोलों में आधारभूत संरचना के विकास सहित संबंधित परिवारों को नियमानुसार सरकारी योजनाओं के लाभ से आच्छादित करना सरकार की प्राथमिकता रही है। अनु० जाति एवं अनु० जनजाति परिवारों को सरकारी योजनाओं के लाभ से आच्छादित करने के लिए विशेष विकास शिविर आयोजित किया जाना है। शिविर का आयोजन प्रत्येक अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति टोलों में किया जाना है। इस शिविर में सरकार के सभी प्रमुख विभागों की सहभागिता एवं उनसे जुड़े योजनाओं का लाभ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति परिवारों को दिलाया जाना लक्षित है। शिविर एवं



उसके पूर्व राशन कार्ड, उज्जवला योजना, औपचारिक शिक्षा, आँगनबाड़ी, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, कुशल युवा प्रोग्राम / कौशल विकास कार्यक्रम, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, ई ग्राम कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड/ स्वास्थ्य कार्ड / हेल्थ कैम्प, प्रधानमंत्री आवास योजना/वास भूमि/बंदोबस्ती, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बुनियाद केन्द्र / हर घर नल जल योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण पक्की गली-नली मनरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री जनधन, बिजली कनेक्शन, जीविका समूह, ग्रामीण कार्य विभाग, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजनाओं से अनु. जाति एवं अनु. जनजाति टोलों में नियमानुसार आच्छादन किया जाना है।

## हेरिटेज एजुकेशन हमें वैश्विक नागरिकता की ओर भी अग्रसर करता है : डॉ परमेंद्र बाजपेयी

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शुभवंती इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन, सिवान में 'हेरिटेज एजुकेशन विजिंग कल्चर पिसिर्पिंग आइडेंटिटी एवं फ्लोरिशिंग ग्लोवल सिटिजनशिप' विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारत के 15 राज्यों और 5 देशों से आए विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, शोधार्थियों और सांस्कृतिक विद्वानों ने भाग लिया। सिवान और आसपास के क्षेत्र में इस स्तर की शैक्षिक संगोष्ठी पहली बार आयोजित हुई है। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रो. मिथिलेश कुमार झा, प्राचार्य, एमआईटी मुजफ्फरपुर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अशोक कुमार मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक, जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा उपस्थित भी रहे। मुख्य कार्यक्रम की शुरूआत सेमिनार के अध्यक्ष और रत्नक्रुग्रुप के सचिव श्री सतीश कुमार राय ने अपने स्वागत भाषण के साथ किया। सेमिनार रिपोर्ट का वाचन कार्यक्रम के संयोजक और संस्थान



के प्राचार्य डॉ. जगदीश समंता द्वारा किया गया। दो दिवसीय इस कार्यक्रम के दूसरे दिन विशेष सत्र के दौरान जय प्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति एवं सेमिनार के मुख्य संरक्षक प्रो. (डॉ.) परमेंद्र कुमार बाजपेयी ने विशेष सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि हेरिटेज एजुकेशन न केवल हमारी सांस्कृतिक पहचान को सहेजता है, बल्कि हमें वैश्विक नागरिकता की ओर भी अग्रसर करता है। मुख्य वक्ता प्रो. (डॉ.) आनंद बर्धन (डॉ. बी.आर. अंबेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली) ने हेरिटेज शिक्षा को वैश्विक नागरिकता से जोड़ने पर विस्तृत चर्चा की। यूके से प्रो. लूसी गेस्ट ने वेद और योग दर्शन पर विचार रखे, जबकि अमेरिका की ब्राउन यूनिवर्सिटी से प्रो. हम्जा अंसारी ने तकनीक और धरोहर के समन्वय को रेखांकित किया। बीएचयू से डॉ. विनय कुमार, कोयलांचल यूनिवर्सिटी से डॉ. इंद्रजीत कुमार, और आरएसपी कॉलेज से डॉ. उपेंद्र कुमार ने भारतीय संदर्भ में विषय की गहराई को उजागर किया। अंतरराष्ट्रीय फिल्म निर्देशक अभिजीत कुमार ने एशियाई और यूरोपीय धरोहर पर अनुभव साझा किए, वहीं श्रीलंका से कसुन एस. जयसूर्या और रेव. के. रथनासारा थेरो ने बौद्ध अध्ययन और सांस्कृतिक संवाद पर प्रकाश डाला। सभी विशेषज्ञों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को वैश्विक आयाम प्रदान किया। साथ साथ इस दो दिवसीय संगोष्ठी ने शैक्षणिक जगत को सांस्कृतिक धरोहर और वैश्विक नागरिकता के बीच के सेतु पर चिंतन और संवाद का मंच प्रदान किया।

शुभवंती संस्थान के इस प्रयास की सराहना देश-विदेश से आए सभी अतिथियों ने की और इसे शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर बताया। इस पूरे कार्यक्रम को संस्थान के प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक लोगों के अथक प्रयास ने सफल बनाया। इस अवसर पर सांस्कृतिक सत्र में संस्थान की प्रशिक्षु छात्राओं द्वारा छठ लोकगीत और झिझिया नृत्य की भावपूर्ण प्रस्तुतियां दी गईं, जिसने उपस्थित जनों को भावविभोर कर दिया।

# राम जी की निकली सवारी ......

## रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा, झांकियों में दिखा गौरवशाली इतिहास





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** रामनवमी के मौके पर शहर में विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में महिला-पुरुषों और बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। शोभायात्रा में सनातन की एकता, शौर्य, भक्ति, उमंग, नृत्य और सेवा की झलक भी दिखी। शोभायात्रा के आखिर में भगवान श्रीराम का रथ चल रहा था, जिसमें विराजे भगवान के दर्शन के लिए सड़कों पर भी हजारों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। शोभायात्रा को लेकर शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। रैपिड एक्शन फोर्स और स्थानीय पुलिस बल के जवान चप्पे-चप्पे पर तैनात रहे, ताकि शोभायात्रा शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से सम्पन्न हो सके।

**रामजी की निकली सवारी :**

शोभायात्रा ब्लॉक मोड़ से रमेश चौक, बाजार होते हुए गंतव्य स्थान पहुंची। अलग-अलग वार्डों से भक्तजन शोभायात्रा में शामिल हुए। भगवान श्री राम के जयकारों के साथ पूरा शहर राममय हो गया। इस शोभायात्रा में भगवान राम, हनुमान जी और अन्य देवी-देवताओं की सुंदर झांकियां भी शामिल थीं, जो लोगों को धार्मिक आस्था से भर रही थीं। पूरे रास्ते में भक्ति संगीत, जयकारे और श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस शोभयात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। भगवान का रथ जैसे जैसे आगे बढ़ा वैसे वैसे भक्तों का रैला बढ़ता गया।

**वर्षो से चली आ रही परंपरा :**

औरंगाबाद शहर में रामनवमी पर आकर्षक झांकियों के साथ शोभायात्रा निकालने का इतिहास कई साल पुराना है। रामनवमी पर निकाली जाने वाली शोभायात्रा का आकर्षण हर साल बढ़ता ही जा रहा है। शोभायात्रा में शहर के अलावा जिला मुख्यालय से सटे आसपास के गांव के लोग भी शामिल हुए। आयोजन समिति ने बताया कि समिति द्वारा रामनवमी पर बीते कई वर्षों से शोभायात्रा निकालती आ रही है। रामनवमी पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के प्रति आस्था प्रकट करने के उद्देश्य से ये शोभायात्रा निकाली जाती है।

# शिक्षा में सुधार को ले शिक्षक- अभिभावक संगोष्ठी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के मध्य विद्यालय बौर में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी में छात्रों को नियमित विद्यालय भेजने को लेकर शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी प्रधानाध्यापक सिकंदर प्रसाद की अध्यक्षता मे आयोजित की गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भाग लिया। प्रधानाध्यापक सिकंदर प्रसाद ने सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होने सभी अभिभावकों एवं अन्य ग्रामीणों को छात्रों को नामांकन कराने को प्रेरित किया। कहा कि कोई भी छात्र नामांकन से वंचित न रहे, जिसके प्रति सजग रहकर नामांकन को लेकर अभिभावकों को प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि बेहतर शिक्षा के लिए विद्यालय के शिक्षक सभी सजग है। स्वच्छता के प्रति सजग रहने को आहवान किया। कहा कि स्वच्छता से ही समाज सुंदर दिखेगा। इस मौके पर प्रधानाध्यापक ने सभी वार्षिक परीक्षा में बेहतर अंक लाने वाले छात्रों को सम्मानित किया। इस मौके पर शिक्षक गिरिराज प्रसाद, रामाधार सिंह, विनीता कुमारी, मनीषा पाण्डेय, राजीव कुमार रंजन, उदय शंकर, रामानंदन सिंह, अशोक सिंह, मिथलेश यादव, शंकर सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# शोभा यात्रा में शामिल हुए पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** रामनवमी के पावन अवसर पर शहर में निकली भव्य शोभा यात्रा में भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने भी सहभागिता की। पारंपरिक वेशभूषा में, हाथ में भगवा ध्वज लिए श्री सिंह ने श्रद्धालुओं के साथ कदम से कदम मिलाकर भगवान राम की जयघोष की। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, मर्यादा और राष्ट्र की चेतना का उत्सव भी है। सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि भगवान श्रीराम भारतीय संस्कृति के आदर्श पुरुष हैं। उनका जीवन सत्य, धर्म, कर्तव्य और मर्यादा का अनुपम उदाहरण है। आज के समय में राम का आदर्श जीवन हम सभी के लिए पथप्रदर्शक है। रामनवमी का पर्व हमें यह स्मरण कराता है कि धर्म और सत्य की विजय अवश्य होती है। राम भक्तों की सेवा के उद्देश्य से सिंह कोठी, जो उनका आवासीय कार्यालय है, के पास विशेष सेवा का आयोजन किया गया। यहां श्रद्धालुओं को ठंडा पानी और शरबत वितरित किया गया। स्थानीय कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों ने इस सेवा को सफल बनाने में बढ़-चढ़कर योगदान दिया। इस मौके पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह, देव के पूर्व प्रमुख मनीष पाठक, युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# 'बेचैन आत्माओं' का यहां होता है इलाज

## औरंगाबाद में लगने वाले 'भूत मेला' की अनोखी कहानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** विज्ञान के इस युग में जब लोग चांद पर जा रहे हैं, यहां पढ़े-लिखे लोग भी भूत खेला रहे हैं, इसे अंधविश्वास नहीं तो और क्या कहा जाए। औरंगाबाद जिले के कुटुम्बा प्रखंड की तथाकथित प्रेतनगरी महुआ धाम आस्था और अंधविश्वास की अनोखी दास्तां है। इस मेले में औरंगाबाद के अलावा रोहतास, भभुआ, कैमूर समेत अन्य जिलों से श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसके अलावा झारखंड के पलामू तथा अन्य जिले के लोग प्रेत बाधा से मुक्ति के लिए आते हैं। भक्त स्नान कर पान पत्ता, रोड़ी, कसैली जैसी पूजन सामग्री लेकर मंदिर के सामने बैठते हैं। मंदिर के अंदर पूजा होती है। पूजा के दौरान भक्त मां के साथ अंर्तध्यान हो जाते हैं। फिर झूमना और गीत गाना शुरू करते हैं। इनमें महिलाओं की संख्या अधिक होती है। यह सिलसिला पूरे दिन चलता है। स्थानीय लोग बताते हैं कि मां के आदेश पर ही भक्त यह सब करते हैं। इससे उन्हें समस्याओं से मुक्ति मिलती है। दूर-दराज से आए भक्त मां के प्रति गहरी आस्था जताते हैं। उनका कहना है कि यहां आने से उन्हें फायदा हुआ है। जिनकी समस्याएं दूर हो जाती हैं, वे हर साल नवरात्र में दर्शन के लिए आते हैं। इसी कारण हर साल भीड़ बढ़ती जा रही है। हालांकि स्थानीय लोग यहां कम आते हैं। वे इन गतिविधियों को अंधविश्वास मानते हैं।

महुआ धाम का मंदिर पुराना नहीं है। पहले इस जगह को हीरा सराय कहा जाता था। करीब 20 साल पहले मलमास में यहां दो महुआ पेड़ों में देवी के वास की बात सामने आई थी। लोग पेड़ों की पूजा करने लगे। धीरे-धीरे यह स्थान महुआ धाम के नाम से प्रसिद्ध हो गया। बाद में यहां कई मंदिर बन गए। अब नवरात्र में यहां बड़ा मेला लगता है।

बहरहाल भूत प्रेत बाधा ग्रस्त मरीज और उनके परिजन ऐसे भूतहा मेलों में शामिल होकर विज्ञान के चमत्कार को फीका जरूर साबित कर रहे है। ऐसे में जरूरत है भूतना मेला लगने वाले स्थलों पर शिविर लगाकर लोगों को झांड फूंक से इलाज की हकीकत बताने की। तभी 21 वीं सदी के वैज्ञानिक युग की सार्थकता साबित हो सकेगी। मेले में हर साल लगातार भीड़ बढ़ रही है। स्थानीय प्रशासन सब कुछ जानकर भी अंजान बना रहता है। सबसे बड़ा सवाल ये है कि जिला प्रशासन और कई गैर सरकारी संगठन अंधविश्वास के प्रति जागरूक करने के लिए कई तरह के कदम उठाने की बात करते हैं। औरंगाबाद का भूत मेला उन दावों को सिरे से खारिज करता है।

अंधविश्वासियों पर विज्ञान भी बेअसर है। हालांकि प्रेत बाधा से ग्रसित लोग और उनके परिजन इस बात से इत्तेफाक नहीं रखते। यहां ऐसे लोग भी मिल जाते है, जो यह कहते है कि भूतना मेले में आने से उनके परिजन की कैंसर जैसी बीमारी भी ठीक हो गयी है। हालांकि चिकित्सा विज्ञानी इन चीजो को सिरे से नकारते हैं और कहते हैं कि चिकित्सा विज्ञान में हर प्रकार की बीमारी का इलाज संभव है। ये लोग भूत प्रेत बाधा से ग्रस्त नहीं बल्कि मानसिक बीमारी से ग्रसित हैं और इलाज से इनकी बीमारी ठीक हो सकती है।

# धूमधाम से निकली शोभायात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मदनपुर (औरंगाबाद)।** रामनवमी शोभायात्रा में भगवान श्रीराम माता सीता, वीर हनुमान की झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहा वहीं धार्मिक मंत्रोच्चारण और भक्तिमयी जय श्रीराम, जय हनुमान आदि नारों की जयकारा से गुंजायमान रहा। घोड़ों का रथ, ढोल नगाड़े एवं धार्मिक गीत संगीत से पूरा वातावरण धार्मिक बना रहा। युवा वर्ग जोश उमंग तथा उत्साह से लबरेज थे। शोभायात्रा श्री रामनवमी महासमिति के तत्वावधान में निकाली गई। शांति सौहार्द अनुशासित बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था थी। एसडीपीओ अमित कुमार, बीडीओ अवतुल्य कुमार आर्य, सीओ मो. अकबर हुसैन, थानाध्यक्ष राजेश कुमार, पीएसआई सुरेन्द्र कुमार, रोहित कुमार, ऐश्वर्या प्रिया, संटू उर्फ मंटु कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं पुलिस जवान तैनात थे। रामनवमी शोभायात्रा का आयोजन श्री रामनवमी महा समिति मदनपुर द्वारा किया गया। रामनवमी महा समिति के मुख्य संरक्षक व आजीवन हित चिंतक जितेन्द्र सिंह, अध्यक्ष ज्ञानदत्त पाण्डेय, उपाध्यक्ष विकाश कुमार, कार्याध्यक्ष सुनिल सिंह, पूर्व मुखिया सुरेन्द्र प्रसाद, संतोष सोनी, राणा आशुतोष सिंह, बसंत जयसवाल, राहुल कुमार सिन्हा, दिलीप कुमार गुप्ता, महामंत्री विजय कुमार सोनी, नवीन कुमार पाण्डेय, देवनारायण प्रजापति सहित हजारों युवा लोग शामिल थे। शोभायात्रा मुख्य बाजार दूर्गा चौक से एनएच होते हुए दर्जी बिगहा मोड़ से शिवनाथ बिगहा, खिरियावां मोड़, पशु मेला रोड़, कचहरी रोड़ सहित अन्य मार्गो से होते हुए पुनः दुर्गा मंदिर परिसर में समापन किया गया।

# चार शातिर चोर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के पीरबहोर इलाके से पुलिस ने चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके ठिकाने से चोरी की 5 बाइक बरामद हुई है। रेकी कर वारदात को अंजाम देते थे। सभी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। इसकी पुष्टि टाउन डीएसपी दीक्षा ने की है। डीएसपी दीक्षा ने बताया कि चोरी के 3 मामलों में जांच के लिए थानेदार अब्दुल हलीम के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। यादव लेन, महावीर लेन, बहादुरपुर, नवादा में पुलिस ने छापेमारी की।

# बिल्डर की गाड़ी से मिला 24.29 लाख कैश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पटना के कदमकुंआ थाना क्षेत्र से एक झारखंड नंबर की स्कॉर्पियो के साथ अनूप कुमार नाम का रियल स्टेट कारोबारी पकड़ा गया है। गाड़ी पर तीन लोग सवार थे। गाड़ी से एक बोतल शराब और 25 लाख के आसपास कैश बरामद हुए हैं। घटना की पुष्टि कदमकुंआ थानेदार ने की है। थानेदार अजय कुमार ने बताया कि अनूप कुमार राजा बाजार का रहने वाला है। चेकिंग चल रही थी। झारखंड नंबर की गाड़ी दिखी तो उसे रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन वो भागने लगा। उसका पीछा कर के बुद्ध मूर्ति के पास से पकड़ा गया। गाड़ी को चेक किया गया तो उसमें से एक शराब की बोतल और 24 लाख 29 हजार बरामद किए हैं। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है। रुपए बिल्डर के पास कहां से आए और कहां लेकर जा रहा था, इसकी भी पूछताछ हो रही है। सूत्रों की माने तो इनकम टैक्स को भी इसकी सूचना पुलिस की ओर से दी गई है। ब्योरा लिया जा रहा है।

# उमंगेश्वरी पर्वत पर सुलभ शौचालय का निर्माण शुरू होने से लोगों में हर्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर के ऐतिहासिक धार्मिक अध्यात्मिक केंद्र मां उमंगेश्वरी शक्ति पीठ पर्वत शीर्ष पर सुलभ शौचालय निर्माण कार्य शुरू होने से लोगों में हर्ष है। बीडीओ अवतुल्य कुमार आर्य ने बताया कि जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देश के आलोक में पर्यटकों, भक्तों एवं दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए यहां सरकारी स्तर पर एक सार्वजनिक सुलभ शौचालय निर्माण कार्य शुरू किया गया है और जल्द ही निर्माण कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए इंजिनियर द्वारा ले-आउट कर दिया गया है। इसमें जन सहभागिता जरूरी है। उमंगेश्वरी पर्वत श्रृंखला पर 52 मंदिरों की अदभूत श्रृंखला है। जहां सालों भर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों और राज्य के अन्य क्षेत्रों से पर्यटक दर्शनार्थ यहां आते हैं। सुविधा केंद्र नहीं रहने से लोगों खास कर महिलाओं को परेशानी झेलना पड़ती है। शौचालय नहीं रहने से पर्यावरण भी प्रदुषित होता था। बीडीओ ने बताया कि पर्यावरण संरक्षित करने और साफ-सफाई बनाए रखने के मंसूबे से मां उमंगेश्वरी पहाड़ पर सुलभ शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है। मौके पर उमा शंकर सिंह, राकेश सिंह, शिक्षक अमलेश कुमार केशरी, अभिमन्यु प्रसाद सिंह, नारायणा प्रसाद उर्फ त्रियुगी, आशुतोष राणा, दिलेश्वर मांझी, सुबोध सिंह, रंजीत पासवान सहित अन्य लोगों ने डीएम के सराहनीय कार्य कराने के प्रति आभार व्यक्त किए।

■ **डीएम श्रीकांत शास्त्री द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में शुरू हुआ काम**

# किशोर के उम्र निर्धारण में लापरवाही कारा अधीक्षक को नोटिस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद किशोर न्याय परिषद के प्रधान दंडाधिकारी सह एसीजेएम सुशील प्रसाद सिंह ने मंडल कारा अधीक्षक को शो-कॉज नोटिस जारी किया है। सूचना के मुताबिक एक किशोर की उम्र निर्धारण के लिए 16 जनवरी को मेडिकल बोर्ड को आदेश दिया गया था, लेकिन अब तक रिपोर्ट नहीं दी गई। इससे यह तय नहीं हो पा रहा है कि मामला किस न्यायालय में चलेगा। कोर्ट ने टिप्पणी की है कि किशोर को विधि विवादित किशोर घोषित नहीं किए जाने से उसके अधिकारों का घोर हनन हो रहा है। वह लंबे समय से मंडल कारा में निरुद्ध है, जो किशोर न्याय (बालकों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम का उल्लंघन है। उन्होंने इसे गंभीर लापरवाही और कर्तव्यहीनता करार देते हुए अत्यंत खेदजनक बताया। किशोर लंबे समय से मंडल कारा में बंद है, जिससे उसके अधिकारों का हनन हो रहा है। कोर्ट ने अधीक्षक को 15 अप्रैल तक स्पष्टीकरण के साथ किशोर को पेश करने का आदेश दिया है, वरना मामला राज्य सरकार को भेजा जाएगा।


# गंगा किनारे मिला युवक का शव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना सिटी में गंगा किनारे एक युवक का शव मिला है। डेड बॉडी पर कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल भेजा। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। शिनाख्त के लिए लोगों से पूछताछ की जा रही है। पहचान के लिए डेड बॉडी को 72 घंटे तक रखा जाएगा। घटना खाजेकला गंगा घाट की है। थाना प्रभारी प्रभात रंजन सक्सेना ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।

# 9 अप्रैल को चंद्रगढ़ पंचायत में ग्राम संपर्क यात्रा करेंगे पूर्व सांसद वीरेन्द्र सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चंद्रगढ़ पंचायत में 9 अप्रैल बुधवार को औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार सिंह ग्राम संपर्क यात्रा करेंगे। नबीनगर के प्रखंड अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व सांसद सुबह 10:30 बजे चंद्रगढ़, 11:30 बजे मिश्र बीघा, मायापुर, 12 बजे सिंहपुर, महदुआ, 12:30 बजे बेलासपुर, 1 बजे दर्मी झखरी, 1:30 बजे गांधीनगर कझपा, 2 बजे कर्मा, 2:30 बजे खरौन्धा, 3 बजे रघुनाथपुर, 3:30 बजे शिवसागर, 4 बजे महसु, 4:30 बजे मठपर एवं 5 बजे रतनुआ गांव में ग्राम संपर्क यात्रा करेंगे। उपरोक्त सभी कार्यक्रम में जदयू के सभी वरीय कार्यकर्ता और नेता शामिल होंगे।

# आग लगने से कार जलकर खाक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** एक मारुति कार में अचानक आग लग गई। घटना ओबरा थानाक्षेत्र के बभंडीहा गांव की है। कार के मालिक मो. कासिम अंसारी ने अपनी गाड़ी खड़ी की थी, जिसमें अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने उपयुक्त संसाधनों से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद स्थानीय पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने तुरंत दमकल विभाग को मौके पर भेजा। हालांकि तब तक कार पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी। कार में आग लगने के बाद मालिक मो. कासिम अंसारी अपना मोबाइल निकालने पहुंचे। इस दौरान उनका एक हाथ बुरी तरह झुलस गया। उन्हें ओबरा सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। कासिम ने बताया कि वह रोजाना की तरह रविवार की शाम कार मस्जिद के बाहर खड़ी करके घर गया था। रात में आग लगने की सूचना मिली। जब वह मौके पर पहुंचे, तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया था। आग की तेज लपटों के कारण कोई भी कार के पास नहीं जा पा रहा था। कासिम के लिए यह कार रोजी-रोटी का एकमात्र जरिया थी। वह इसे किराए पर चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। कार में आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। कुछ लोग असामाजिक तत्वों द्वारा आग लगाए जाने की आशंका जता रहे हैं।

# जम्होर में उमड़ा रामभक्तों का सैलाब

■ **शोभा यात्रा में झांकी देखने को ले उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के जम्होर में रामनवमी पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। दुर्गा सप्तशती के मंत्रों और जय माता दी उद्घोष के बीच भव्य झांकी की शोभा यात्रा दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर से निकली जो मुख्य बाजार स्थित हनुमान मंदिर से विभिन्न मोहल्ला होते हुए अनुग्रह नारायण रोड पहुंचा। इस दौरान बच्चों एवं युवकों का उत्साह चरम पर था। जय श्रीराम के नारे से जम्होर गूंज उठा। भक्तगण गेरुवा रंग के वस्त्र पहने हाथों में भगवा ध्वज लिए जय श्री राम के नारे लगा रहे थे। शोभा यात्रा में झांकी देखने को ले भीड़ उमड़ पड़ी। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह, पूर्व मुखिया सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, पूर्व उपमुखिया अजीत कुमार, सरपंच पप्पू ज्वाला सिंह, पैक्स अध्यक्ष विनोद मेहता, पंचायत समिति अनिल अग्रवाल समेत अन्य लोगो ने कहा कि रामनवमी हिंदू धर्म में भगवान राम के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्यौहार है, जो चैत माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है। भगवान विष्णु ने मर्यादा पुरूषोतम श्री राम भगवान के रूप में अवतार लिया था और उन्हीं के यादों में हम सभी यह त्यौहार मनाते है, जो सत्य धर्म और न्याय के प्रतीक है। इस मौके पर अशोक प्रसाद, पूर्व सरपंच सतीश कुमार सिंह, पिंटू सिंह, रिंकू गुप्ता समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# हत्या आरोपित के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** हत्याकांड में फरार नामजद अभियुक्त के घर पर बारून पुलिस द्वारा इश्तेहार चिपकाया गया है। यह कार्रवाई रोहतास जिले के शिवसागर थाना क्षेत्र के कुम्भाऊ गांव निवासी अरविंद तिवारी एवं सौरव तिवारी के घर पर की गई। इसके अलावा दरिगांव थाना क्षेत्र के बभनगंवा गांव निवासी डब्लू उर्फ जितेंद्र तिवारी के घर की गई। जानकारी के अनुसार तीनों अभियुक्तों पर हत्या का मामला दर्ज है। ये बीते काफी दिनों से फरार है और पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। तीनों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही थी, लेकिन जब वे हाथ नहीं आए तो न्यायालय के निर्देश पर उनके घरों पर इश्तेहार चिपकाने की कार्रवाई की गयी। थानाध्यक्ष राम इकबाल यादव ने बताया कि ढोल नगाड़ा बजाकर इश्तेहार का तमिल किया गया। यदि तीनों अभियुक्त जल्द ही पुलिस या न्यायालय के समक्ष पेश नहीं होते हैं, तो उनके खिलाफ कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जायेगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269